सुप्रभात
रांची, रविवार
17.11.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net

मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 125




12 एनएचआरसी ने 10 बच्चों की मौत पर मांगी रिपोर्ट



### मांडू में जन आशीर्वाद सभा और गोमिया में पदयात्रा आयोजित

# हेमंत राज में भ्रष्टाचारी मालामाल और जनता बदहाल : सुदेश महतो

- मांडू को नाम वाला नहीं काम वाला जनप्रतिनिधि चाहिए
- अफसर राज को समाप्त कर जनता का राज करेंगे स्थापित



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची/मांडू। सरकार को राज्य के विकास से कोई लेना देना नहीं है। इन्होंने पांच साल में राज्य के भविष्य को बर्बाद कर दिया है। बालू, पत्थर, कोयला, जमीन लूट इनकी प्राथमिकता रही है। हेमंत राज में भ्रष्टाचारी मालामाल और जनता बदहाल है। सरकार ने युवाओं के सपनों को बेचने का काम किया है। इनकी कुव्यवस्था ने हमारे कई नौजवानों की जान ले ली सरकार ने अपनी गलती सुधारने के बजाय उस पर सिर्फ राजनीति की है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने मांडू विधानसभा अंतर्गत बलसगरा और चुरचू में आयोजित जन आशीर्वाद सभा में कही। इसके बाद वे गोमिया विधानसभा अंतर्गत चतरोचट्टी में आयोजित पदयात्रा में शामिल हुए।

सरकार ने जनता के साथ विश्वासघात किया है। सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे दिए कोई काम नहीं होता है। लोगों को अपनी छोटी से छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए दलालों का सहारा लेना पड़ रहा है। अफसर राज को समाप्त कर जनता का राज स्थापित करने की हमारी तैयारी है।

मांडू को नाम वाला नहीं काम वाला जनप्रतिनिधि चाहिए। निर्मल महतो ने बिना किसी पद पर रहते हुए जनता की निरंतर सेवा की है उनके हर सुख दुःख में उनके साथ खड़े रहे हैं। जनता से सेवा कराने नहीं हम जनता की सेवा करने आये हैं। मांडू विधानसभा की जनता इस बार एनडीए को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने को तैयार है।

मौके पर एनडीए उम्मीदवार निर्मल महतो (तिवारी महतो) ने कहा कि जनता ने एक परिवार पर लगातार विश्वास किया लेकिन उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया। जनता आज भी सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही है। जनता की सभी समस्याओं का निराकरण हमारी प्राथमिकता है। जनता का आशीर्वाद मिलते ही विकास के कई कार्य किए जाएंगे। हमारा संकल्प मांडू में मेडिकल तथा पॉलीटेक्निक कॉलेज की स्थापना के साथ ही क्षेत्र को शिक्षा का हब बनाना है। साथ ही लोगों की वर्षों की मांग और सहूलियत को ध्यान में रखते हुए डाड़ी प्रखंड को रामगढ़ जिला में शामिल किया जाएगा।

गोमिया विधानसभा अंतर्गत चतरोचट्टी में आयोजित पदयात्रा में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य रूप से शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि गोमिया ने लंबोदर महतो को सेवा का अवसर दिया। उन्होंने अपने काम के बल पर क्षेत्र की तस्वीर को बदल दिया है। जितना विकास 50 वर्षों में नहीं हुआ उतना काम इन्होंने अपने 5 वर्षों के कार्यकाल में करके दिखाया है। जनता फिर से इनके काम के आधार पर अपना आशीर्वाद देगी। जनता को एनडीए से उम्मीद है। उनकी उम्मीदों पर हम खरा उतरेंगे। 23 नवंबर का सूर्योदय राज्य में एनडीए की सरकार लाने वाला है। राज्य को फिर से विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए सकारात्मक बदलाव लाये जाएंगे।

मौके पर एनडीए उम्मीदवार लंबोदर महतो ने कहा कि पदयात्रा में हजारों की संख्या में शामिल हुए लोगों के प्यार ने बतला दिया है कि गोमिया की जनता का भरोसा एनडीए के साथ है। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र के हर गांव-हर कस्बे में जनता का स्नेह प्राप्त हो रहा है।

## साइलेंट पिरियड में किसी भी प्रत्याशी के अपिलिंग मैसेज के प्रसारण पर रोक : के. रवि कुमार

- अपीलिंग अथवा राजनैतिक बयान का प्रसारण नहीं करना है



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने शनिवार को कहा कि साइलेंट पिरियड में किसी भी प्रत्याशी के अपिलिंग मैसेज के प्रसारण पर रोक है। उन्होंने कहा कि मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से साइलेंट पिरियड में किसी भी प्रत्याशी द्वार जनता को अपिल करने वाले मैसेज का प्रसारण नहीं किया जाना है। मीडिया के प्रतिनिधि प्रतिनिधियों के मतदान का कवरेज कर सकते हैं लेकिन उनके द्वारा किसी प्रकार के अपीलिंग अथवा राजनैतिक बयान का प्रसारण नहीं करना है। निर्वाचन सदन धुर्वा में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि मतदान दिवस को प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट द्वारा प्रत्याशियों से संबंधित किसी भी प्रकार के पर्चे को नहीं बांटा जाना है।

विधानसभा निर्वाचन 2024 के दूसरे चरण के लिए मतदाता पर्ची के वितरण का कार्य पूरा कर लिया गाया है। बचे हुए मतदाता पर्ची को आरओ ऑफिस में जमा कराया गया है। दूसरे चरण में मतदान होने वाले क्षेत्रों में एफएसटी एवं एसएसटी की तैनाती की जा रही है। जिन क्षेत्रों में प्रथम चरण का मतदान सम्पन्न हो गया है, वहां भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के तहत छुट दी जा रही लेकिन अभी भी जिले के बॉर्डर एवं चेकपोस्टों को एक्टिव रखा गया है। उन्होंने कहा कि आदर्श अचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित 83 केस दर्ज कि गई है, जिसमें गढ़वा से 33 केस दर्ज हुए हैं। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से अनुरोध किया है कि आदर्श अचार संहिता का अनुपालन करें साथ ही अपने पोलिंग एजेंट एवं कार्यकताओं को भी इसके प्रति सजग रखें। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव में प्रत्यशियों के चिन्ह से संबंधित कई शिकायत प्राप्त हुए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी मतादान केंद्रों एवं इसके 200 मीटर के परिधी के अंदर प्रत्यशियों के चुनाव चिन्ह से संबंधित किसी भी प्रकार के प्रतिक चिन्ह पूर्णतया प्रतिबंधित है।

## लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश मरांडी छह साल के लिए झामुमो से निष्कासित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश विलियम मरांडी को झामुमो ने सभी पदों से मुक्त करते हुए छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि दिनेश विलियम मरांडी से जवाब मांगा गया था, पर उन्होंने समय सीमा के अंदर कोई जवाब नहीं दिया। इससे यह प्रमाणित होता है कि उनपर लगाए गए आरोप सही हैं। बता दें कि शुक्रवार को दिनेश मरांडी ने केंद्रीय मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान की सभा में औपचारिक रूप से भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। दिनेश मरांडी की नाराजगी का मुख्य कारण झामुमो द्वारा उनका टिकट काटकर हेमलाल मुर्मू को देना था। पार्टी से नाराज दिनेश ने सार्वजनिक रूप से झामुमो और हेमंत सोरेन पर सवाल उठाए थे।

**वायरल वीडियो से विवाद**

वायरल वीडियो में दिनेश मरांडी ने दावा किया कि हेमंत सोरेन का परिवार झारखंड का मूल निवासी नहीं है। हेमंत सोरेन के दादा बंगाल के पुरुलिया से आकर निमरा में बसे थे।

## मिथुन चक्रवर्ती का नाला विस में चुनावी सभा, भीड़ का उमड़ा सैलाब



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/जामताड़ा।** नाला विधान सभा में भाजपा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो के पक्ष में चुनाव प्रचार करने बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती पहुंचे। उनका स्वागत करने के लिए क्षेत्रीय लोगों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। मिथुन चक्रवर्ती हेलीकॉप्टर से चुनावी सभा में पहुंचे और उन्होंने अपने फिल्मी अंदाज में डायलॉग बोलकर सभा को संबोधित किया, जिससे लोगों का खूब मनोरंजन हुआ। मिथुन चक्रवर्ती ने सभा में कहा कि झारखंड में बदलाव की जरूरत है और इसके लिए भाजपा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो को भारी मतों से जिताना होगा। उन्होंने इस दौरान कहा, झारखंड में परिवर्तन होगा तो यह राज्य और उन्नति की ओर बढ़ेगा।

सभा में उपस्थित भारी भीड़ को देखकर मिथुन चक्रवर्ती ने खुद को सौभाग्यशाली बताया और कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोग उनका समर्थन करने पहुंचे हैं, यह उनके लिए गर्व की बात है। दूर-दराज के गांवों और शहरों से महिलाएं, पुरुष, बच्चे और युवा बड़ी संख्या में मिथुन चक्रवर्ती को देखने और उनके भाषण को सुनने के लिए पहुंचे थे। भाजपा के प्रत्याशी माधव चंद्र महतो का मुकाबला झामुमो के वर्तमान विधायक और झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो से है।


कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, राँची
(जिला निर्वाचन शाखा)

आदेश

विधानसभा आम चुनाव, 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या 30855 दिनांक 16.10.2024 के निर्देशानुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 C के प्रावधानों के तहत् मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से DRY DAY (शुष्क दिवस) लागू किया जाने का प्रावधान है। दूसरे चरण के तहत् दिनांक 20.11.2024 को 61–सिल्ली एवं 62–खिजरी (अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पूर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक मतदान होना है।

उक्त के परिपेक्ष्य में 61–सिल्ली एवं 62–खिजरी (अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दिनांक 18.11.2024 के अपराह्न 05:00 बजे से मतदान समाप्ति तक के लिए DRY DAY (शुष्क दिवस) घोषित किया जाता है। इसके तहत स्प्रिटयुक्त, नशीला शराब या समान प्रकृति के अन्य पदार्थ किसी होटल, भोजनालय, शराबखाने, दुकान या किसी अन्य स्थानों, निजि या सार्वजनिक तौर पर बेचे, दिए या वितरित नहीं किए जायेंगे।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, राँची

जिला निर्वाचन पदाधिकारी, –सह– उपायुक्त, राँची

PR 340150 (Ranchi)24-25*D



RAMCHANDRA CHANDRAVANSI UNIVERSITY
At+PS:-Nawadih Kala, PO.-Bishrampur, Distt.:- Palamu (Jharkhand)
Established by the act of Government of Jharkhand Act, 10,2018, Gazette Notification No-903
Approved by the UGC u/s 2 (f) of UGC Act, 1956
Web: http://www.rcu.edu.in, Email Id: registrar@rcu.edu.in

Ref : REG/R/677 A/024 16-Nov.-2024

सूचना – बी0एड0 सत्र 2024–26

जेसीईसीईबी राँची द्वारा आयोजित परीक्षा में रैंक प्राप्त बी0एड0 सत्र 2024–26 में नामांकन के इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 20.11.024 तक कॉलेज के नामांकन कक्ष में अपना आवेदन कर/जमा करा सकते हैं।

रिक्त सीटों का विवरण:–

तेतरी चन्द्रवंशी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पिण्डरा, गढ़वा झारखण्ड
कॉलेज के नामांकन कक्ष के संपर्क सूत्र– 8298271559, 7677162892

| Course | UR | ST PTG | ST | SC | BC-I | BC-II | EWS | Minority Queta | Open Seat/ Other State | Vacant Seat |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B.Ed. | 4 | 2 | 15 | 3 | 2 | 0 | 9 | 0 | 4 | 39 |
| M.Ed. | 12 | 1 | 12 | 5 | 4 | 3 | 5 | 0 | 6 | 48 |

सहदेव चन्द्रवंशी बी0एड कॉलेज, नावाडीह कलां, विश्रामपुर, पलामू
कॉलेज के नामांकन कक्ष के संपर्क सूत्र– 9452605451, 7870474005

| Course | UR | ST Primitive | ST | SC | BC-I | BC-II | EWS | Minority Queta | Open Seat/ Other State | Vacant Seat |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B.Ed. | 0 | 2 | 24 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 26 |

ह./- कुलसचिव
रामचन्द्र चन्द्रवंशी विश्वविद्यालय
विश्रामपुर, पलामू, झारखण्ड


## पांच सीटों धनवार, डुमरी, गोमिया, बेरमो व सिल्ली में त्रिकोणीय संघर्ष

- बाबूलाल की मुश्किल हुई थोड़ी कम, निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय को मनाने में सफल
- डुमरी व बेरमो में जयराम मैदान में, तो बाकी जगहों पर उनकी पार्टी के उम्मीदवार

प्रभात सिंह

**रांची।** दूसरे चरण के चुनाव में 38 सीटों पर 20 नवंबर को मतदान है। इस चरण की पांच ऐसी सीटे हैं, जिस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। क्योंकि इन सीटों पर जयराम महतो की पार्टी भी चुनाव लड़ रही है। जिसके कारण पांचों सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष के आसार बनते दिख रहे हैं। इस चुनाव में झारखंड के उभरते हुए नेता जयराम महतो की अग्निपरीक्षा है, तो राजनीति में उन्हें खुद को स्थापित करने की चुनौती भी दोनों। उनकी राजनीति में इंट्री धमाकेदार कह सकते हैं, क्योंकि लोकसभा चुनाव में जयराम महतो ने गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से लगभग साढ़े तीन लाख के करीब वोट लाकर सबका ध्यान खींचा था। इनके पार्टी के उम्मीदवार देवेन्द्रनाथ महतो ने भी रांची लोकसभा सीट से लगभग डेढ़ लाख वोट हासिल किया था।

**धनवार सीट :** इस विधानसभा से बीजेपी के बाबूलाल मरांडी उम्मीदवार हैं। बीजेपी से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उम्मीदवार हैं। इस सीट पर झामुमो से निजामुद्दीन अंसारी लड़ रहे हैं। वहीं सीपीआइ-एमएल ने राज कुमार यादव को मैदान में उतारा है। खास बात यह है कि इस सीट से भाजपा के करीबी निरंजन राय भी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ताल ठोंक रहे थे। जिससे बाबूलाल मरांडी की मुश्किल और भी बढ़ गयी थी। लेकिन शनिवार को प्रदेश सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने राह आसान बना दिया। निरंजन राय को बीजेपी ने अपने पक्ष में मना लिया। अब बाबूलाल के लिए मुश्किल थोड़ी कम गयी है।

**डुमरी सीट :** इस सीट में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार बनते दिख रहे हैं। इस सीट से कैबिनेट मंत्री बेबी देवी झामुमो से उम्मीदवार हैं। आजसू ने एक बार फिर यशोदा देवी पर भरोसा जताया है। वहीं जेएलकेएम के सुप्रीमो जयराम महतो खुद डुमरी से चुनावी अखाड़े में ताल ठोंक रहे हैं। इस सीट पर दिलचस्प मुकाबले की संभावना है।



**गोमिया सीट :** इस सीट पर भी त्रिकोणीय संघर्ष है। गोमिया में जेएलकेएम के अमरेश महतो भी चुनावी गणित को बिगाड़ सकते हैं। वैसे तो इस सीट पर जेएमएम के योगेंद्र प्रसाद और आजसू के लंबोदर महतो आमने-सामने हैं। लेकिन अमरेश महतो की भी पकड़ इस क्षेत्र में बेहतर मानी जा रही है।

**बेरमो सीट :** यहां मुकाबला दिलचस्प होगा। इस सीट से कांग्रेस ने एक बार फिर से जयमंगल सिंह पर भरोसा जताया है। वहीं बीजेपी ने पांच बार के सांसद रवींद्र पांडेय को चुनावी अखाड़े में उतारा है। वहीं जेएलकेएम सुप्रीमो जयराम महतो भी इस सीट से चुनावी अखाड़े में हैं। सता के गलियारों में इस बात की चर्चा हो रही है यहां काफी टफ फाइट होने की संभावना है। त्रिकोणीय संघर्ष के आसार बन रहे हैं।

**सिल्ली सीट :** इस बार त्रिकोणीय संघर्ष के आसार हैं। इस सीट से आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं झामुमो ने पार्टी छोड़ चुके अमित महतो पर एक बार फिर से दांव खेला है। वहीं जेएलकेएम ने देवेंद्रनाथ महतो पर भरोसा जताया है।

## झारखंड में फिर बनेगी गठबंधन सरकार : खड़गे

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहले चरण का चुनाव झारखंड में हो चुका है। जो स्थिति है, फिर से हमारे गठबंधन की सरकार तय है। हेमंत सोरेन सरकार की मंईयां सम्मान योजना और हर माह 1000 रुपए देने की पहल का खासकर महिलाओं ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद दिसंबर से 2500 रुपए हम देंगे। मध्यप्रदेश,महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को पैसे दिए जाते हैं पर समझ नहीं आता कि यहां की सरकार की ऐसी पहल को रोकने वे कोर्ट क्यों चले गए? भाजपा के हथकंडों के बावजूद झारखंड में दोबारा इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

**सरकार बनते ही कांग्रेस गारंटी स्कीम पर करेगी काम :** मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राज्य सरकार ने आरक्षित वर्ग (एससी, एसटी, ओबीसी) के लिए आरक्षण सीमा बढ़ाने की पहल की पर राजभवन के जरिए इसे रोक दिया गया। जानबूझकर पीएम आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया। जीएसटी का कितना पैसा झारखंड को मिला, यह केंद्र बताए. 1 लाख 36 हजार करोड रुपए अबतक क्यों नहीं मिला। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यहां भी कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना की तरह कांग्रेस गारंटी स्कीम पर काम करेगी। महाराष्ट्र में भी ऐसा किया जा रहा। यहां 7 गारंटी खास है। घुसपैठ के सवाल पर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश के पीएम, होम मिनिस्टर की जिम्मेदारी सीमा के रक्षा की है।

## धन संपत्ति के मामले में भी पीछे नहीं राजनीतिक दलों के उम्मीदवार

- सपा उम्मीदवार अकील अख्तर के पास है 402 करोड़ रुपये

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में कई ऐसे उम्मीदवार हैं, जो धन-संपत्ति के मामले में किसी से पीछे नहीं हैं। एडीआर की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। सबसे अधिक संपत्ति पाकुड़ से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अकील अख्तर के पास है। अकील अख्तर के पास 402 करोड़ 99 लाख, 51 हजार 816 रुपए की संपत्ति है। दूसरे नंबर पर धनवार सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे निरंजन राय हैं। इनके पास 13 करोड़ 36 लाख 62 हजार 527 रुपए की संपत्ति हैं। तीसरे नंबर पर धनवार से ही चुनाव लड़ रहे आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार मो. दानिश के पास 32 करोड़ 10 लाख 22 हजार 694 रुपए की संपत्ति है।

**निरंजन राय की देनदारी 77 करोड़ से अधिक**

सबसे अधिक देनदारी धनवार सीट से चुनाव लड़ रहे निरंजन राय की है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, निरंजन राय की देनदारी 77 करोड़, 89 लाख, 61 हजार 311 रुपए की है। दूसरे नबंर पर राजमहल सीट से झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ रहे मो. ताजुद्दीन हैं। मो. ताजुद्दीन की देनदारी आठ करोड़ 95 लाख, 19 हजार 267 रुपए की है। वहीं देनदारी के मामले पर तीसरे नंबर पर बाघमारा से बीजेपी उम्मीदवार शत्रुधन महतो हैं। शत्रुधन महतो की देनदारी आठ करोड़, 17 लाख, 30 हजार 572 रुपए की है।

**सबसे अधिक सालाना इनकम 15 करोड़**

सबसे अधिक सालाना इनकम निर्दलीय उम्मीदवार निरंजन राय की है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, निरंजन राय की सालाना इनकम 15 करोड़, पांच लाख 23 हजार रुपए है। दूसरे नंबर पर बसंत सोरेन हैं। बसंत की सालाना इनकम एक करोड़ 90 लाख 36 हजार 110 रुपए है। तीसरे नंबर पर सिल्ली से आजसू उम्मीदवार सुदेश महतो हैं। सुदेश महतो की सालाना इनकम एक करोड़ 16 लाख 89 हजार 720 रुपए है।

## जेएमएम ने डुमरी को विकास के लिए तरसा दिया : नेहा महतो

- डुमरी में यशोदा देवी के पक्ष में नेहा महतो ने किया जनसंपर्क, एनडीए को विजयी बनाने की अपील की

**डुमरी का विश्वास एनडीए के साथ है : यशोदा देवी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/डुमरी।** डुमरी की जनता ने लगातार जेएमएम को अपने और क्षेत्र के विकास के लिए अपना बहुमूल्य मत दिया लेकिन इन्होंने इस क्षेत्र को विकास के लिए तरसा दिया है। जनता अब इनके झूठे वादों के जाल में फंसने वाली नहीं है। जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है। एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी और उनके परिवार के संघर्ष और लोगों की सेवा करने की प्रतिबद्धता को करीब से देखा है। उक्त बातें नेहा महतो ने डुमरी में एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी के पक्ष में ऊपरघाट क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में आयोजित जनसंपर्क पदयात्रा कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने लोगों से एनडीए के पक्ष में अपना बहुमूल्य मत देने और यशोदा देवी को विजयी बनाने की अपील की।

जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव के संकल्प के साथ सत्ता में आई सरकार ने लोगों के लिए कोई काम नहीं किया। भ्रष्टाचार, पेपर लीक, खनिज संपदाओं की लूट इस सरकार की प्राथमिकता रही है। एनडीए सरकार ने महिलाओं को जमीन का मालिक बनाने और आर्थिक मजबूती देने के लिए एक रुपए में जमीन रजिस्ट्री का अधिकार दिया था जिसे इस सरकार ने बंद कर दिया है। एनडीए सरकार आते ही इस योजना को लागू किया जाएगा।

महिलाओं को सम्मान देने का काम एनडीए ने पहले भी किया है और आगे भी करेगा। हमारा संकल्प है कि शहरी क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए सभी सुविधाओं से युक्त वर्किंग महिला होस्टल का निर्माण कराना है। इसके निर्माण से काम करने वाली महिलाओं को काफी सहूलियत होगी। महिला सुरक्षा के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में एक महिला थाना की भी स्थापना की जाएगी।

मौके पर एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी ने कहा कि डुमरी की जनता का विश्वास एनडीए के साथ है। जनता जानती है कि क्षेत्र का विकास एनडीए सरकार में ही संभव है। डुमरी विधानसभावासी मेरे परिवार के सदस्य हैं इनकी सेवा के लिए दिन-रात क्षेत्र में रही हूं। अपनों के आशीर्वाद से डुमरी को विकसित बनाने की तैयारी है। सिल्ली मॉडल के आधार पर डुमरी में भी विकास कार्य किए जाएंगे।

अपने पंचायत में स्कूल न होने के कारण डुमरी विधानसभा के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर जाना पड़ता है। हमारी तैयारी विधानसभा क्षेत्र के हर पंचायत में 10+2 स्कूल की स्थापना करने की है ताकि बच्चों को पढ़ाई के लिए दूरदराज के इलाकों में न जाना पड़े और दूरी की वजह से कई बच्चों की पढ़ाई भी छूट जाती थी। साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए एक साल के अंदर एक अभ्रक खनन केंद्र की स्थापना की जाएगी।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
सुप्रभात
रांची, रविवार
17.11.2024
नगर संस्करण। पेज : 12
# खबर मन्त्र
khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12। अंक : 125






देश में दिखने लगा है परिवर्तन : मोदी

## न्यूज डायरी

### प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की यात्रा पर रवाना

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नाइजीरिया, ब्राजील और गयाना की पांच दिन की यात्रा पर शनिवार को रवाना हो गये। श्री मोदी वहां 19वीं जी-20 शिखर बैठक में ट्रॉइका सदस्य के रूप में भाग लेंगे। इस वर्ष ब्राजील ने जी-20 की अध्यक्षता संभाली है।

### घुसपैठ मामले के आरोपियों से ईडी करेगी पूछताछ

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय की टीम घुसपैठ मामले में गिरफ्तार किए गए दो बांग्लादेशी सहित चार आरोपितों से पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार में बंद चारों आरोपितों को ईडी 18 नवंबर को पूछताछ के लिए ले जाएगी। पांच दिनों की पूछताछ के बाद उनको अदालत में 22 नवंबर को पेश किया जाएगा।

### निरंजन राय ने थामा बीजेपी का दामन

**रांची।** गिरिडीह के राज धनवार सीट से निर्दल चुनाव लड़ रहे निरंजन राय ने भाजपा का दामन थाम लिया है। शनिवार को धनवार में भाजपा उम्मीदवार बाबूलाल मरांडी के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा में गृह मंत्री अमित शाह ने निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय के भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया। इस दौरान राय ने कहा कि वे भाजपा के थे और आगे भी रहेंगे।

### रजरप्पा में बस पलटी एक की मौत, 24 घायल

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के बरलंगा थाना क्षेत्र में रजरप्पा से जमशेदपुर जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस पलट गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि करीब 24 लोग घायल हो गए है। बरलंगा थाना प्रभारी अनंत सिंह ने बताया कि बस रजरप्पा से जमशेदपुर जा रही थी। इसी दौरान यह हादसा हुआ।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 71000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 92000 रु./प्रति किलो |




चुनावी सभा में अमित शाह ने हेमंत सरकार को निशाने पर लिया

# झारखंड में घुसपैठ के लिए झामुमो-कांग्रेस जिम्मेवार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/दुमका/गिरिडीह।** झारखंड में 20 नवंबर को होने वाले दूसरे और आखिरी चरण के चुनाव का प्रचार अंतिम दौर में है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुमका, मधुपुर और गिरिडीह के धनवार में जनसभा की। इस दौरान श्री शाह ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब झारखंड के लोग अलग राज्य बनाने को लेकर संघर्ष कर रहे थे, तब कांग्रेस ने उनपर गोलियां और लाठियां चलवाई थी। कांग्रेस की सरकार ने झारखंड को अपना अधिकार नहीं दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर दिल्ली के सराय काले खां चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगवायी तो हेमंत सोरेन इसका विरोध कर रहे हैं।

गृह मंत्री ने कहा कि यूपीए सरकार के समय आदिवासियों के लिए सिर्फ 28 हजार करोड़ रुपए बजट था लेकिन मोदी जी ने इसे बढ़ाकर 1 लाख 33 हजार करोड़ रुपये किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को यूपीए सरकार का हिसाब जनता को देना चाहिए। श्री शाह ने दावा किया कि भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठ पर प्रहार करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में अगर घुसपैठिये बढ़ रहे हैं और आदिवासियों की जनसंख्या कम हो रही है, तो इसके लिए झामुमो-कांग्रेस की हेमंत सरकार जिम्मेदार हैं।



**मुखिया का वेतन पांच हजार करेंगे** : दुमका की रैली में शाह ने कहा कि राज्य में विस्थापित परिवारों का पुनर्वास सुनिश्चित करेंगे। भाजपा की सरकार आयी तो मुखिया का वेतन पांच हजार करेंगे। हेमंत सरकार के सभी भ्रष्टाचारियों को जेल भेजेंगे।

**यूसीसी से आदिवासियों को दिक्कत नहीं होगी** : शाह ने कहा कि यूसीसी से आदिवासियों को कोई तकलीफ नहीं होगी। हमारी सरकार बहुत तरीके से इसे लागू करेगी। मोदी की गारंटी है कि इतने कल कारखाने लगेंगे कि युवाओं को राज्य में नौकरी मिलेगी। पलायन नहीं करना होगा।

**झारखंड धाम को किया जायेगा विकसित** : गिरिडीह के धनवार में गृहमंत्री ने कहा के पीएम नरेंद्र मोदी ने 285 करोड़ रुपये झारखंड धाम के लिए आवंटित किया है। इसे अब डेवलप किया जाएगा। सावन में शिव कथा होगी। पंडाओं के लिए नए घर बनेगा। यहां पार्क भी बनाया जाएगा।

### इरफान और आलमगीर का वजूद नहीं : हिमंता



**रांची।** झारखंड में बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने शनिवार को जामताड़ा में कहा कि इरफान अंसारी और आलमगीर आलम का कोई वजूद नहीं है। इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के खिलाफ अर्मयादित टिप्पणी की, पर हेमंत सोरेन चुप रहे। उन्होंने कहा कि समाज के बंटने के कारण इरफान अंसारी और आलमगीर आलम जैसे लोग राज करते हैं। हिमंता ने कहा कि जामताड़ा का चुनाव सीता सोरेन और इरफान अंसारी के बीच में नहीं बल्कि ये चुनाव हमारी अस्मिता की लड़ाई है।

### देश को जातियों में बांटना चाहते हैं कांग्रेस और जेएमएम : शिवराज



**रांची।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को अलग अलग चुनावी सभाओं में सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद को निशाने पर लिया। श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस-जेएमएम देश को जातियों में बांटना और तोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड को भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, असुरक्षा और घुसपैठ का अड्डा बना दिया है। इस चुनाव में झामुमो-कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार की विदाई तय है। उन्होंने गांडेय सीट से एनडीए कैंडिडेट मुनिया देवी की जीत के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने जमुआ की सभा में जेएमएम-कांग्रेस पर आरोप लगाते कहा कि इन्होंने झारखंड को लूटकर बर्बाद कर दिया। हेमंत सोरेन चुनाव आते ही 1-1 हजार बहनों के खाते में डालकर वोट बटारने का प्रयास कर रहे हैं। हैं।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का केंद्र सरकार पर हमला, कहा

# घुसपैठ पर रोक लगाने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की

- खड़गे ने कहा-गिद्ध की तरह आसमान में चुनावी हेलिकॉप्टर उड़ रहे हैं, किसी को घबराने की जरूरत नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शनिवार को खिजरी विस से कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कच्छप के लिए वोट मांगने ओरमांझी पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के नेता घुसपैठियों के नाम पर झारखंड की जनता को डरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में अगर घुसपैठ हो रहा है जो उसे रोकने की जिम्मेवारी केंद्र सरकार की है लेकिन भाजपा नेता उल्टे राज्य की जनहित हेमंत सरकार को इसके लिए जिम्मेवार ठहरा रहे हैं जो गलत है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर खनिज रॉयल्टी का पैसा झारखंड को नहीं देने का भी आरोप लगाया।

श्री खड़गे ने झारखंड के अस्तित्व के लिए एक बार फिर से इंडी गठबंधन की सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने राज्य के आदिवासी मुख्यमंत्री को साजिश के तहत जेल भेजने का आरोप लगाया और कहा कि राज्य की आदिवासी जनता इस चुनाव में इसका करारा जवाब देगी।



### पीएम मोदी को देश की चिंता नहीं कुर्सी बचाना उनका लक्ष्य: खड़गे

- झारखंड में एक बार फिर गठबंधन की सरकार बनने का किया दावा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम नरेंद्र मोदी को निशाने पर लेते हुए कहा कि वे देश की प्रगति और चिंता करने की बजाय अपनी कुर्सी की चिंता में रहते हैं। पीएम मोदी अपनी कुर्सी बचाने के लिए चौबीसों घंटे चुनाव प्रचार में ही लगे दिखते हैं। इतना ही नहीं अपनी नाकामयाबी, झूठे वादों पर बात करने की बजाय राहुल गांधी, कांग्रेस परिवार पर अनर्गल आरोप लगाते हैं। राहुल गांधी को शहजादा, राजकुमार और न जाने क्या-क्या कहते हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे शनिवार को होटल रेडिशन ब्लू मीडिया से बात कर रहे थे। श्री खड़गे ने कहा कि गुजरात के सीएम रहने से लेकर पिछले 11 सालों से देश के पीएम रहने तक, उनपर महती जिम्मेदारी है। इसके बावजूद वे ना तो गुजरात की गरीबी दूर कर सके, ना देश के लिए कुछ खास कर सके। कालाधन लाने और हर खाते में 15 लाख रुपये देने, करोड़ों नौकरी देने, नोटबंदी, किसानों की आय दोगुनी करने सहित कई ऐसे वादे रहे जो पूरे ही नहीं हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में फिर से महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

महगामा विधानसभा क्षेत्र में सीएम हेमंत ने की चुनावी सभा

# पहले चरण में बना ली बढ़त, दूसरे से भी एनडीए को करें बाहर : हेमंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/गोड्डा।** मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष ने शनिवार को गोड्डा के महगामा में कहा कि महागठबंधन ने पहले चरण में बढ़त बना ली है। उन्होंने जनता से कहा कि दूसरे चरण में भी महागठबंधन को आशीर्वाद देकर चुनाव से एनडीए को बाहर करें। सीएम ने दावा किया कि हम मजबूत स्थिति में हैं और ज्यादा सीटें जीत रहे हैं। महगामा से कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह के समर्थन में वोट मांगते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है। इसके लिए लोग साल भर से झारखंड में डेरा जमाए हुए हैं।

**भाजपा प्रयास करती रही कि सरकार गिर जाये** : सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा हर दिन इस फिराक में लगी रही कि सरकार गिर जाये लेकिन उनके मंसूबे कामयाब नहीं हुए। उन्होंने झूठे मुकदमा में फंसाकर जेल भेज दिया लेकिन झारखंड की जनता के आशीर्वाद से उनका बाल भी बांका नहीं हुआ। श्री सोरेन ने कहा कि हम गरीबों का दर्द बेहतर जानते हैं।

### आरोप : जहरीले सांप से भी खतरनाक हैं भाजपा नेता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहेबगंज।** राजमहल के उधवा हाई स्कूल मैदान में आयोजित एक चुनावी सभा में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीजेपी पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी के पास इतना जहर है कि जहरीले सांप का भी जहर कम पड़ जाए। सीएम सोरेन ने लोगों से इंडिया गठबंधन को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा बीते 20 सालों से झारखंड में सिर्फ सांसद और विधायकों को खरीदने का काम कर रही है। झारखंड के विकास की चिंता इन लोगों को नहीं है।

**हिमंता बिस्वा सरमा का असम में नहीं है नियंत्रण** : सीएम हेमंत सोरेन ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वो रोटी और माटी की बात कर रहे हैं। खुद असम में ही उनका नियंत्रण नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह लोग झारखंड को लूटने का षड्यंत्र रच रहे हैं।

बेबी देवी, जयमंगल सिंह और लंबोदर को भी मिल रही कड़ी चुनौती

# दूसरे चरण की पांच सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष के आसार, जयराम की भी होगी अग्निपरीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर को होना है। इस चरण में पांच सीटें ऐसी हैं, जिस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। इन सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष के आसार दिख रहे हैं। इस चुनाव में युवा नेता जयराम महतो की भी अग्निपरीक्षा होगी। उधर, धनवार से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उम्मीदवार हैं तो इस सीट पर झामुमो से निजामुद्दीन अंसारी कड़ी चुनौती दे रहे हैं। बाबूलाल के लिए यह चक्रव्यूह भेदना काफी मुश्किल हो सकता है।








**जयराम के लिए खुद को स्थापित करने की चुनौती** : इस चुनाव में एक तरफ जेएलकेएम के जयराम महतो को खुद को स्थापित करने की चुनौती है। हालांकि लोकसभा चुनाव में जयराम महतो ने गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से लगभग साढ़े तीन लाख के करीब वोट लाकर सभी को चौंका दिया था। वहीं रांची सीट से जेएलकेएम उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो ने भी लगभग डेढ़ लाख वोट हासिल कर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था।

**डुमरी में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार** : वहीं डुमरी में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार बनते दिख रहे हैं। इस सीट से कैबिनेट मंत्री बेबी देवी झामुमो से उम्मीदवार हैं। वहीं इस सीट से आजसू ने एक बार फिर यशोदा देवी पर भरोसा जताया है। वहीं जयराम महतो भी डुमरी से ताल ठोंक रहे हैं। इस सीट पर दिलचस्प मुकाबला होगा।

**गोमिया में जेएलकेएम बिगाड़ सकता है गणित** : गोमिया में जेएलकेएम के अमरेश महतो भी चुनावी गणित को बिगाड़ सकते हैं। इस सीट पर जेएमएम के योगेंद्र प्रसाद और आजसू के लंबोदर महतो आमने-सामने हैं।

**बेरमो पर भी टिकी हैं नजरें** : बेरमो में कांग्रेस ने जयमंगल सिंह पर भरोसा जताया है। वहीं बीजेपी ने रवींद्र पांडेय को उतारा है। वहीं जयराम भी यहां से लड़ रहे हैं।

**सिल्ली में भी त्रिकोणीय संघर्ष** : सिल्ली में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो लड़ रहे हैं। वहीं झामुमो ने अमित महतो पर दांव खेला है। वहीं जेएलकेएम ने देवेंद्रनाथ महतो पर भरोसा जताया है।

# दीक्षांत समारोह शिक्षा का समापन नहीं, बल्कि जीवन की एक नयी शुरुआत है : राज्यपाल

- बीआइटी मेसरा के 34वें दीक्षांत समारोह में बांटी गई 2715 डिग्रियां और 17 को गोल्ड मेडल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बीआईटी मेसरा के 34वें दीक्षांत समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि दीक्षांत समारोह शिक्षा का समापन नहीं, बल्कि आपके जीवन की एक नई शुरुआत है। आपकी डिग्री केवल एक सर्टिफिकेट नहीं, बल्कि यह संकल्प का प्रतीक है। वह शनिवार को बीआईटी मेसरा के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि समाज के लिए उपयोगी बनाना है। छात्रों को आत्मनिर्भरता, समर्पण और अनुशासन की यात्रा को सफलतापूर्वक पूरी करने पर बधाई दी और कहा कि बीआईटी मेसरा ने छात्रों को ऐसे भविष्य के लिए तैयार किया है, जो उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने और समाज के उत्थान में योगदान देने की शक्ति देगा। उन्होंने झारखंड राज्य के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और बीआईटी मेसरा को एक प्रतिष्ठित संस्थान के रूप में सराहा। दीक्षांत समारोह में 2715 छात्रों को डिग्री प्रदान की गयी। इसमें 1824 यूजी, 636 पीजी, 152 डिप्लोमा और 103 पीएचडी डिग्रियां शामिल थीं।

इस अवसर पर 17 गोल्ड मेडल विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

**शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य समाज के लिए उपयोगी बनाना है :** राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान अर्जित करना नहीं है, बल्कि इसे समाज के लिए उपयोगी बनाना है। बीआइटी मेसरा ने आपकी सोच को विकसित किया है, जो आने वाली चुनौतियों का सामना करने तथा उनके समाधान ढूंढने की शक्ति प्रदान करती है। बदलते समय के साथ, जब हर दिन नई तकनीकें, नई चुनौतियां और नये अवसर हमारे सामने आते हैं, तो आपके पास वह विजन और क्षमता होनी चाहिए जो आपको अपनी राह पर अडिग रखे और समाज के उत्थान में योगदान दे सके।

**झारखंड को ऊर्जावान युवाओं की है जरूरत :** हमारे राज्य को ऐसे ऊर्जावान युवाओं की अत्यन्त जरूरत है जो इसे उन्नति की ओर ले जायें। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नये आयामों के उदय के साथ, झारखंड अपने कुशल युवा इंजीनियरों और प्रबंधकों के लिए नयी संभावनाएं प्रस्तुत कर रहा है। आपका योगदान इस दिशा में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यहां से पढ़े छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी योग्यता से संस्थान और देश का नाम रोशन किया है। यह संस्थान निरंतर नये नवाचारों और अनुसंधान में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जो इसे विश्वस्तर पर विशिष्ट बनाता है। संस्थानअपनी तकनीकी सुविधाओं, शिक्षण योग्यताओं एवं उपलब्धियों के कारण नेशनल असेस्मेंट एंड एक्रडिटेशन काउंसिल और नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रडिटेशन से मान्यता प्राप्त एक अग्रणी संस्थान के रूप में देश-विदेश में जाना जाता है। यह संस्थान उद्योग की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए शिक्षण में उत्कृष्टता के साथ-साथ अपने पाठ्यक्रमों में विकास और नए बदलावों की दिशा में प्रतिबद्धता दिखा रहा है, विशेषकर नई शिक्षा नीति के माध्यम से। आज के उद्योग जगत को ऐसे पेशेवरों की आवश्यकता है, जो तकनीकी कौशल के साथ-साथ निर्णय लेने की क्षमता भी रखते हों।

**अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में वैज्ञानिक डॉ बीएन सुरेश ने दी अद्भुत जानकारी :** अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिष्ठित पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ बीएन सुरेश ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने अनुभव साझा किये। मौके पर डॉ सुरेश ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत की सॉफ्ट लैंडिंग की ऐतिहासिक उपलब्धि के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस अभूतपूर्व उपलब्धि ने अंतरिक्ष अन्वेषण में वैश्विक नेता के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया है।

डॉ सुरेश ने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों के अनूठे दृष्टिकोण पर जोर दिया, जो राष्ट्रीय विकास के लिए उन्नत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों का प्रभावी ढंग से लाभ उठाते हैं। मालूम हो कि भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुवनंतपुरम के संस्थापक निदेशक और कुलाधिपति और भारतीय राष्ट्रीय इंजीनियरिंग अकादमी के पूर्व अध्यक्ष के रूप में और अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में डॉ सुरेश ने अपनी अलग पहचान बनाई है।

इस मौके पर सीके बिरला ने संबोधित करते हुए उद्योगों और समाज को नया रूप देने में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया। उन्होंने एआई, डाटा साइंस और ऑटोमेशन जैसे अत्याधुनिक विषयों में महारथ हासिल करने की अपील करते हुए छात्रों को इसके प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान के कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना ने संस्थान की रिपोर्ट साझा की, जिसमें संस्थान द्वारा की गई नई पहलों, सुधारों और सामाजिक सेवाओं के बारे में बताया।

**5जी यूज केस लैब्स के रूप में चुना गया है बीआईटी को :** बीआईटी को भारत में चयनित शीर्ष 100 संस्थाओं में 5जी यूज केस लैब्स के रूप में चुना गया है। यहां इस कार्य के लिए सभी उपकरण उपलब्ध हैं। ये प्रयोगशालाएं लाइसेंस प्राप्त दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के लिए हस्तक्षेप मुक्त संचालन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रयोगों और परीक्षण उपयोग मामलों को करने के लिए 5जी आवृत्ति बैंड का उपयोग करेंगी। भारत को आत्मनिर्भर बनाने में संस्था का योगदान अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आप तकनीकी और प्रबंधन के कौशल से सुसज्जित हैं, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम है। आपकी उद्यमिता, नवाचार और अनुसंधान में सहभागिता देश को प्रगति के नए आयामों की ओर ले जाएगी। असफलताओं से नहीं घबराएं, क्योंकि हर चुनौती आपको नया अनुभव देती है। अपने ज्ञान और कौशल से राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें। बीआइटी जैसी संस्थाएं तथा उनके मेधावी विद्यार्थियों के बल पर ही हम 2047 में विकसित भारत का सपना साकार कर सकेंगे।

समारोह में भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ। बयराना नागप्पा सुरेश, बीआईटी मेसरा के कुलपति इंद्रनील मन्ना और अन्य प्रमुख हस्तियां मौजूद थीं।

## श्री राम भरत मिलाप समिति ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह का किया स्वागत

**प्रकृति की रक्षा के लिए पौधरोपण जरूरी : शिवराज**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री राम भरत मिलाप समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा के नेतृत्व शनिवार को केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आवास पर उनका स्वागत राम लला की मूर्ति स्मृति के रूप में देकर एवं वृक्षारोपण कर किया गया। इस अवसर पर शिवराज सिंह ने कहा कि आप सभी समाज में एक अच्छा उद्देश्य के लिए कार्य कर रहे हैं। ईश्वर आपको और आगे बढ़ाने की शक्ति प्रदान करें और पौधरोपण प्रकृति की रक्षा के लिए बहुत बड़ा कार्य है, इसे जारी रखें। कृषि मंत्री से मिलने वालों में श्रीराम भरत मिलाप समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा, उपाध्यक्ष प्रिंस पांडे, जितेंद्र बरनवाल, महामंत्री नम्रता सोनी कोषाध्यक्ष कुमुद पांडे, रेणुका पासवान, विवेक कुमार, विनय ठाकुर, महेश विजय, संजय सुल्तानिया, प्रिया सिन्हा सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित

## खबर एक नजर में

### संत जेवियर्स कॉलेज की टीम शक्ति ने जीता दूसरा पुरस्कार



रांची। सीसीएल द्वारा दरभंगा हाउस में शनिवार को आयोजित नाटक मंचन प्रतियोगिता में संत जेवियर्स कॉलेज की टीम शक्ति नाट्य मंडली ने नाटक मंचन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नाटक में विभिन्न टीमों ने नाट्य मंचन किया तो वहीं कॉलेज के नुक्कड़ नाटक मण्डली ने भी शानदार प्रदर्शन किया। टीम शक्ति के कलाकारों ने कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर एन लकड़ा, एसजे से मिलकर उपलब्धि की जानकारी साझा की। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और शुभकामनाएं दी। मौके पर मण्डली के सभी कलाकार उपस्थित रहे।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने स्थापना दिवस के मौके पर फलदार वृक्षों का किया पौधरोपण



**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के 106वां स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के परिसर में 106 फलदार वृक्षों का पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, के राज्य परियोजना परिषद के निदेशक शशिरंजन (आई.ए.एस), प्रशासी पदाधिकारी एस.डी. तिग्गा, राज्य प्रभारी गुणवत्त शिक्षा डॉ अभिनव कुमार, अतिरिक्त वित्त नियंत्रक ओम प्रकाश मिश्रा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ममता एलिजाबेथ लकड़ा, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अनुपा तिर्की तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्र प्रमुख आलोक कुमार, उप क्षेत्र प्रमुख विभाष मिश्रा एवं नीरज कंधवे, व्यवसाय संबंध पदाधिकारी रॉबिन लकड़ा, शाखा प्रबंधक श्यामली कॉलोनी श्वेता नारायण उपस्थित रहीं और वृक्षारोपण के माध्यम से उन्नत समाज हेतु पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### उषा मार्टिन की पहल : सतत कृषि पद्धति से सशक्तीकरण यात्रा

**रांची।** परिश्रम और पसीना से बंजरभूमि लहलहा सकता है। इस कहावत को राजधानी के पास स्थित महिलौंग के बड़कुंभा के किसान अजय हुदवार ने चरितार्थ किया है। पहली बार में ही एक एकड़ भूमि पर शब्जी और फूल की खेती से पिछले दो माह में एक लाख से ज्यादा रुपये की कमाई की है। उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत वैज्ञानिक विधि एवं आधुनिक उपायों के माध्मय से खेती को रोजगार के वैकल्पिक माध्यम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। आज बड़कुंभा के किसानों में एक जागरूकता आयी है, जिसका परिणाम है कि अजय के साथ इमिल बालमुचू और अन्य किसान भी इस सफलता को अपने टोला में जमीन पर उतार रहे है। खेती केवल पेट भरने का जरिया नहीं है, बल्कि यह खुशहाल जीवन जीने का माध्यम हो सकता है। अजय हुदवार कहते है कि खुशहाली देखकर अच्छा लगता है, बिक्री होती है तो संतोष होता है। 50 डिसमिल में शब्जी की खेती की। उषा मार्टिन के सहयोग से उन्नत बीज, पॉलिनेट, टपक सिंचाई आदि की व्यवस्था करायी गयी। इससे पिछले दो माह में 70 हजार से अधिक की शब्जी की बिक्री इुई। इसी प्रकार एक एकड़ जमीन पर गेंदा फूल की खेती से एक लाख से अधिक की कमाई हुई। इस पूरे कार्य में उनकी पत्नी पुष्पा हुदवार का सहयोग रहता है। इस कमाई से उन्होंने एक बोलेरो गाड़ी खरीदी है। वह अपने लड़की को संत अन्न कॉलेज में हॉस्टल में रखकर पढ़ाते है। बेटा आरा गेट स्थित कैंब्रिज स्कूल में पढ़ता है।

### बोकारो जिले के पेंक नारायणपुर में नक्सलियों ने की पोस्टरबाजी

**बोकारो।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण को लेकर 20 नवंबर को मतदान होना है। इससे पहले भाकपा माओवादी नक्सलियों ने बोकारो जिले के पेंक नारायणपुर और नावाडीह थाना क्षेत्र के पलामू व सारुबेड़ा में पोस्टरबाजी की है। नक्सलियों के द्वारा जारी किये गये पोस्टर में लिखा गया है, वोट क्यों, जल, जंगल, जमीन से बेदखल किये जाने के खिलाफ वोट का बहिष्कार करें. हिंदुत्व के खतरे से झारखंड और जनता को बचायें। राजनीतिक संयुक्त मोर्चा आरपीसी बनाने के लक्ष्य को लेकर मजदूर किसान और कई प्रगतिशील, उत्पीड़ित, मेहनतकश जनता एक हो और चुनाव का बहिष्कार करें। इसे लेकर शनिवार को जब पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने पुष्टि की है,और उन्होंने बताया कि जिले के पेंक नारायणपुर और नावाडीह थाना क्षेत्र के पलामू व सारुबेड़ा के रास्ते में पोस्टर मिली है, जिसको जब्त कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। लेकिन यह किसी शरारती तत्वों का काम लगता है। पुलिस इस मामले को लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

## सदर अस्पताल में पहली बार लिमबर्ग फ्लैप से पाइलोनिडल साइनस की सर्जरी




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सदर अस्पताल के सर्जरी विभाग की टीम ने पहली बार पाइलोनिडल साइनस की सर्जरी लिमबर्ग फ्लैप के द्वारा की। नामकुम के रहने वाले 18 वर्षीय मरीज को पिछले एक साल से पीठ के निचले भाग से पानी आ रहा था। इसके इलाज की कई विधियां है। इसमें से सबसे अच्छी विधि लिमबर्ग फ्लैप के द्वारा सर्जरी है। बाकी सर्जरी की विधि में दोबारा होने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। यह बीमारी आमतौर पर उन लोगों को ज्यादा होती है, जिनके पीठ और निचले भाग में बाल अधिक होते हैं।

आमतौर पर यह उन छात्रों को ज्यादा होती है, जो ज्यादा देर तक बैठकर पढ़ाई करते हैं या ड्राइवर,टेलर आदि जो काफी देर तक एक ही पोजीशन में बैठे रहते हैं। इस विधि में खराब भाग को काटकर बिल्कुल हटा दिया जाता है और उसके जगह पर बगल के चमड़े को बैठा दिया जाता है। ऑपरेशन करने वाली टीम में सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार एनेस्थेटिस्ट डॉक्टर विकास बल्लभ,सिस्टर नेली,ओटी असिस्टेंट सुशील, मोहित सिन्हा एवं आदि मौजूद थे।

## नशा से होती है शारीरिक और मानसिक हानि : राजेश सिन्हा

- राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डालसा के द्वारा कांके प्रखंड अंतर्गत मालश्रृंग गांव में शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। मौके पर एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने नशा उन्मूलन पर फोकस करते हुए कहा कि नशा एक गंभीर समाजिक बुराई है। नशा से इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि डायन-बिसाही एक अंधविश्वास है। किसी भी महिला या पुरूष को डायन कह कर इंगित न करें, यह कानूनन अपराध है। इसमें सजा भी हो सकती है। बाल विवाह पर कहा कि अभिभावक अपनी बेटियों को पढ़ाने पर जोर दें और 18 वर्ष के बाद ही विवाह करें। बाल विवाह तथा बाल श्रम भी अपराध है। इसके अलावा उन्होंने जे.जे. एक्ट, पोक्सो एक्ट एवं डावरी एक्ट पर जानकारी दी। पीएलवी जमिल अख्तर व सीमा देवी ने सड़क दुर्घटना संबंधित कानून, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन प्राप्त करने के बारे में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में इससे संबंधित आवेदन देने के लिए लोगों को कहा। इस मौके पर पीएलवी जमिल अख्तर, सीमा देवी, फुलेश्वरी देवी, देवंती कुमारी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे।

**राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसम्बर को :** 14 दिसम्बर को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में पीएलवी राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटारा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

## डीपीएस रांची बास्केटबॉल टूर्नामेंट (गर्ल्स) में नेशनल के लिए क्वालीफाई किया

खबर मन्त्र खेल संवाददाता



**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची की टीम ने डीपीएस गया में आयोजित जोनल इंटर-डीपीएस बास्केटबॉल टूर्नामेंट (गर्ल्स) में चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। डीपीएस रांची की टीम ने फाइनल मैच में डीपीएस रूबी पार्क, कोलकाता पर 26-05 से शानदार जीत दर्ज की। डीपीएस रांची की टीम का फाइनल तक का सफर लीग और नॉकआउट दोनों चरणों में प्रभावशाली जीत से चिह्नित था। सेमीफाइनल में, डीपीएस रांची की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डीपीएस मेगासिटी, कोलकाता को 26-04 के स्कोर से हराया। डीपीएस पटना ईस्ट के खिलाफ उनका क्वार्टर फाइनल मैच भी उतना ही प्रभावशाली रहा, क्योंकि उन्होंने 26-04 से जीत हासिल की। इससे पहले लीग चरणों में, डीपीएस रांची ने असाधारण कौशल और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत डीपीएस फरक्का के खिलाफ 50-04 की शानदार जीत के साथ की, इसके बाद डीपीएस बोकारो पर 18-08 की मजबूत जीत हासिल की। लीग चरण में डीपीएस रूबी पार्क के साथ एक रोमांचक मुकाबले में, डीपीएस रांची की टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को 26-23 के स्कोर के साथ हराया, इससे पहले डीपीएस मेगासिटी, कोलकाता पर 32-06 की व्यापक जीत हासिल की। साथ ही, डीपीएस रांची की अलीशा सिंह को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। अलीशा सिंह को पिछले वर्ष भी इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस जीत के साथ, डीपीएस रांची ने न केवल जोनल खिताब जीता है, बल्कि प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अंतर-डीपीएस बास्केटबॉल टूर्नामेंट में भी स्थान हासिल किया है, जो 4 से 6 दिसंबर 2024 तक डीपीएस वसंत कुंज, नई दिल्ली में आयोजित होने वाला है।

इस अवसर पर डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ. आर.के. झा ने टीम के शानदार प्रदर्शन पर बहुत गर्व व्यक्त किया और बधाई दी। उन्होंने कहा, विद्यार्थियों की लगन, कड़ी मेहनत और खेल भावना अनुकरणीय रही है।

## शिलधर प्रधान नहीं रहे, 102 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शिलधर प्रधान का निधन 102 वर्ष की उम्र में शुक्रवार को हो गया। शाम 7:45 मिनिट में अंतिम सांस ली। उनकी शिक्षा दीक्षा 1947 में चडरी स्कूल से हुई। स्वतंत्रता के बाद उत्पाद विभाग में उत्पाद इंस्पेक्टर के रूप में सेवानिवृत्त हुए एवं सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहें। वे गोंड़ महासभा सिमडेगा के संस्थापक सदस्य व पूर्व अध्यक्ष रहे। उन्होंने अपना पूरा जीवन शाकाहारी और योग के सहारे 102 वर्ष तक अपने परिवार समाज की सेवा की, देश के प्रथम चनाव 1952 से लेकर 2024 के झारखंड विधानसभा तक के रांची क्षेत्र में अपने लोकतांत्रिक मूल्यों का निर्वहन करते हुए वोट किया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। ये जानकारी उनकी पुत्र बधू विमला प्रधान ने दी।

## श्री गुरु नानक देव जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व पर सजा दीवान

- दीवान की शुरुआत शाम साढ़े सात बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल ने नानक नाम चढ़दी कला तेरे भांड़े सरबत दा भला.... शबद गायन कर की

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा सिख पंथ के पहले पातशाह धन धन श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें पावन प्रकाश पर्व दिवस पर रैन सवाई दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत शाम साढ़े सात बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल ने नानक नाम चढ़दी कला तेरे भांड़े सरबत दा भला.... शबद गायन कर की। हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह ने कोई बोले राम नाम कोई सेवै गोसाईंयां कोई अल्लाहे..... शबद गायन कर साध संगत को निहाल किया।

गुरुद्वारा के मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी जेवेन्दर सिंह ने कथावाचन कर गुरु नानक देव जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर भाई महिपाल जी ने आरती और बधाई का शबद पढ़ा, तत्पश्चात स्त्री सत्संग सभा एवं कीर्तन मंडली द्वारा बधाई का शबद गायन किया गया।

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि प्रकाश पर्व को मुख रखते हुए साध संगत द्वारा पढ़े गए सहज पाठों की आज सुबह दस बजे सामूहिक समाप्ति हुई। पाठ पढ़ने वाले सभी 127 श्रद्धालुओं को सत्संग सभा द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप शील्ड प्रदान किए गए एवं उनकी ग्रुप फोटोग्राफी भी हुई। साथ ही जानकारी दी कि 24 नवंबर को दोपहर 3.30 बजे से गुरुद्वारा साहिब में शुक्राने का दीवान सजाया जाएगा। दीवान में सभा के प्रधान द्वारका दास मुंजाल, सुंदर दास मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, चरणजीत मुंजाल, लेखराज अरोड़ा,जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल, हरगोविंद सिंह, सुरेश मिढ़ा, बिनोद सुखीजा, बसंत काठपाल, अनूप गिरधर, वेद प्रकाश मिढ़ा, अमरजीत गिरधर, नरेश पपनेजा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, लक्ष्मण सरदाना, हरीश मिढ़ा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, राजकुमार सुखीजा, इंदर मिढा, रमेश पपनेजा, प्रेम मिढ़ा, कवलजीत मिढ़ा, महेश सुखीजा, सुभाष मिढ़ा, हरजीत बेदी, गिरीश मिढ़ा, जीतू काठपाल, जसपाल मुंजाल, राजेंद्र मक्कड़, अमरजीत मुंजाल, महेन्द अरोड़ा, जीतू अरोड़ा, नीरज गखड़, अश्विनी सुखीजा, सागर थरेजा, मिक्की मिढ़ा, नीरज सरदाना, ईशान काठपाल, कमल अरोड़ा, रमेश तेहरी, हरविंदर सिंह,उमेश मुंजाल, कमल मुंजाल, गुलशन मिढ़ा, रमेश गिरधर, पंकज मिढ़ा, सुरजीत मुंजाल, विशेष काठपाल, सूरज झंडई, गौरव मिढ़ा, रौनक ग्रोवर, अमन डावरा, पियूष मिढ़ा, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, रिक्की मिढ़ा, बबली दुआ, गीता कटारिया, मंजीत कौर, खुशबू मिढ़ा, दुर्गी देवी मिढ़ा, बिमला मिढ़ा, तीर्थी काठपालिया, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, रेशमा गिरधर, ममता सरदाना, मीना गिरधर, श्वेता मुंजाल, उषा झंडई, नीतू किंगर, ममता थरेजा, कंचन सुखीजा, सुषमा गिरधर समेत अन्य श्रद्धालु भी शामिल हुए।

**चुनावी तैयारी : 20 नवंबर को होना है मतदान**

## सिल्ली और खिजरी के मतदान बूथों का डीसी ने किया निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची वरुण रंजन ने शनिवार को दो विधानसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान को लेकर विभिन्न मतदान बूथों एवं क्लस्टर का निरीक्षण किया। इस क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी ओरमांझी, प्रखंड विकास पदाधिकारी नामकुम एवं अंचल अधिकारी नामकुम एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

इस दौरान उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने दो विधानसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान को लेकर राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय होचई ओरमांझी बूथ संख्या-06 एवं 07, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सदमा ओरमांझी बूथ संख्या-09 साथ यहां बने कलस्टर का निरीक्षण किया और राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावाडीह में बने कलस्टर, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हेसो प्रखंड नामकुम बूथ संख्या-204, राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय कुदागढ़ा बूथ संख्या- 205, पंचायत भवन लाली प्रखंड नामकुम में बने क्लस्टर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**मतदान को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश :** श्री रंजन ने मतदान बूथों एवं क्लस्टर का निरीक्षण करते हुए मतदान बूथों में मौजूद सभी व्यवस्था का अवलोकन करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए शांति पूर्ण तरीके से मतदान कराने को कहा।

उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा की मतदान कर्मियों और पुलिस फोर्स को कोई परेशानी ना हो इसके लिए उनके रहने और खाने का इंतजाम सही से मतदान केंद्रों में पूर्व से ही सुनिश्चित करा लें। ताकि वह अच्छे से चुनाव सम्पन करा सकें। उन्हें कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े।

# ईडी रिमांड पर लिये गये घुसपैठियों के मोबाइल का सीडीआर खोलेगा राज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किए गए दो बांग्लादेशी नागरिकों सहित चार लोगों से अगले पांच दिनों तक ईडी पूछताछ करेगी। ईडी की विशेष अदालत ने चारों आरोपियों से पूछताछ के लिए पांच दिनों का रिमांड मंजूर कर लिया है।

आपको बता दे कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को बॉर्डर पार करके और फर्जी नागरिकता के कागजात तैयार करा कर भारत में लाने की साजिश मामले में गिरफ्तार रॉनी मंडल (बांग्लादेशी नागरिक) उम्र लगभग 47 वर्ष, संदीप चौधरी (बांग्लादेशी नागरिक) उम्र लगभग 40 वर्ष, पिंटू हल्दर उम्र लगभग 40 वर्ष और पिंकी बसु मुखर्जी उम्र 41 वर्ष को 14 नवंबर को ईडी की विशेष अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। चारों आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद ईडी ने आरोपियों से पूछताछ के लिए 7 दिनों का रिमांड मांगी थी। हालांकि अदालत ने पांच दिनों का रिमांड मुकर्रर किया है।

### 42 से अधिक बांग्लादेशी चिन्हित

बांग्लादेशी घुसपैठ केस में ईडी की जांच में कई चौकाने वाले खुलासे हुए हैं। ईडी ने अपनी जांच में 42 से अधिक बांग्लादेशियों को चिन्हित किया है, जो बंगाल में फर्जी पहचान बनाकर रह रहे और बांग्लादेशियों से लगातार संपर्क में थे। ईडी ने कोर्ट को यह जानकारी दी है की सभी आरोपी लगातार देह व्यापार और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए अवैध तरीके से बांग्लादेश की सीमा पार करा घुसपैठियों के लिए आधार कार्ड और पासपोर्ट बनवाते थे।

### किन-किन बांग्लादेशियों के संपर्क में थी पिंकी

जांच के क्रम में ईडी ने पिंकी बसु मुखर्जी के मोबाइल नंबर का सीडीआर निकाला। इसके बाद खुलासा हुआ कि पिंकी बांग्लादेश के जनातुल मोउ, बेलाल पाकेज, पोलास वाइ, मुसकुर, मो असगर अली, अल अमीन पोतखल, अरमान मिंयाजी के संपर्क में थी। बांग्लादेशी नेक्सस के जरिए वह लड़कियों को भारत में प्रवेश कराया जाता था। इसके बाद पिंकी मनीषा राय के जरिए लड़कियों को बंगाल, झारखंड के अलग अलग शहरों में देह व्यापार के लिए भेजती थी।

## रॉनी मंडल और संदीप है किंगपिन

ईडी ने कोर्ट को बताया है की गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक रॉनी मंडल और संदीप चौधरी साल 2019 से बंगाल के नॉर्थ 24 परगना में रह रहे थे। रॉनी ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अपना भारतीय पासपोर्ट भी बनवा रखा था। ईडी ने कोर्ट को बताया है कि रॉनी के मोबाइल 9007934310 की सीडीआर से खुलासा हुआ है कि 42 बांग्लादेशी नागरिकों के मोबाइल से लगातार रॉनी की बातचीत हुई है। इसमें से कई नंबर धारियों से मनीषा राय नाम की महिला ने भी बात की थी, जो लड़कियों को देह व्यापार में उतारने वाली गिरोह से जुड़ी है। गिरफ्तार पिंटू हलधर के मोबाइल की सीडीआर में भी बांग्लादेशी नागरिकों से लगातार बातचीत की पुष्टि हुई है, वहीं पिंटू व मनीषा भी लगातार बांग्लादेशी नागरिकों के संपर्क में रहे हैं।

### रॉनी के नाम पर मिले दो पासपोर्ट

12 नवंबर को ईडी के रांची यूनिट की छापेमारी के क्रम में रॉनी के पास से दो पासपोर्ट के साथ साथ अवैध हथियार और पांच लाख रुपये मिले थे। ईडी को भारत सरकार के द्वारा जारी एक शोकॉज नोटिस भी रॉनी के पास से मिला था। रॉनी बांग्लादेशी पासपोर्ट पर भारत आया था, लेकिन बाद में उसने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट बनवा लिया। फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय नागरिकता की आड़ में वह बांग्लादेशी घुसपैठ कराता था, इसके बाद घुसपैठियों को अवैध धंधे में लगाया जाता था।

## पिंकी बासु के नाम पर जारी सिम कार्ड बांग्लादेशियों के पास मिले

ईडी ने अपने रिमांड पीटिशन में बताया है कि 31 मई 2024 की रात निपा अख्तर खुशी और झुमा को काम दिलाने के नाम पर बांग्लादेश से जंगल वन के रास्ते भारत भेजा गया था। कोलकाता लाए जाने के बाद मनीषा राय नाम की महिला ने उनकी मदद की। इसके बाद कार से उसे रांची के बॉली रिसोर्ट भेजा गया। यहां चार बांग्लादेशी लड़कियों निपा अख्तर, हासी अख्तर उर्फ हासी विश्वास, झुमा और परवीन को एक ही कमरे में रखा गया था। सभी से देह व्यापार कराने के लिए यहां लगाया गया था, लेकिन जब निपा को भनक लगी तो वह भाग कर 3 जून की रात पुलिस के पास चली गई। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के बाद चार जून को रांची के बरियातू थाने में केस दर्ज किया गया था। ईडी ने इसी केस के आधार पर ईसीआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। ईडी ने बताया कि पिंकी बसु मुखर्जी ने अपने नाम पर जारी सिम बांग्लादेशी झुमा, मिम, लीजा चौधरी, नेता मांझी को दिए थे। एक सिम पिंटू हलधर के नाम पर भी जारी हुआ था।

**दावा : सिल्ली की जनता सुदेश महतो को रिकॉर्ड मार्जिन से जितायेगी**

# एनडीए दो तिहाई से ज्यादा बहुमत से झारखंड में सत्ता प्राप्त करेगा : प्रतुल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/सिल्ली।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि एनडीए झारखंड में दो तिहाई से ज्यादा बहुमत से सीटों को जीत कर सत्ता पर काबिज होगा। पूरे प्रदेश में परिवर्तन की लहर बह रही है। प्रतुल ने कहा कि पहला चरण के भी जो 43 सीटों पर चुनाव हुए थे, उनमें से दो तिहाई से ज्यादा सीटों पर एनडीए जीत हासिल करेगा। यह बातें उन्होंने सिल्ली में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि सिल्ली से आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को जनता रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल कराने जा रही हैं। भाजपा, आजसू,जदयू और लोजपा का इस बार का गठबंधन झारखंड के इतिहास का एनडीए का सबसे मजबूत गठबंधन है। जनता की आकांक्षा के अनुरूप एनडीए के घटक दलों ने सशक्त गठबंधन बनाया है। आजसू हमारा सबसे पुराना और नैसर्गिक साथी है। हम दोनों की एजेंडा में विकास मुख्य मुद्दा है।

उन्होंने कहा इस जनता प्रदेश की सबसे भ्रष्ट हेमंत सरकार की विदाई चाहती है। पिछले 5 वर्षों में झारखंड में विकास नहीं दिखा। इसलिए एनडीए के घटक दलों ने अपने मेनिफेस्टो में किसान, मजदूर, महिला, युवा, गरीबों को राहत और रोजगार को मुख्य मुद्दा बनाया है। हेमंत सोरेन सरकार झारखंड के इतिहास की सबसे लुटेरी सरकार रही है। पत्थर घोटाला, लोहा घोटाला, कोयला घोटाला, ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाला, खनन घोटाला और अब तो आयु घोटाला भी हो गया इस सरकार के कार्यकाल में। चुनाव में दिए शपथ पत्र की तुलना करने से 2019 और 2024 के बीच में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आयु 5 वर्षों में 7 वर्ष बढ़ गई। उन्होंने सिल्ली की जनता से आह्वान किया कि वे आजसू प्रमुख सुदेश महतो को रिकार्ड मतों से विजय बनाएं। इससे सिल्ली समेत पूरे प्रदेश में विकास का मार्ग खुलेगा।

## पहले चरण के चुनाव में नफरत की राजनीति मुंह की खायी : टीएमसी

**आरोप : भाजपा आदिवासियों, मूलवासियों के अधिकारों पर नहीं, विभाजन और धर्म के नाम पर चुनाव लड़ रही**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के पहले चरण में 43 सीटों पर हुए मतदान से यह साफ है कि लोगों ने नफरत और विभाजन की राजनीति के नाम पर नहीं, बल्कि जन मुद्दों पर वोट दिया है। ये बातें ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष फीलमोन टोप्पो और सचिव दयानन्द सिंह ने शनिवार को प्रेस बयान जारी कर कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासियों, मूलवासियों के अधिकारों पर नहीं, बल्कि विभाजन और धर्म के नाम पर चुनाव लड़ रही है। वे बस धार्मिक ध्रुवीकरण के लिए घुसपैठिये-घुसपैठिये रटे जा रहे हैं। आदिवासी-मूलवासियों के मूल सवालों जैसे सरना कोड, खतियान आधारित स्थानीय नीति, जल, जंगल, जमीन के अधिकार और किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चुप्पी साधे हुए हैं।

**खबर एक नजर में**

### झाप्रसे अफसरों के ऑनलाइन एपीएआर जमा करने की तिथि विस्तारित

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के ऑनलाइन परफॉरमेंस स्वमूल्यांकन प्रतिवेदन जमा करने के लिए एक बार फिर समय-सीमा विस्तारित कर दी गयी है। अब प्रतिवदेक पदाधिकारियों के स्तर से ऑनलाइन एपीएआर मूल्यांकन के लिए अंतिम तिथी 30 नवंबर तक रखी गयी है। वहीं समीक्षी पदाधिकारी इसे 15 दिसंबर व स्वीकरण पदाधिकारी स्तर से इसे 31 दिसंबर तक जमा करने की अंतिम तिथी तय की गयी है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

### चेक बाउंस के दोषी की सजा बरकरार, देना होगा चेक में भरा अमाउंट

**रांची।** सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की कोर्ट ने चेक बाउंस के तीन अलग-अलग मामलों में सजायाफ्ता डोरंडा निवासी बिल्डर क्रिस्टोफर बा की सजा को बरकरार रखा है। अदालत ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली क्रिस्टोफर की अपीलकर्ता खारिज करते हुए सजा बरकरार रखी है। क्रिस्टोफर बा को सिविल कोर्ट के न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडे की अदालत ने सितंबर महीने में 15-15 लाख रुपए के तीन चेक बाउंस के मुकदमे में दोषी करार देते हुए एक-एक वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। इसके साथ अदालत ने दोषी पर तीनों केस में 15-15 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया था। इस सजा को क्रिस्टोफर ने न्यायायुक्त की अदालत में चुनौती दी थी।

### विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के अंतर्गत पहला सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन संपन्न

**रांची।** समाहरणालय स्थित एनआइसी में शनिवार को रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन एवं सामान्य प्रेक्षक अमित राय चौधरी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के समक्ष विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत सिल्ली विधानसभा क्षेत्र का पहला सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन संपन्न किया गया। इस दौरान निवार्ची पदाधिकारी सिल्ली सह अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, ईवीएम नोडल पदाधिकारी रविशंकर मिश्रा, जिला विज्ञान पदाधिकारी राजीव कुमार एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मतदान पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों एवं माइक्रो पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**खूंटी।** तोरपा व खूँटी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार को मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक और माइक्रो ऑबजर्वर को प्रशिक्षित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्र की उपस्थिति में एनआइसी खूंटी में ऑनलाइन माध्यम से यह प्रक्रिया संपन्न हुई। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई, जिससे पारदर्शिता बनाए रखते हुए निष्पक्ष और कदाचार मुक्त निर्वाचन से जुड़ी सभी प्रक्रिया को सम्पन्न कराया जा सके।

## बोरियो सीट से झामुमो उम्मीदवार के खिलाफ भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव का नेतृत्व में शनिवार को चुनाव आयोग पहुंचा और मांग की कि बोरियो विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी धनंजय सोरेन के खिलाफ कार्रवाई हो और उनका नामांकन रद्द हो। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि बोरियो विधानसभा में 20 नवंबर को मतदान होना है और पूरे बोरियो विधानसभा क्षेत्र में एक पोस्टर और पंपलेट बांटा जा रहा है और दिवाल में साटा जा रहा है। जिसमें लोबिन हेंब्रम का चित्र लगा हुआ है और नाम लिखा हुआ है। धनंजय सोरेन का और चुनाव चिन्ह है तीर धनुष। इसका अर्थ यह हुआ कि लोबिन हेंब्रम चित्र में हाथ जोड़कर जनता से मांग कर रहे हैं कि धनंजय सोरेन को वोट दें। यह बहुत गंभीर विषय है। दूसरे का चित्र लगाकर वोट मांगना गंभीर अपराध है। यह कानूनी रूप से भी एक अपराध है और आर पी एक्ट में प्रतिबंधित है। प्रतिनिधिमंडल ने साक्ष्य के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में पुष्कर तिवारी शामिल थे।

## सिरमटोली-मेकॉन फ्लाइओवर का निर्माण शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सिरमटोली-मेकॉन फ्लाईओवर के लिए रेलवे ने 238 घंटे का ब्लॉक दिया है। ब्लॉक मिलने के साथ ही केबल स्टे ब्रिज का निर्माण भी तेजी से शुरू कर दिया गया है। शनिवार सुबह पथ निर्माण और एलएंडटी के अभियंताओं की टीम ने कार्यों का निरीक्षण किया। कार्य गति के साथ किया गया। करीब पांच माह यानी मार्च 2025 तक इस कार्य को पूरा कराने की अवधि तय की गई है। इसके बाद इस ब्रिज को आमलोगों के लिए खोल दिया जायेगा। फरवरी में भी अलग-अलग समय रेल ब्लॉक मिलेगा, जिस दौरान कार्य में तेजी लायी जायेगी।

वहीं, एलएंडटी ने पटेल चौक की ओर से भी स्टील गर्डर का निर्माण बढ़ा दिया है। वहीं, सिरमटोली, मेकॉन फ्लाईओवर का कार्य 80 फीसदी से अधिक हो गया है। निवारणपुर की ओर से केबल ब्रिज पूरी तरह से बनकर तैयार है। जैसे-जैसे रेलवे ब्लॉक मिलेगा वैसे ही कार्य गतिमान होगा।

मालूम हो कि फ्लाईओवर के दोनो ओर का कार्य पूरा है, बस रैंप अभी नहीं बना है। इस फ़्लाइओवर के बनने से सुजाता चौक की ट्रैफिक समस्या दूर होगी। इस ब्रिज के बनने से सिरमटोली से मेकन जाने में महज पांच से सात मिनट लगेंगे, अभी आधे घंटे से अधिक समय लगता है।

**एसएस+प्लस टू गोला हाई स्कूल मैदान में ममता के समर्थन में हुई चुनावी जनसभा**

## महंगाई के खिलाफ हेमंत ने दिया मंइयां सम्मान : कल्पना सोरेन

**एजेंसी**



**रामगढ़।** झारखंड राज्य को बने 24 साल हो गए हैं। भाजपा ने ना तो यहां गरीबों की सुध ली और ना ही महिलाओं को सशक्त करने का कोई रास्ता दिखाया। उल्टे महंगाई की मार से लोगों की कमर तोड़ दी। इन सबके जवाब में हेमंत सरकार ने मंईयां सम्मान योजना लागू किया है। यह बातें शनिवार को रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत एसएस प्लस टू हाई स्कूल मैदान में चुनावी जनसभा के दौरान झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कही।

उन्होंने कहा कि बीजेपी ने झारखंडियों पर संकट का अंबार लगाया, लेकिन झामुमो ने ही हर संकट से निकलने का रास्ता दिखाया है। पहले चरण के चुनाव में महिलाओं ने घर से निकलने में कोताही बरती है। लेकिन दूसरे चरण में यह कोताही दूर कर दिया जाना है।

कल्पना सोरेन ने कहा कि पिछले 19 साल में यहां भाजपा और उसके गठबंधन की सरकार रही है। लेकिन ना तो महिलाओं की समस्या दूर हुई और ना ही यहां के किसान और गरीबों की सुनी गई। आज मंईयां सम्मान योजना की चार किस्ते महिलाओं को मिल चुकी हैं। दिसंबर महीने से ढाई हजार रुपये मिलेंगे। यह योजना हेमंत ने महिलाओं को सशक्त करने के लिए चलाया है।

कल्पना सोरेन ने कहा कि इसके अलावा अबुआ आवास योजना से 35 लाख लोगों के घर बनवाए गए हैं। किसानों के दो लाख तक के ऋण को माफ कर दिया गया है। लाखों लोगों का बिजली बिल माफ हुआ है। यह सारे रास्ते इसलिए दिखाए गए कि भाजपा की महंगाई की मार को मिटाया जा सके। झारखंड में अबुआ सरकार 2019 में बनी थी। पांच सालों में 40 लाख लोगों को पेंशन योजना से जोड़ा गया, 35 लाख लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया गया, 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड दिया गया, इसके अलावा सरकारी कर्मियों को ओल्ड पेंशन योजना से जोड़ा गया है। साथ ही पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण और सरना आदिवासी कोड लागू करने के लिए भी सरकार ने अपनी मंशा साफ कर दी। लेकिन भाजपा ने उस फाइल को दबाकर यहां के लोगों के साथ नाइंसाफी की।

झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना मुर्मू सोरेन ने रामगढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार ममता देवी के समर्थन में प्रचार किया।

उन्होंने कहा कि ममता देवी ने कई वर्षों तक संघर्ष किया है। अब उन्हें न्याय देने की बारी है। जब पिछली बार वह विधायक बनी थी तो कई योजना अधूरी रह गई थी। इस बार उसे पूरी तरीके से साकार करना है।

**मंत्री बन्ना गुप्ता ने भाजपा नेता पर ओछी टिप्पणी की**

## झारखंड में चाइनीज आइटम साबित होंगे हिमंता बिस्वा सरमा : बन्ना गुप्ता

**सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी पर भी ओछी टिप्पणी की**

**एजेंसी**



**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार में नेताओं की जुबान भी काफी टेढ़ी हो गई है। शनिवार को रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड में कांग्रेस की उम्मीदवार ममता देवी के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे झारखंड के मंत्री बन्ना गुप्ता ने भाजपा के स्टार प्रचारक और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर पर ओछी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि झारखंड में हिमंता बिस्वा चाइनीज आइटम साबित होंगे। उन्हें जनता लिखो फेको पेन की तरह देख रही है। हिमंता सबसे भ्रष्ट व्यक्ति हैं और उन पर करप्शन के कई मामले हैं। असम में उग्रवादियों से साथ उनके सांठ-गांठ का भी मामला है।

बन्ना गुप्ता ने लगे हाथ सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी पर भी ओछी टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि जब भाजपा सरकार झारखंड में पिछड़ों का आरक्षण 27 प्रतिशत से काटकर 14 प्रतिशत कर रही थी, तब यह भाजपा के पार्टनर थे। उनकी सरकार पिछड़ों का शोषण कर रही थी और वे मौन होकर सबकुछ देख रहे थे। चंद्र प्रकाश चौधरी को जनता से माफी मांगनी चाहिए।

# जलवायु और स्वास्थ्य नीतियों में सामंजस्य कब?

**समय संवाद**

जलवायु परिवर्तन का स्वास्थ्य पर प्रभाव व्यापक होता है। स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन पर हालिया रिपोर्ट ह्यद लैंसेट काउंटडाउनह्ल बताती है :ह्लहर देश में अब लोगों को अपने स्वास्थ्य और अस्तित्व पर बने खतरे का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि जलवायु संकट बढ़ रहे हैंह्ल। सेहत पर प्रभाव डालने वाले कारकों में अब बढ़ती गर्मी प्रमुख वजह है, वर्ष 2023 में लोगों को औसतन 50 से अधिक दिनों तक लगातार प्रचंड गर्मी झेलनी पड़ी, जबकि मौसम में आए बदलावों से पहले ऐसा नहीं होता था। इसके परिणामवश 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में जितने लोगों की मौतें हुई, वे 1990 के दशक के औसत से 167 प्रतिशत अधिक हैं। सर्वेक्षण में पाया कि 31 देशों ने कम-से-कम 100 दिनों से अधिक अवधि के लिए स्वास्थ्य के लिए खतरनाक बनी गर्मी भुगती, जलवायु परिवर्तन के बिना ऐसा होने की उम्मीद न होती।

दिनेश सी. शर्मा

अजरबैजान के बाकू में जलवायु वार्ता का वार्षिक दौर खतरे की घंटी के साथ शुरू हुआ है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अपने वार्षिक आकलन में बताया है कि 2024 सबसे गर्म साल रहने का रिकॉर्ड बनाने जा रहा है, जिसमें जनवरी और सितंबर के बीच वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि का पारा औद्योगीकरण से पहले रहे स्तर से लगभग 1.54 डिग्री सेल्सियस अधिक के आसपास मंडराता रहा। यह एक गंभीर खतरा है क्योंकि यह इजाफा उस 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम सीमा से ऊपर है, जिसे वैज्ञानिकों ने तय किया था और विश्व समुदाय ने उत्सर्जन में कमी लाकर इसको इस हद से नीचा रखने के लिए सहमति बनाई थी।

पेरिस समझौते का लक्ष्य औद्योगीकरण से पहले रहे स्तर की तुलना में धरती की सतह के औसत वैश्विक तापमान में वृद्धि को दीर्घकाल में 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने और ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के प्रयासों को आगे बढ़ाना था। जबकि इस वर्ष ला नीना प्रभाव के कारण गर्मी में बढ़ोतरी हो सकती है। इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता है कि वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड घनत्व निरंतर बढ़ रहा है जो तापमान वृद्धि का कारण बनती है।

तापमान वृद्धि से अतिवृष्टि और बाढ़, तीव्र उष्णकटिबंधीय चक्रवात, जानलेवा गर्मी, सूखा और जंगल की आग जैसे भयावह परिणामों के अलावा अनेक गहरे प्रभाव पड़ रहे हैं। जैसा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने व्याख्या की है : ह्यजलवायु आपदा स्वास्थ्य को नुकसान, असमानता में बढ़ोतरी और सतत विकास को हानि पहुंचा रही है, यह शांति की नींव को भी हिला रही है। फंड, उपायों पर अमल और जलवायु वाताओं के परिणाम चाहे जो भी हों, दुनिया के सामने यह संकट मुंह बाए खड़ा है।



गर्मी के असर से शारीरिक गतिविधि और नींद की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ता है, जिससे शारीरिक-मानसिक सेहत प्रभावित हो रही है। जो कर्मचारी खुले में या गैर-ठंडे बाहरी वातावरण में काम करते हैं, उन्हें स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है और उनकी उत्पादकता प्रभावित होती है। यह बहुत बड़ा नुकसान है क्योंकि विश्व स्तर पर लगभग 1.6 बिलियन लोग यानि कामकाजी आयु वर्ग की 25.9 प्रतिशत हिस्सा खुले में काम करता है। इसमें कृषि मजदूर, विनिर्माण एवं बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर कार्यरत और अनौपचारिक क्षेत्र में लगे लोग शामिल हैं। स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन का अन्य बड़ा असर यह होगा कि इससे जल-जनित, मच्छर-जनित, खानपान-जनित और वायु-जनित रोगों का प्रसार बढ़ने का खतरा है। बढ़ता तापमान, अतिशयी बारिश एवं सूखा, भूमि उपयोग में बदलाव और मानवीय गतिविधियां इस जोखिम में इजाफा करते हैं। उदाहरणार्थ पिछले 20 सालों में विश्व मेंड ेंगू का प्रकोप बढ़ा है। 2023 में, एडीज एजिप्टी जैसे मच्छर का और अधिक इलाकों में फैलाव होने के कारण दुनियाभर में डेंगू के लगभग पचास लाख मामले सामने आए। तापमान वृद्धि के साथ हाल के दशकों में मलेरिया फैलने वाली अवधि भी बढ़ी है। दुनिया का 17 प्रतिशत अतिरिक्त भूभाग पी-फाल्सीपेरम जैसे मलेरिया परजीवियों के फलने-फूलने के अनुकूल हो गया है। जलाशयों के तापमान और लवणता में परिवर्तन के चलते जल जनित रोगों का संक्रमण अधिक फैल रहा है।

ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती और जलवायु परिवर्तन धीमा करने को निर्णायक कदम उठाने पर राजनेताओं और नीति निमार्ताओं में आम सहमति बनने का दुनिया अनिश्चित काल तक इंतजार नहीं कर सकती। वार्षिक जलवायु परिवर्तन वाताएं अपने-अपने राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय आर्थिक हितों की रक्षा सुनिश्चित रखने के प्रयास बनकर रह गई हैं, और ऐसे पैंतरे अपनाए जाते हैं जिससे काम जल्दी होने की बजाय लटका रहे। इसलिए रास्ता यही कि लचीला जलवायु संबंधी तंत्र बने और उस पर अमल हो। हालांकि यह करना भी एक चुनौती है, उदाहरणार्थ, एयर-कंडीशनिंग जैसा उपाय अपनाना गर्मी के बढ़ते प्रकोप का स्थायी हल नहीं। यह महंगा व ऊर्जा की भारी खपत करने वाला है ,गर्मी के उत्सर्जन में योगदान करता है। इससे शहरी क्षेत्रों में, वाणिज्यिक और आवासीय भवनों में एयर-कंडीशनर के अत्यधिक उपयोग से बना हीट आइलैंड बढ़ता है। इसलिए, हमें अक्षय ऊर्जा के साथ-साथ नवीकरणीय कम ऊर्जा खपत वाली शीतलन तकनीकों द्वारा संचालित एयर-कंडीशनिंग चाहिये।

डेंगू जैसी चुनौतियों के लिए, हमें जोखिम कम करने, एकीकृत मच्छर नियंत्रण उपायों और स्वास्थ्य प्रणालियों को अधिक प्रतिक्रियाशील बनाने पर जोर देने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र को भी अपने उत्सर्जन में कटौती करनी होगी झ्र वर्तमान में, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं का हिस्सा 5 प्रतिशत है। डब्ल्यूएचओ ने कॉप-29 सम्मेलन से पहले जारी की रिपोर्ट में बताया है कि स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए शहरों पर ध्यान देना आवश्यक है। शहरी नीतियां कुछ ऐसी बनाई जाती हैं जिनका असर वायु गुणवत्ता, परिवहन, ऊर्जा उपयोग, शहरी डिजाइन, हरित क्षेत्र, आवास और भोजन की पहुंच पर होता है और यह आगे सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसलिए, कम कार्बन और स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों वाले बदलाव लाने में देरी मानव स्वास्थ्य के लिए बड़ी हानि है।

स्वास्थ्य पर जलवायु बदलावों का असर कम करने वाले तमाम उपायों पर काम करने की गाड़ी आखिर में आकर नई व्यवस्था और बेहतर विकल्प अपनाने पर होने वाले खर्च पर आकर अटक जाती है। इस हेतु अरबों डॉलर का अतिरिक्त फंड, जिसे देने का विकसित राष्ट्रों ने वादा किया था, शायद ही कभी पूरा हुआ हो।

# मंदिर जाना, कर्मकांड धर्म का प्रांरभिक कर्म

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**धर्म प्रवाह**

**भगवान,** कृपा करके यह बताया जाए क्या हमारे हिंदू धर्म में मंदिर और मूर्ति पूजा का प्रावधान क्यों किया गया और इसका रहस्य क्या है? हिंदू धर्म में जो भी कर्मकांड का प्रावधान किया गया है वह वैज्ञानिक है और हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा बहुत ही सोच समझ कर बनाया गया है। जरा सोचिए यदि यह मंदिर और उसके अंदर देवी देवता का प्रावधान नहीं होता तो क्या हम समझ पाते कि भगवान भी कोई है उनकी पूजा भी होती है और पूजा का पूजा का तरीका इस प्रकार है। मंदिर नहीं होता तो हमारे अंदर भगवान की कल्पना भी नहीं होती यह प्रथम पाठशाला है बिना इस पाठशाला से गुजरे कोई भी अध्यात्म की अगले सीढ़ी पर नहीं चढ़ सकता। यह मंदिर ही है जो हमारे अंदर श्रद्धा और भगवान के प्रति विश्वास का बीज डालता है। कितना बड़ा विद्वान हो या डॉक्टर इंजीनियर हो या उच्च अधिकारी हो सबको प्राथमिक स्कूल से होकर ही गुजारना पड़ता है।

मगर प्राइमरी में पड़े बिना कोई भी आगे नहीं पढ़ सकता। हमारे मंदिर मस्जिद अध्यात्म का प्राइमरी पाठशाला है इसके खिलाफ बोलने वाला व्यक्ति न धार्मिक हो सकता है और ना अध्यात्मिक हो सकता है। आप कहेंगे कि बहुत से संतो ने मूर्ति पूजा का विरोध किया है इसकी आलोचना की है। लेकिन बात ऐसी नहीं है। हमारे धर्मो को संकेतों के माध्यम से समझने की की जरुरत होती है। उन संतो का इशारा उन लोगों के तरफ होता है जो सुर दुर्लभ मनुष्य शरीर पाकर अपने जीवन को अध्यात्म की अगली शिर्डी पर नहीं ले जाते अपनी पूरी आयु को प्राइमरी स्कूल में ही मिटा देते हैं। कोई भी समझदार आदमी कभी या नहीं कहेगा उसका बच्चा प्राइमरी स्कूल में नामांकन कर वही पाठ जिंदगी भर पढ़ता रहे। हमारे धर्म ग्रंथों में बार-बार यह जिक्र किया गया है कि आगे का खोजो यदि तुम्हारी खोज होगी तो वह राह दिखाने वाले महापुरुष जरूर मिल जाएंगे।

इसीलिए हिंदू धर्म में गुरु करने का प्रावधान किया गया है। गू का अर्थ होता है अंधकार और रू का अर्थ होता है प्रकाश यानी जो अंधकार से प्रकाश के तरफ ले जाए यानि जो भाव बंधन से मुक्ति के तरफ ले जाए। यह भी कहा गया है कि किसी ब्राह्मण से ही गुरु मंत्र लेना चाहिए। ब्रह्म को जानने वाले को अध्यात्म में ब्राह्मण कहा गया है। अध्यात्मिक की दूसरी श्रेणी वहीं से शुरू होती है महापुरुषों का इशारा इसी तरफ था।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर शाखा कुटी रांची)**

# सिल्ली विधान सभा: प्रचार में सुदेश महतो सबसे आगे

**एनके मुरलीधर**

**सिल्ली** विधानसभा राज्य के चर्चित विधानसभा में शुभार है। राज्य की राजनीति में यहां से जीते-हारे उम्मीदवारों की सर्वाधिक चर्चा होती रही है। सिल्ली विधानसभा से केशव महतो कमलेश विधायक रहे जो आज झारखंड कांग्रेस की कमान संभाल रहें हैं। वर्तमान में सुदेश महतो जो ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन के सुप्रीमो हैं वे विधायक है।

रांची से गंगाघाट के रास्ते हम इस विधानसभा में जनता का मिजाज जानने राहे पहुंचे। जंगल से धिरे इस क्षेत्र के गांवों में बांस के कमाचियों के सहारे समूह में लहराते केला, कैची और तीर धनुष का प्रचार दिखा। राहे पहुंचते ही चौक पर पत्रकार ओमप्रकाश सिंह से मुलाकात हो गयी। वहीं सोना चैनल के संपादक बनर्जी भी मिले। श्री सिंह ने कहा कि यहां प्रचार तो सुदेश महतो का प्रभावी ढंग से चल रहा है। सुदेश के खिलाफ कोई विरोध का लहर नहीं है। लेकिन सरकार के मईंयां योजना का असर कितना होगा यह चुनाव परिणाम ही बतायेगा। इस बीच सोना टीवी के संपादक विनोद बनर्जी कुछ लोगों से बाईट ले रहें हैं। उनका रुझान केला छाप की ओर ही बता रहें हैं। राहे में कैंची छाप के कार्यालय में में भी गहमा-गहमी है जिनका प्रचार गाड़ी भी रास्ते में घूमता मिला। राहे में तीर धनुष के पक्ष में भी प्रचार चल रहा है। राहे के वोटर मुखर नहीं है लेकिन वोटिंग जमकर करते हैं।

वहां से हम सोनाहातू पहुंचे तो वहां प्रखंड कार्यालय के पास ही मुर्गा लड़ाई चल रहा था। लोग चुनाव की प्रकिया से वेफिक्र अपने मुंगा की जीत को लेकर ज्यादा गंभीर थे। वहां लंका होटल में जलपान के क्रम में श्री नेपाल जी मिले। वे आजसू से प्रभावित दिखे। यहां तीन मुख्य दल के प्रत्याशियों केप्रचार गाड़ी और उसके समर्थकों की चहल पहल थी। अधिवक्ता भरत चन्द्र महतो ने बताया कि इस क्षेत्र में सुदेश ने जितना विकास किया है वह पूरे राज्य के लिए एक आदर्श है। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र ईचागढ़, खिजरी और पश्चिम बंगाल के झालदा से सटता है।

सोनाहातू से हम हरिण गांव होते हुए मिलन चौक की ओर बढ़ जहां हमें सिल्ली-टाटा रोड पकड़ना था। यह इलाका नहर के किनारे था और इस बार धान की फसल बहुत अच्छी हुई है। कांची, राढू और स्वर्णरेखा नदी तीनों यहां के कृषकों के लिए वरदान है। सिल्ली-टाटा रोड पर मिलन चौक के आगे आजसू बाईक रैली की तैयारी कर रहा था। हरिण गांव के अधिवक्ता मृत्युंजय प्रसाद बताते हैं कि विकास की सभीबड़ी योजनाओं को लेकर आजसू विधायक गंभीर रहें हैं। इनकी छवि एक काम करने वाले विधायक में है। लेकिन कई गांव में मुकाबला कैची छाप से हैं। गांव के लोक प्रत्याशी से अधिक छाप पर बात करते हैं। यह उनकी लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर सहजता भी है और समर्पण भी।

रास्ते में पोगड़ा गांव से गुजरे जो झामुमो में सम्मलित हुए पूर्व विधायक अमित कुमार का गांव है। उनके गांव तक सड़क पूरी तरह से टूटी है।

हरिण गांव के सृस्टिधर महतों कहते हैं माहौल मिला जुला है। लेकिन केला आगे हैं फिर कैची तब तीर धनुष है। कांची नदी के किनारे के इस गांव में पुल सुदेश के प्रयास से ही बना है।

चुनाव त्रिकोणीय है लेकिन हर चुनाव में आम लोगों की समझ जरूरत और उम्मीदवार की सक्रियता पर वोटिंग होगी यह तय है। परिणाम जो हो लेकिन प्रचार में अब तक केला छाप के झंडें और प्रचार वाहन अधिक दिख रहें हैं।

कैची छाप के देवेन्द्र महतो का प्रचार में तीर धनुष छाप के अमित कुमार से आगे हैं। अमित कुमार की छवि दल बदलने से पहले जैसी नहीं रही है। लोगों को शिकायत है। वहीं मंईयां योजना का प्रभाव से आम लोग से अधिक केला छाप वाले प्रभावित दिखते हैं। आखिर सत्ता के अंतिम दिनों में ही वृद्धा पेंशन रोककर इंडिया गठबंधन ने क्यों यह योजना आंरभ की। क्या चुनाव जीतने के बाद यह योजना चल पायेगा? सिल्ली विधानसभा से सटे रामगढ़ में हेमंता विश्व शर्मा की सभा की चर्चा भी है। सिल्ली में गूंज परिवार का प्रभाव भी टाटा सिल्ली रोड के टुनकी टोला में दिखता है जहां युवा सक्रिय दिखाई देते हैं। युवाओंको सरकारी सेवाओं में संभावना भी अब वर्तमान सरकार में दिखाई न देना एक महत्वपूर्ण बिंदु है।








# चीन की जादुई सैर

**ग्रेट वॉल से लेकर शंघाई के ऐतिहासिक बाजारों तक**

चीन घूमने जाएं, तो सबसे यादगार अनुभव है ग्रेट वॉल ऑफ चाइना पर चढ़ना और फोटो खिंचवाना। अब तो चीन की महान दीवार न्यू सेवन वंडर्स में शुमार है। वाकई अजूबा है अजूबा! करीब 6400 किलोमीटर से ज्यादा लंबी है। हर साल सवा करोड़ से ज्यादा पर्यटक इस पर चढ़ते हैं, और इनसे कई गुणा चढ़ने के लिए मौके की तलाश में आतुर रहते हैं। इतिहास बताता है कि मंगोलो के हमलों से बचने के लिए चीन ने इतनी लम्बी, ऊंची और बड़ी दीवार खड़ी कर दुनिया को अचम्भे में डाल दिया था। सुनी-सुनाई बातों पर यकीन करें, तो कहते हैं कि अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखें, तो एकमात्र ग्रेट वॉल ऑफ चाइना ही जरा-जरा दिखाई देती है।

**हजारों साल का इतिहास**

यूं तो, दीवार चीन के बड़े हिस्से से गुजरती है, लेकिन बीजिंग से दो घंटे के सड़क सफर की दूरी पर है। आगे पैदल या रोप-वे ट्रॉली से पहाड़ों के ऊपर बनी दीवार पर चढ़ जाते हैं। पैदल दीवार तक पहुंचने में 3 से 4 घंटे लगते हैं। बीजिंग से करीब 70 किलोमीटर परे ग्रेट वॉल का यह हिस्सा सबसे ज्यादा मजबूत और चढ़ने लायक है। इस हिस्से की लम्बाई 3741 मीटर है। ?साफ मौसम में, दीवार पर सुबह-सवेरे सूर्योदय का नजारा दिलकश लगता है। उधर कोहरे के दिनों में तो दीवार रोमाचंक हो उठती है। कहीं-कहीं एकदम तीखी चढ़ाई है और जमीन के पत्थर भी घिसे हैं। इसलिए पैर फिसल-फिसल जाते हैं। सो, पाइप पकड़-पकड़ कर चढ़ना-उतरना पड़ता है।

दीवार की सैर के लिए अक्तूबर सबसे बेहतर है। इस पर पर्यटकों के मेले तो सारा साल ही लगे रहते हैं। गिफ़्ट आइटम और सौगातें बेचते हॉकर दीवार पर ही डेरा जमाए रहते हैं। चीनी मान्यता है कि ग्रेट वॉल पर न चढ़ने वाला अच्छा चीनी नहीं होता। चीनी इस कायदे का कड़ाई से पालन करते हैं, इसलिए ज़िंदगी में एक दफा इस पर जरूर चढ़ते हैं। और फिर, ऐतिहासिक, बेमिसाल और देखने लायक ग्रेट वॉल का निर्माण ईसा पूर्व सातवीं और छठी सदी में शुरू तो हुआ। लेकिन करीब 2000 सालों तक 20 से ज्यादा राजा और राज वंशों ने दीवार का निर्माण जारी रखा। ग्रेट वॉल का निर्माण खासा जोखिम भरा रहा। बताते हैं कि निर्माण के दौरान हर 100 मीटर दीवार खड़ी होने में 2000 मजदूर मरते गए।

**सेहत को सुकून**

करीब 22 साल पहले, सन ? 2002 से चाइना ईस्ट एयरलाइंस ने नई दिल्ली से बीजिंग तक सीधी उड़ानें शुरू कीं, हिन्दुस्तानी पर्यटकों ने चीन की सैर का रुख ही कर लिया। चीन के खासमखास शहरों में, राजधानी बीजिंग और वित्तीय राजधानी शंघाई हैं। फिर नजिंग और शेनजेन का नम्बर आता है। बीजिंग की आबादी दिल्ली जितनी करीब 2 करोड़ ही है। पुराना और ऐतिहासिक शहर है बीजिंग। जगह- जगह फुटपाथों पर खुले और मुफ्त जिम बने हैं। लोग देर रात-रात तक जिमों में कसरत करते देखे जा सकते हैं। इन की देखा-देखी ही भारत के महानगरों के बागों में जिम बनाने का चलन चला। हर ओर लोगों की भीड़ है और साइकिलों की भी। अपनी दिल्ली की तरह साइकिल और रिक्शानुमा ठेले आम नजर आते हैं। साइकिलों के लिए सड़क के एक ओर अलग ट्रेक हैं। करीब-करीब हर फुटपाथ पर साइकिल स्टैंड बने हैं।

# बड़ा सोचे, कड़ी मेहनत करें और सफलता प्राप्त पायें: डॉ मेरी ग्रेस

उर्सूलाइन इंटर कॉलेज रांची में वार्षिक कार्यक्रम 2024 का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में जैक के सचिव जयंत कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर डीईओ विनय कुमार प्रसिंपल डॉ मेरी ग्रेस, मोटिवेटर संजय कुमार सहित उर्सूलाइन इंटर कॉलेज राजा उलातू की प्रिंसिपल और छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। टॉपरों ने अपने अनुभव शेयर किये।




















**कॉर्टून वर्ल्ड**



## स्पीड न्यूज

### ट्रेनिंग सेंटर का डीसी ने किया निरीक्षण



**रामगढ़।** विधानसभा चुनाव को लेकर शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने मतदान कर्मियों को गांधी +2 हाई स्कूल रामगढ़ में दिए जा रहें प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें कर्मियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा दिए जा रहें प्रशिक्षण को बारीकियों से सुने इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं पदाधिकारी व मतदान कर्मियों को मतदान के दौरान हो रही गलतियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताई गई। सभी कर्मियों की दुविधाओं को भी दूर किया गया। उन्होंने सभी को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न करने का निर्देश दिया। इस दौरान मौके पर वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने पीओ को सौंपा ज्ञापन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी के ग्रामीणों ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ शनिवार को सौन्दा डी पीओ कार्यालय में सौन्दा डी परियोजना पदाधिकारी रामदास मुंडा को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि खनन संबंधित कार्य के दौरान सौंदा डी पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के साथ ग्रामसभा कर सहमति बनाने के बाद ही सीसीएल कंपनी कोई कार्य करें। मौके पर सौंदा पीओ रामदास मुंडा ने कहा कि आप सभी की मांगों पर सकारात्मक पहल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सौन्दा डी में खनन से संबंधित कोई भी कार्य होगा तो पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के साथ सीसीएल प्रबंधन ग्रामसभा करेगी। ग्रामसभा में आपसी सहमति बनने के बाद ही कोई कार्य किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालो में मुख्य रूप से पंचायत मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, वार्ड सदस्य सुबोध रजक, नरेंद्र कुमार, श्रवण राम, संजय कुमार सहित समाजसेवी दशरथ कुर्मी, उमेश साव, संतोष शर्मा, अमरेश साव, सुरेश यादव, शमशेर अंसारी, सत्येंद्र पांडेय, महेश साव, बाला जी, संतोष रजक, संजीत चौधरी, प्रवीण नायक, सुरेश महतो, शंकर सिंह, अर्जुन कुमार, अखिलेश ठाकुर, राकेश पासवान उर्फ चुनचुन, संजय सिंह, कृष्ण कुमार, मोनु पांडेय, रामवृक्ष भुंइया, राम प्रसाद करमाली, राजेश मिश्रा, सचिन कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

### छोटकीलारी में स्वच्छता अभियान



**रजरप्पा।** छोटकीलारी गांव में शुक्रवार एवं शनिवार को पूर्व पंसस गीता देवी ने निजी खर्च पर मुहल्ले के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। जेसीबी से नालियों, कूड़ा करकट्ट तथा सड़कों का चौड़ीकरण किया। पूर्व सेवानिवृत प्राचार्य पुन्नू राम नायक का भी सक्रिय सहयोग रहा। नायक ने कहा कि परिवेश को सुंदर बनाने के लिए साफ-सफाई की बेहद जरूरी है। हम सभी अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखेंगे तथा सभी लोगों को अपने अगल बगल साफ रखने के लिए प्रेरित करेंगे तभी महात्मा गांधी का स्वच्छ भारत का सपना साकार हो पाएगा। उन्होंने 20 नवंबर को मतदाताओं से अपील की कि होने वाले विस चुनाव में मतदान अवश्य करें।

### सोशल मीडिया में फोटो पोस्ट करने पर होमगार्ड जवान पर प्राथमिकी

रामगढ़। 15 नवम्बर को मतदान सुविधा केंद्र पुलिस लाइन रामगढ़ में मतदान के दौरान वोट डालते वक्त वोटिंग कंपार्टमेंट में चोरी छुपे होमगार्ड जवान गंगाधर महतो के द्वारा मतपत्र का फोटो खींचकर फेसबुक पर पोस्ट किया गया। जबकि मतदान के वक्त मतदान कर्मियों द्वारा वोटिंग कंपार्टमेंट में मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट को अंदर ले जाना माना किये जाने के बावजूद इनके द्वारा किए गए मतदान जैसे संवेदनशील सूचना का प्रेषण मोबाइल द्वारा किया जाना मतदान की गोपनीयता भंग करना दशार्ता है। जिस पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार मतदान प्रक्रिया की गोपनीयता को भंग करने के प्रयास हेतु सीआरपीसी की धारा 171, भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 128/129, आईटी एक्ट 2000 की धारा 72 एवं जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत रामगढ़ थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार ने सभी मतदाताओं से अपील भी किया की मतदान की गोपनीयता भंग नहीं करें अन्यथा उक्त व्यक्ति के ऊपर कानून कारवाई की जाएगी। सभी को आगाह किया जाता है कि मतदाताओं /अभिकर्ता प्रतिनिधि के द्वारा मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाना पूर्णत प्रतिबंधित है।

# रामगढ़ में सभी प्रत्याशियों ने तेज किया जनसंपर्क अभियान

▸▸ शहर से लेकर गांव तक सुनीता चौधरी के लिये सीपी चौधरी मांग रहें हैं वोट

▸▸ ममता देवी के लिए कांग्रेस के गुलाम अहमद मीर ने रामगढ़ में कर रहें कैंप



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ में सभी प्रत्याशियों ने जनसंपर्क तेज कर दिया है और मतदाताओं को अपने अपने पक्ष में गोलबंद करने में जुट गए हैं। आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी, कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी और जेएलकेएम के प्रत्याशी पनेश्वर कुमार लगातार जनसंपर्क कर मतदाताओं कसे अपने अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव में आजसू की प्रत्याशी विधायक सुनीता चौधरी, कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक ममता देवी एवं जेएलकेएम प्रत्याशी पनेश्वर कुमार के बीच टक्कर दिख रही है। बेहद आसान इस सीट को जेएलकेएम के उम्मीदवार ने हॉट सीट बना दिया है। यही वजह है कि दोनों गठबंधन को अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। एक तरफ जहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी को जिताने के लिए हेलीकॉप्टर उतार दिया। तो दूसरी तरफ रामगढ़ के विकास पुरुष के रूप में विख्यात सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी दिन रात मेहनत कर रहे हैं। शहर से लेकर गांव तक एक-एक घर में वे जाकर सुनीता चौधरी को वोट देने की अपील कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार ममता देवी को जिताने के लिए कांग्रेस के प्रखर राजनीतिक सलाहकार गुलाम अहमद मीर ने रामगढ़ में कैंप कर रखा है। साथ ही झारखंड के मुखिया हेमंत सोरेन गांव में उनके लिए प्रचार कर रहे हैं। नामांकन के दिनों से ही सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने एक-एक व्यक्ति को अपने पक्ष में जोड़ने की कवायद शुरू कर दी थी। रामगढ़ सीट चंद्र प्रकाश चौधरी के लिए बेहद अहमियत रखता है। इस सीट से वह लगातार तीन बार विधायक भी रह चुके हैं। वर्ष 2019 में जब उन्होंने गिरिडीह से सांसद का चुनाव जीता तो उनकी पत्नी सुनीता चौधरी यहां से उम्मीदवार बनी। यहां सुनीता चौधरी को ममता देवी ने करारी शिकस्त दी और चंद्र प्रकाश चौधरी के हाथ से यह सीट निकल गई। इस हार को चंद्र प्रकाश चौधरी ज्यादा दिन तक बर्दाश्त नहीं कर पाए। 3 साल बाद जब ममता देवी की सदस्यता चली गई, तो उपचुनाव में एक बार फिर चंद्र प्रकाश चौधरी ने दोबारा एंट्री मारी। उन्होंने अपनी पत्नी सुनीता चौधरी को उपचुनाव में जीता कर इस हार का बदला लिया। राजनीति में ममता देवी का उदय चंद्र प्रकाश चौधरी के खिलाफ लड़ाई लड़कर ही शुरू हुई थी। उनका यह संघर्ष 2019 में जीत का कारण बना और वह विधानसभा पहुंच गई थी। लेकिन 3 साल बाद ही आईपीएल गोली कांड में एमपी एमएलए कोर्ट ने उन्हें सजा दी और उनकी सदस्यता चली गई। उपचुनाव में ममता देवी के पति बजरंग महतो को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया।लेकिन जनता के बीच वह अपने पैर नहीं जमा पाए। 2019 की तरह ही सुनीता और ममता आमने-सामने हैं।

# मांडू में प्रचार ने पकड़ा जोर

## बच्चों को गोद में लेकर कर रहे दुलार तो कहीं बड़ों का पैर छूकर मांग रहे आशीर्वाद



बच्चे को दुलार करते एनडीए प्रत्याशी तिवारी महतो।



वृद्ध से आशीर्वाद लेते कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** मांडू विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान ने पकड़ा जोर। प्रत्याशियों ने जनता को लुभाने के लिए अलग-अलग नुस्खे अपना रहें है। जनसंपर्क अभियान में प्रत्याशी बड़े - बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद ले रहे हैं तो कहीं बच्चों को गोद में उठाकर दुलार कर रहे हैं, कहीं प्रत्याशियों को उनके समर्थक लोटा- पानी विधि से तो कहीं पारंपरिक वाद्ययंत्रों शहनाई, ढोल, ताशा और नगाड़े बजाकर उनका स्वागत भी किया जा रहा है। उत्साहित समर्थकों के द्वारा प्रत्याशियों को ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने का भरोसा दिया जा रहा है।

प्रत्याशी भी समर्थकों को उनके सुख-दुख में खड़े रहने का की बात कह रहे हैं। चाय की दुकानों पर सुबह से देर शाम तक लोगों की भीड़ जमा रहती है। इस दौरान लोग आपस में राजनीतिक सहित अन्य मामलों पर चर्चा भी खूब करते हैं। इन दिनों चुनाव का समय आ चुका है। किसका पलड़ा भारी होगा, किसको कौन भीतर घात करेगा ,चुनाव में किसकी होगी हार और किसकी होगी जीत।

यह ज्यादातर चाय की चुस्कियां के बीच लोग आपस में दलील देकर तय करते हैं इस दौरान अपनी बात मनवाने के लिए लोग बाजी तक लगाने के लिए तैयार रहते है।

### इचाक व्यापार मंडल में गेहूं बीज बिक्री केंद्र का उद्घाटन

**इचाक।** व्यापार मंडल इचाक में गेहूं बीज बिक्री की शुरूआत शनिवार को किया गया। जहां से किसानों को 50 फीसदी अनुदानित दर पर गेहूं बीज दिया जाएगा। जानकारी व्यापार मंडल इचाक के अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद मेहता ने दी। उन्होंने बताया कि 50 फीसदी अनुदानित दर पर डीबीडब्ल्यू 187,एचडी 2967,एचडी 3086 प्रभेद का गेहूं बीज कृषि निदेशालय झारखंड रांची से प्राप्त है। बीज की बिक्री शुरू कर दी गई है। अनुदानित दर पर गेहूं बीज लेने के इच्छुक किसान अपने साथ आधार कार्ड और अपना मोबाइल नंबर के साथ प्रखंड मुख्यालय स्थित व्यापार मंडल के कार्यालय पहुंचकर बीज खरीद सकते है। बताया कि बीज क्रय से पूर्व ब्लाक एग्रीकल्चर चैन के तहत उन्हें निबंधन कराने के बाद किसान बीज की खरीदारी कर सकेंगे।बताया कि खरीदे गए बीज का उपचार नैनो डीएपी से करना जरूरी है। जिसके लिए किसानों को गेहूं बीज के साथ नैनो डीएपी खरीदना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नैनो डीएपी नहीं लेने वाले किसानों को गेहूं बीज देना संभव नहीं है।

### राष्ट्रीय अंडर 14 ताइक्वांडो में राजेश को मिला रजत पदक

**बरकट्ठा।** राष्ट्रीय अंडर 14 ताइक्वांडो प्रतियोगिता में डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्र राजेश कुमार ने रजत पदक हासिल किया है। जानकारी देते हुए स्कूल निदेशक डॉ आईपी भारती ने बताया कि अंडर 14 कैटेगरी में 29 से 32 किलोग्राम की कैटेगरी में राष्ट्रीय स्तर आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता मध्य प्रदेश के विदिशा में हुआ। उन्होंने कहा कि राजेश ने बरकट्ठा का मान बढ़ाया है। कहा कि राजेश की सफलता के पीछे स्कूल के ताइक्वांडो प्रशिक्षक गुलाम हसन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रोशन गुप्ता, सिनाई अशोक बरनवाल, हेमंत कुमार, सुमन तिवारी आदि ने बधाई दिया है। विद्यालय के प्राचार्या स्वाती रंजन ने कहा कि डिवाइन पब्लिक स्कूल पढ़ाई के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देती है।

### जायरानों का जत्था मक्का-मदीना के लिए हुआ रवाना

रामगढ़। उमराह के पाक सफर के लिए बरकाकाना क्षेत्र से जायरीनों का एक जत्था शनिवार को मक्का-मदीना के लिए मुबारक सफर-ए-उमरा के लिए रवाना हुए। रवाना होनेवाले जयरिनों में मो असलम खान, पत्नी शबनम खातून, डॉ अफजल इब्राहिम, पत्नी शाहीन सुल्तान, पुत्री डॉ तसनीम कौशर शामिल हैं। मौके पर लोगों ने जायरीन को फूल माला पहनाकर रवाना किया। लोगों ने जायरीन से उमराह के दौरान अपने हक में दुआ की गुजारिश की।

# लायंस क्लब ने किया भंडारा

## नर सेवा-नारायण सेवा के तहत 400 लोगों को कराया भोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित रामकुमार पाठक द्वारा शीतला माता की पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद मां को भोग लगाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा किया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया।

फूड फॉर हंगर के तहत करीब 400 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। इस दौरान लायंस क्लब के लोगों ने सभी को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया। बताया गया कि लायंस क्लब द्वारा प्रत्येक शनिवार को भंडारा का आयोजन जारी रहेगा। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजु देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने कहा कि गरीब-जरूरतमंदों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को हाथ बंटाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि क्लब अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन ईमानदारी पूर्वक निभाता रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, आज के प्रोजेक्ट चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, एमजेएफ संजय जायसवाल, विजयंत कुमार, दीनबंधु सिंह, सूबेदार एचएन यादव, निर्मल अग्रवाल, विजय वर्णवाल, प्रमोद शर्मा, रेणु जायसवाल, मनोज कुमार मंजुल, रेखा मंजुल, सीमा यादव, सरिता देवी सहित क्लब के तमाम लोगों का विशेष योगदान रहा। मौके पर राणा नवीन सिंह, कमलेश यादव, मुकेश सिंह आदि मौजूद थे।

# बरही चौक पर जाम से जनजीवन प्रभावित

▸▸ टेंपो, ठेले, खोमचे, सब्जी और फल विक्रेताओं ने किया अतिक्रमण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बरही चौक पर जाम की समस्या प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। चौक पर गाड़ियां रेंगने को मजबूर हैं, जिससे आम जनजीवन पर व्यापक असर पड़ रहा है। जाम के कारण राहगीरों, यात्रियों और एम्बुलेंस समेत सभी वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरही चौक पर जाम लगना अब रोजमर्रा की समस्या बन गई है। यात्री घंटों तक ट्रैफिक में फंसे रहते हैं, जिससे उनके समय और ऊर्जा दोनों की बर्बादी होती है। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के वाहन भी इस जाम से अछूते नहीं हैं। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन की ओर से इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। बरही चौक और इसके आसपास टेंपो, ठेले, खोमचे, सब्जी और फल विक्रेताओं द्वारा सड़क पर अतिक्रमण कर लिया जाता है। ये अतिक्रमण न केवल चौक की खूबसूरती को बिगाड़ते हैं बल्कि ट्रैफिक जाम का मुख्य कारण भी बनते हैं। खासकर पिक आवर्स में चौक पर जाम की स्थिति और भी भयावह हो जाती है। जाम के कारण एंबुलेंस समेत अन्य जरूरी सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे है। इसके अलावा, आपातकालीन स्थिति में पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी ट्रैफिक में फंस जाती हैं, जिससे राहत कार्य बाधित होता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए।

**प्रशासन की उदासीनता पर सवाल :** स्थानीय लोगों का कहना है कि इस गंभीर समस्या पर प्रशासन की निष्क्रियता समझ से परे है। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस दिशा में तुरंत कदम उठाने चाहिए, ताकि बरही चौक पर यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। बरही चौक अपनी खास पहचान रखता है। जिले के विकास को बाधित कर रही है, बल्कि आम जनता के जीवन को भी मुश्किल बना रही है। यदि प्रशासन ने समय पर ध्यान नहीं दिया, तो यह समस्या और भी गंभीर रूप ले सकती है।

## एक नजर में

### छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ स्थित गुरुग्राम विद्यालय के द्वारा सात माइल चौक से अखाड़ा चौक- हॉस्पिटल चौक होते हुए रैली निकाला गया। जिसकी शुरूआत विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सपन महथा ने हरि झंडी दिखा कर किया। रैली में लगभग 200 से ज्यादा बच्चे, अभिभावक, शिक्षक/शिक्षिका एवं ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। थाना प्रभारी ने कहा कि कुछ लोग ईमानदारी से वोट नहीं होने देते हैं, इसलिए हम सबको अपने भविष्य के बारे में सोचते हुए सही चुनाव करना चाहिए। हमें किसी भी तरह का भ्रष्टाचार का हिस्सा नहीं बनना चाहिए। उन्होंने विद्यालय के इस योगदान को अच्छा बताते हुए लोगों से कहा कि सभी अपना वोट ईमानदारी पूर्वक दे और अपना वोट जरूर करे। विद्यालय के निदेशक प्रभात कुमार ने बताया यदि हम सभी वोट नहीं डालते हैं तो हो सकता है कि हम अपना भविष्य अंधकार की ओर ले जाएंगे। निदेशक ने भी लोगों से अपना वोट डालने तथा सही चुनाव करने के लिए अपील की। विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव ने बताया कि लोकतंत्र का महापर्व होता है। मतदान इसलिए सभी को अपना वोट स्वेच्छा से डालना चाहिए।उन्होंने प्रखण्ड के सभी लोगों से कहा कि इस बार एक भी मतदान न छुटे और सभी मतदान करे। इस मौके पर थाना प्रभारी श्री महथा, विद्यालय निदेशक प्रभात कुमार, प्राचार्य सुभाष कुमार, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, समाज सेवी कृष्णा गुप्ता के साथ शिक्षक बासुदेव महतो, पंकज कुमार, रीतलाल महतो, रंजीत मिश्रा, राजेश रंजन, रंजीत रंजन, कामेश्वर कुमार, नंदनी कुमारी, सीमा कुमारी, सुजीत सिंह, प्रमोद कुमार के साथ कई अभिभावक और काफी संख्या में बच्चे शामिल थे।

### बटेश्वर मेहता ने मतदाताओं को दिया धन्यवाद

**इचाक ।** बरकट्ठा विधानसभा के निर्दलीय विद्यायक प्रत्यासी बटेश्वर प्रसाद मेहता क्षेत्र में घूम घूम कर जनता से मिल रहे हैं और धन्यवाद दे रहे हैं। उन्होंने बरकट्ठा विधान सभा की जनता को साधुवाद देते हुए कहा कि बरकट्ठा विस की जनता और मतदाओं ने हमें भरपूर सहयोग और समर्थन दिए हैं। इसके लिए हम सदा ऋणी हो गए हैं। जनता की सेवा के लिए हमारे शरीर का एक एक खून का खतरा हाजिर रहा है और रहेगा। चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी सहयोगियों, जनप्रतिनिधियों, समाजिक कार्यकताओं, महिलाओं और पत्रकार बन्धुओं का भी आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस बार बरकट्ठा में आपकी जीत तय है। चूंकि चुनाव हम नही बल्कि क्षेत्र की जनता लड़ी है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मोबाइल गुम हो जाने के कारण उनके शुभचिंतकों को जो परेशानी हो रही है, सम्पर्क में नही रहने के लिए उन्होंने खेद प्रकट किया तथा अपना वैकल्पिक नंबर 8603530360 पर संपर्क करने की बात कही। श्री मेहता ने शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए जिला प्रशासन तथा चुनाव आयोग को भी धन्यवाद दिया। भ्रमण के दौरान श्री मेहता के साथ विक्रांत पांडेय, भोला राणा, रामावतार पांडेय, छोटी मण्डल, किशोर प्रसाद मण्डल, संजय मेहता, रणधीर मेहता उर्फ राजो बाबू समेत कई लोग शामिल थे।

### टाटीझरिया प्रमुख ने किया पत्रकारों को सम्मानित

**टाटीझरिया ।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर शनिवार को टाटीझरिया के स्थानीय संवाददताओं को सम्मानित किया गया। प्रमुख संतोष मंडल, मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह ने पत्रकारों को सम्मानित किया। प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि मीडिया प्रजातंत्र का सशक्त प्रहरी है. न्यायपालिका विधायिका व कार्यपालिका के बाद मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है उन्होंने सम्मानित के दौरान कहा कि आज हम लोगों ने पत्रकारों को सम्मानित किया है ताकि टाटीझरिया प्रखंड सह आंचलिक क्षेत्र के पत्रकारों का भी मनोबल बढ़ा रहे और वे लगातार इसी तरह जनता की समस्याओं को उजागर करते रहें. वही कैलाशपति सिंह ने कहा कि हमारे देश के चौथे स्तंभ पत्रकार हमारे क्षेत्र के सभी ज्वलंत मुद्दों को उठाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। साथ ही समाज में व्याप्त कमियों तथा समस्याओं को इनके द्वारा उजागर किया जाता है जिससे जनप्रतिनिधियों को उस क्षेत्र की कमी का अभिलंब पता चल जाता है और वे उसे पूरा करने में लग जाते हैं। समारोह में टाटीझरिया प्रेस क्लब के संरक्षक मिथिलेश पाठक, अध्यक्ष राजु यादव, सचिव सोनु पांडेय, महेश अग्रवाल, रामविलास शर्मा, ज्योतिष पंडा, संदीप पांडेय को सम्मानित किया। इस दौरान राजेश यादव, अनिल प्रसाद, आदि शामिल थे।

### विकास सेवा समिति ने मनाया स्थापना दिवस

**बड़कागांव।** प्रखंड में संचालित विकास सेवा बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का 18 वा वर्षगांठ बड़े धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर सर्वप्रथम विकास सेवा समिति के ऑफिस में पूजा पाठ किया गया तत्पश्चात सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता समिति अध्यक्ष दशरथ कुमार व संचालन समिति सचिव बुद्धिनाथ महतो और ज्ञानोदय विकास स्कूल सचिव सिकंदर सोनी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर 20 बेहतर कार्य करने वाले सदस्यों को संस्था के द्वारा चेक हुआ शाल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर समिति अध्यक्ष दशरथ कुमार ने कहा कि यह संस्था आज से 18 साल पहले सिर्फ 48 लोगों ने शुरू किया था और ?50 प्रति महीना जमा करके यह संस्थान को शुरू किया गया था जिसमें आज हजारों लोग जुड़कर अपने आप को स्वावलंब बनाने को लेकर कार्य कर रहे हैं। हमारे संस्थान महाजनि प्रथा का अंत किया है और गांव घर के गरीब लोगों को बहुत ही आसान तरीके से पैसे के लेनदेन करने का काम किया है आज विकास सेवा समिति ने सामाजिक कार्यों में आगे बढ़ते हुए बड़कागांव में ज्ञानोदय विकास विद्यालय की स्थापना की है जहां पर क्षेत्र के कई गरीब गुरबा के बच्चों की पढ़ाई हो रही है। मौके पर मुखिया रंजीत मेहता,शशि कुमार मेहता,प्रवीण मेहता, रवि महतो,यदु प्रसाद दांगी,मुनेश्वर कुमार, अमलेश कुमार, सिकंदर महतो, विशुन रजक, विनोद महतो,उमेश प्रसाद,विकास कुमार,रामधनी महतो सहित विकास सेवा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### बीएम मेमोरियल स्कूल में मना बाल दिवस

**बड़कागांव।** प्रखंड के ठाकुर मोहल्ला रोड स्थित बी.एम मेमोरियल स्कूल में 14 नवंबर बाल दिवस के मौके पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।खेलकूद प्रतियोगिता में बैलून फोड़,बिस्कुट दौड,मटर दौड़,मेंढक दौड़,बिस्किट दौड़,सुई धागा,चम्मच दौड़ ,दौड़, रसीद दौड,कुर्सी खेल, कबड्डी ,थ्रो बॉल, बाधा दौड़, म्यूजिकल चेयर सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया था। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने किया। सभी बच्चों ने खेल के मैदान में एक से बढ़कर एक खेल दिखाएं। इसके बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बी.एम. मेमोरियल स्कूल परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर सभी बच्चे काफी उत्साहित दिखे।मौके पर उप निदेशक पिंटू कुशवाहा,महेंद्र विश्वकर्मा,दिलेश्वर दास, आनंद कुमार,मुकेश दास,एरिका टोप्पो, आशीष यादव,आर्य कुमारी सहित दर्जनों शिक्षक व सैकड़ों स्कूली बच्चे मौजूद थे।

### दारू में मारपीट का आरोपी गया जेल

दारू। इरगा पंचायत के चरका पत्थर दारु खैरिका निवासी मारपीट का आरोपी सुमन कुमार साव पिता नंदकिशोर प्रसाद को दारु थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले मे पीड़ित युवक कृष्णा साव की माँ यशोदा देवी पति राजेंद्र प्रसाद साहू चरका पत्थर निवासी ने थाना मे आवेदन देकर जानमाल के रक्षा की गुहार लगाई थी। आरोपी सुमन ने कृष्णा की बहुत ही बेरहमी से पिटाई कर दी थी जिसमे उसका पैर की हड्डी टूट गयी थी साथ ही पूरे शरीर मे गंभीर चोट के निशान थे।

### कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष के निधन पर शोक सभा

हजारीबाग। जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व शहर के जाने माने व्यवसायी राज कुमार यादव उर्फ राजू के आकस्मिक निधन पर शोक सभा हुआ। कांग्रेसियों ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राजू कांग्रेसी कार्यकर्ता के साथ-साथ एक प्रखर समाजसेवी, मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे। कांग्रेस ने एक सच्चा सिपाही खो दिया है साथ ही साथ इनके निधन से कांग्रेस की जो क्षति हुई है उसकी पूर्ति तत्काल संभव नही। शोक सभा के में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति तथा इस कठिन घड़ी में उनके परिजनों को सहनशक्ति प्रदान हो।

# हेमंत सरकार ने पांच साल धोखा देने का काम किया है : संजय सेठ



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी सुदेश महतो को भारी मतों से विजयी बनाने की लोगों से की अपील**

**सोनाहातु/राहे।** बारेन्दा, सारेयाद और बुरुडीह गांव में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एनडीए प्रत्याशी सुदेश कुमार महतो के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। सभा के दौरान उन्होंने हेमंत सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा पिछले पांच सालों में राज्य की जनता को सिर्फ धोखा दिया गया है। विकास कार्यों के नाम पर झूठे वादे किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

संजय सेठ ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी सुदेश महतो ने हमेशा क्षेत्र के विकास और जनता के कल्याण के लिए काम किया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सुदेश महतो को भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में विकास का नया अध्याय लिखा जा सके। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि इस बार राज्य में मजबूत और ईमानदार नेतृत्व को चुनें।

मौके पर बलरामपुर भाजपा विधायक बानेश्वर महतो, प्रभारी जितेंद्र पटेल, जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, सुनील सिंह, प्रकाश कर्मकार, मनोज महतो, खगेश महतो, रेखा देवी, आजसू पार्टी अध्यक्ष रंगबहादुर महतो, चितरंजन महतो, ज्योति कोइरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सुदेश महतो ने लगाया रात्रि चौपाल पैदल मार्च कर अपने पक्ष में मांगा वोट



**सोनाहातू।** सिल्ली विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी सुदेश महतो ने प्रखंड के सेरेंगहातू गांव में रात्रि चौपाल लगाकर लोगों से राज्य में एनडीए सरकार बनाने के लिए और सिल्ली से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। सोनाहातू गांव में पैदल मार्च कर लोगों के अपने उपलब्धियों को बताकर वोट की मांग की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में रोजगार देने वाली सरकार बनेगी। एनडीए सरकार बनते ही विकास की गति दिखाई देगी। पहले कैबिनेट में ही महिलाओं बुजुर्गों और युवाओं को प्रतिमाह 2500 देने का प्रस्ताव पारित किया गया है। अबकी बार रोजगार देने वाली सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने सबसे ज्यादा नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। इसलिए हमने उन्हें ही प्राथमिकता में सबसे आगे रखा है। सामाजिक न्याय और आर्थिक समानता के लिए हमारी प्रतिबद्धता है। सिल्ली में एनडीए की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने लोगों को एकजुट होकर क्रम संख्या 3 में केला छाप में वोट देने की अपील की। मौके पर जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, सुषेण प्रमाणिक आदि मौजूद थे।

## रातू : शिमला कॉलोनी में नकद और जेवरात की चोरी

- अज्ञात के खिलाफ केस
- पुलिस कर रही तफ्तीश

**रातू (खबर मन्त्र)।** थाना क्षेत्र के शिमला कॉलोनी में सूरज सिंह के घर भीषण चोरी होने की बात सामने आयी है। घटना की जानकारी तब हुई जब परिवार के लोग 11 नवंबर को छठ पूजा से घर लौटे। अपराधियों ने अलमीरा तोड़कर एक लाख नकद समेत सोने का मंगटीका, नथनी, झुमका, चांदी का पायल, कलश व प्लेट की चोरी कर ली। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में अज्ञात चारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जानकारी के मुताबिक, सूरज सिंह 6 नवंबर की दोपहर परिवार के साथ पैतृक गांव डालटनगंज छठ पूजा में गये थे। 11 नवंबर को घर लौटे, तो दरवाजे में लगे ताले को टूटा पाया। कमरे में सामान बिखरे पड़े थे। अलमारी भी टूटी हुई थी और उसमें रखे रुपये व जेवरात गायब पाकर उनके होश उड़ गये। घर की हर चीज इधर-उधर फेंका हुआ पाया साथ में अलमीरा में रखे एक लाख रुपये नकद व तीन लाख के जेवरात गायब थे। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद रातू पुलिस चोरी के मामले की तफ्तीश कर रही है।

## एक नजर में

### लापुंग के चंपाडीह रामरेखा टोंगरी में शहीद बड़ाईक गोविंद सिंह जयंती सह कार्तिक पूर्णिमा पर लगा मेला, उमड़ी भीड़



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के चंपाडीह रामरेखा टोंगरी में शहीद बड़ाईक गोविंद सिंह की जयंती सह कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रामरेखा टोंगरी मेला का आयोजन किया गया। इस मौके पर मेला का उद्घाटन आरएस सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सिंह ने कहा कि मेला शहीद बड़ाईक गोविंद सिंह की जयंती के अवसर पर वर्षों से लगता आ रहा है। मेला के दौरान पोकटा, जरीयागढ़, लारता समेत कई गांवों से आये कीर्तन मंडलियों के द्वारा बारह घंटे का हरिकीर्तन किया। इस दौरान पुजारी सुरेश देवघरिया व भरत दास ने पूजन अनुष्ठान संपन्न कराये। मौके पर देवेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान रेजन मुंडा, लक्ष्मण साहु, गोविंदा राम, विजेश महतो, फिरन महतो समेत कई लोग मौजूद रहे।

### बेड़ो ककरिया-लापुंग पथ पर स्कूटी व बाइक की टक्कर में दो छात्राएं घायल, एक रिम्स रेफर





**बेड़ो।** लापुंग थाना क्षेत्र के बेड़ो ककरिया लापुंग पथ पर सांई मंदिर मोड़ के समीप शनिवार की अपराह्न लगभग एक बजे बाइक और स्कूटी की टक्कर हो गई, जिसमें स्कूटी सवार दो छत्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों में सरसा लापुंग निवासी 16 वर्षीय रेशमा तिर्की, पिता संतोष तिर्की व देवगांव गांव निवासी 15 वर्षीय संक्रांति कुमारी, पिता घुरण महतो हैं। जिन्हें स्वजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा. सनल सोनू बरवार ने दोनों घायल छात्रों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल रेशमा तिर्की को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल संक्रांति ने बताया कि वे दोनों स्कूटी से देवगांव गांव राशन डीलर के यहां राशन लाने जा रही थी। तभी लापुंग की ओर से बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इधर स्वजनों ने बताया कि दोनों छात्राएं आदिवासी बाल विकास विद्यालय गढ़डीपा लापुंग में 10वीं कक्षा में पढ़ती है।

## शहीद भगवान बिरसा मुण्डा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस समारोह मना



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** शहीद भगवान बिरसा मुण्डा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस समारोह नारो बाजार टांड़ में समिति के सदस्यों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और भगवान बिरसा मुंडा का जयकारा भी लगाया गया।

इसके पश्चात बिरसा मुंडा फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में स्थानीय छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक झारखंडी नृत्य कर अपनी प्रतिभा की प्रस्तुति की। मौके पर आयोजन समिति ने बच्चों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। रात्रि नौ बजे प्रदेश के प्रसिद्ध आधुनिक नागपुरी कलाकारों के द्वारा आधुनिक नागपुरी गीत प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## हेमंत सरकार ने झारखंड के विकास को लेकर कोई नीतिगत फैसला नहीं लिया : अर्जुन मुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिकिदिरी/अनगड़ा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में खिजरी के भाजपा प्रत्याशी रामकुमार पाहन के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गठबंधन के झामुमो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पांच साल में झारखंड को गर्त में धकेल दिया है। राज्य के मंत्री और उनके पीए की तिजोरी में जनता के करोड़ों रुपए मिल रहे हैं। झारखंड निर्माण का विरोध करने वाले सरकार के सहभागी बन बैठे हैं। हेमंत सरकार ने विगत पांच साल में झारखंड के विकास को लेकर कोई नीतिगत फैसला नहीं लिया है। आदिवासी और मूलवासी को उनका हक दिलाने का काम भाजपा की सरकार ने किया है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को पूरे वर्ष मनाने की केंद्र सरकार की घोषणा एनडीए का शहीदों के प्रति सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने जनता से भाजपा प्रत्याशी रामकुमार पाहन को खिजरी से विजयी बनाने का आह्वान किया। अध्यक्षता सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सोहरैया बेदिया ने की। संचालन शिवधर रजवार ने किया। कार्यक्रम को प्रत्याशी रामकुमार पाहन, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, पारसनाथ भोगता, नीलमोहन पाहन आदि ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सोहरैया बेदिया ने व संचालन शिवधर रजवार ने किया।

मौके पर सुजीत कुमार सोनी, रौशन मुंडा, नंदलाल राम, कामेश्वर महतो, रामसाय मुंडा, जलनाथ चौधरी, भीम मुंडा, सिकंदर अंसारी, रामकुमार दुबे, राजेश पाहन, राजनंदन साहू, काजल विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### ओरमांझी में जनवितरण प्रणाली दुकानदार संघ ने मजदूर के परिजनों को दी सहायता राशि



**ओरमांझी।** पिछले दिनों ओरमांझी में सड़क दुर्घटना में मृत एफसीआई गोदाम के मजूदूर दीपक नायक के स्वजनों से मिलने शनिवार को जनवितरण प्रणाली दुकानदार संघ के लोग मृतक मजूदर के घर पहुंचे। बताया दीपक नायक एफसीआई गोदाम मजदूरों का सरदार था। उसकी आकस्मिक मृत्यु होने पर संघ के लोगों ने दुख जताया और मृतक के स्वजनों को 50 हजार की सहायता राशि दी। मजदूर दीपक नायक की गोदाम से घर लौटने के दौरान ओरमांझी में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मौके पर अम्बिका प्रसाद, किशोरी साहू, संजय कुमार, नागेंद्र साहू, आदित्य साहू, बिशेश्वर महतो, कुंदन साहू, प्रमोद गुप्ता, कमलनाथ महतो, मनान अंसारी, मनीराम महतो, चंद्रशेखर चौधरी, राजेश कुमार, राकेश कुमार पाल, आनंद कुमार, संजीव कुमार, राकेश कुमार पटेल, प्रदीप साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

## खलारी में मौसम का मिजाज अचानक बदलने के साथ ठंड ने दी दस्तक

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** हवाओं ने अचानक मौसम का मिजाज शुक्रवार को बदलकर रख दिया है। मौसम का मिजाज अचानक बदलने के साथ ठंड ने दस्तक दे दी। हालांकि बीते दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आया और इसी के साथ ठंड ने दस्तक दे दी है। खलारी प्रखंड क्षेत्र में शनिवार की सुबह से ठंडी हवाएं चलती रहीं और हल्की ठिठुरन का अहसास हुआ। जानकारों के मानें तो बीते 15 नवंबर शुक्रवार से ही तापमान में गिरावट होने की उम्मीद की गई थी। परंतु 14 नवंबर गुरुवार से ही मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आया। नवंबर माह की शुरूआत होने के बाद भी मौसम काफी गरम रह रहा था। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक गर्मी हो रही थी, लेकिन 16 नवंबर शनिवार को मौसम का मिजाज अचानक से बदल गया और सर्दी ने अपनी दस्तक का लोगों को अहसास करा दिया। सुबह से ठंडी हवा के साथ लोगों को हल्की ठिठुरन का अहसास होता रहा। अचानक बदलते मौसम के कारण लोग गले में खराबी जैसे लक्षण महसूस कर रहे हैं। इस बीच शनिवार को मौसम का अधिकतम तापमान 27.0 एवं न्यूनतम तापमान 11.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

**बदलते मौसम में सेहत पर ध्यान देना जरूरी : डॉ. रविन्द्र**

अचानक बदलते मौसम में सेहत पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। मौसम बदलने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो सकती है, जिससे कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं। उक्त संबंध की जानकारी खलारी प्रखंड अंतर्गत मैकलुस्कीगंज अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉ.रविन्द्र कुमार ने दी। उन्होंने लोगों को पर्याप्त पानी, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, गर्म कपड़े, मौसमी फल और सब्जियों का सेवन करने की सलाह दी है।

## धमधमिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित





खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** धमधमिया में बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन तुमांग पंचायत के मुखिया संतोष कुमार महली ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर नागपुरी ऑर्केस्ट्रा के कलाकार महावीर नायक, सतीश कुमार, संगीता एवं अनिता ने अपने मधुर गीतों से सबको झुमाया। सभी लोग नागपुरी गीतों पर झूमते रहे।

इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली, रमेशर भोगता, उमेश लोहरा, लालमणि भोगता, किसुन मुंडा, सूरज लोहरा, रमेशर मुंडा, नरेश उरांव, लालू मुंडा, विक्की मुंडा, करण खलखो, सुमित महली, बजरंग राम, पपु राम, श्रवण उरांव, सीकेन्द्र गंझु, अमर साव सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

### मुरी में झामुमो की विशाल पदयात्रा में शामिल हुए पूर्व विधायक कुणाल सारंगी



**मुरी (खबर मन्त्र)।** झामुमो के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो के नेतृत्व में शनिवार को विशाल पदयात्रा सिल्ली प्रखंड के बुडागूंजू से निकाली गयी। पदयात्रा बारह बजे से शुरू हुई, सात किलोमीटर की यह पदयात्रा तूंकू, आडाल नवाडीह, कारेयाडीह से होकर पतराहातू तक पहुंची। इस पदयात्रा में सिल्ली के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो, बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, महागठबंधन से कांग्रेस पार्टी के राकेश किरण महतो भी मौजूद थे। पदयात्रा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

### ओरमांझी में ट्रक ने कार को मारी ठोकर




**ओरमांझी।** अंचल मैदान ओरमांझी में कांग्रेस पार्टी की चुनावी सभा में काफी भीड़ उमड़ पड़ी थी। वहीं मुख्य अतिथि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे का हेलिकॉप्टर देखने के लिए भी काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। सभा के समाप्त होने पर रांची-रामगढ़ मार्ग पर वाहनों की जाम लग गई थी। जाम से निकलने के चक्कर में एक ट्रक ने एक डिजायर कार जेएच01इजी-1883 को चपेट में ले लिया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गयी। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को थाने में जब्त कर लिया गया है। बताया गया कार में सवार पुलिस विभाग के ही पदाधिकरी थे। उन्हे चोट नहीं लगी है। पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

# बेड़ो के जामटोली पहाड़ पर वार्षिक कार्तिक पूर्णिमा मेला संपन्न

- 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन हवन, पूजन व पूर्णाहुति के साथ संपन्न
- श्रद्धालुओं के बीच भंडारा के रूप में खिचड़ी प्रसाद वितरित





श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण एवं अखंड हरिकीर्तन में भाग लेतीं महिलाएं।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पहाड़ पर कार्तिक पूर्णिमा मेला समिति के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेला समारोह शनिवार को हवन, पूजन व पूणार्हुति के साथ संपन्न हो गया। धार्मिक अनुष्ठान पुजारी राजा पाठक की अगुवाई में यजमान धनंजय महतो, मुकेश गोप व महावीर गोप ने पूरा किया।

इस दौरान शिव मंदिर परिसर में केंद्रीय कीर्तन समिति के अध्यक्ष गणेश गिरी के नेतृत्व में कई गांव के कीर्तन मंडली के सदस्यों ने 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन में भाग लिया। जिसमें युवाओं की भीड़ सबसे ज्यादा पहुंची थी। वहीं मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जहां पर लोगों ने अपनी जरूरत के अनुरूप खरीदारी की। इस दौरान लोगों ने देर शाम तक मेला का आनंद लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव मंदिर निर्माण एवं कार्तिक पूर्णिमा मेला समिति के अध्यक्ष मुकेश गोप, सचिव चरवा उरांव, कोषाध्यक्ष महावीर गोप, उपाध्यक्ष धनंजय महतो, संदीप प्रमाणिक, उपसचिव पिताम्बर गोप, संजय प्रमाणिक, आकाश गोप, संरक्षक जयराम गुरुजी, दुर्गा महतो, सोमरा लोहरा, सोमरा महतो, सुरेन्द्र गोप, विशेश्वर हजाम, दीपक महतो, श्यामल गोप, रोहित गोप, संजय गोप, राजकिशोर लोहरा, शिवनारायण लोहरा, रमेश गोप, रामवृत गोप, शंकर गोप, अभिषेक उरांव, विशाल उरांव, संदीप महतो आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

### होटल में घुसा सांप, ग्रामीणों ने पकड़ जंगल में छोड़ा



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के पिस्का स्थित एक होटल में बड़ा सा अजगर सर्प घुस आया। जिसे पकड़ कर ग्रामीणों ने जंगल में छोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक होटल में सर्प को देखकर लोग डर गए। बाद में ग्रामीणों ने हिम्मत दिखायी और मिलकर किसी प्रकार सर्प को पकड़ने में सफल हो गए। जिसके बाद सर्प को बोरे में डाल जंगल में छोड़ दिया गया। सर्प पकड़ने व जंगल छोड़ने में गांव के सुरेश मुंडा, फुलचंद साहू, शिबु जना, विजय करमाली व हरदेव सिंह शामिल थे।

# बीसीसीआइ की आपत्ति के बाद आइसीसी ने बदला ट्रॉफी टूर का कार्यक्रम, पोक से नहीं निकलेगी यात्रा

**एजेंसी**

**दुबई।** आइसीसी ने अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के टूर कार्यक्रम में बदलाव किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने ट्रॉफी टूर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में निकालने पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने संशोधित कार्यक्रम जारी किया है जिसमें पीओके शामिल नहीं है। ट्रॉफी टूर अब कराची, रावलपिंडी, इस्लामाबाद और खईबर पखतुनवा क्षेत्र से गुजरेगी। ट्रॉफी टूर पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद से शुरू होगी और 17 नवंबर को तक्षशिला और खानपुर, 18 नवंबर को एबोटाबाद, 19 नवंबर को मुरी, 20 नवंबर को नाथिया गली और 22 से 25 नवंबर को कराची में संपन्न होगी। इससे पहले, 14 नवंबर को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एलान किया था कि वह ट्रॉफी टूर निकालेगा जिसमें स्कार्दू, मरी, हुंजा और मुजफ्फराबाद जैसे शहर भी शामिल थे।



**चैंपियंस ट्रॉफी टूर का कार्यक्रम**

| देश | तारीख |
|---|---|
| पाकिस्तान | 16-25 नवंबर 2024 |
| अफगानिस्तान | 26-28 नवंबर 2024 |
| बांग्लादेश | 10-13 दिसंबर 2024 |
| दक्षिण अफ्रीका | 15-22 दिसंबर 2024 |
| ऑस्ट्रेलिया | 25 दिसंबर 2024 - 05 जनवरी 2025 |
| न्यूजीलैंड | 06-11 जनवरी 2025 |
| इंग्लैंड | 12-14 जनवरी 2025 |
| भारत | 15-26 जनवरी 2025 |
| पाकिस्तान | 27 जनवरी 2025 |

**भारत ने जताई थी आपत्ति**

पीसीबी के ट्रॉफी टूर पीओके में निकालने पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी और बीसीसीआइ सचिव जय शाह ने आइसीसी के समक्ष विरोध दर्ज कराया था। एक दिसंबर को आइसीसी के अध्यक्ष पद संभालने जा रहे जय शाह ने आइसीसी से कहा था कि यह अस्वीकार्य है कि पीसीबी पीओके में ट्रॉफी दौरे की योजना बना रहा है।

**अन्य देशों में भी घूमेगी ट्रॉफी**

पाकिस्तान में यात्रा शुरू होने के बाद ट्रॉफी टूर 26 से 28 नवंबर तक अफगानिस्तान, 10 से 13 दिसंबर तक बांग्लादेश, 15 से 22 दिसंबर तक दक्षिण अफ्रीका, 25 दिसंबर से पांच जनवरी 2025 तक आस्ट्रेलिया, छह से 11 जनवरी तक न्यूजीलैंड, 12 से 14 जनवरी तक इंग्लैंड और 15 से 26 जनवरी तक भारत में रहेगी। पाकिस्तान के अलावा जिन अन्य देशों में जो यात्रा निकलेगी उसके शहर की घोषणा बाद में की जाएगी। पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी का गत विजेता है। उसने 2017 में लंदन के द ओवल में खेले गए खिताबी मुकाबले में भारत को हराकर खिताब जीता था।

**चैंपियंस ट्रॉफी के शेड्यूल का ऐलान नहीं**

बता दें कि, चैंपियंस ट्रॉफी आखिरी बार 2017 में इंग्लैंड में आयोजित की गई थी और फाइनल में भारत को हराकर पाकिस्तान ने ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया था. 8 टीमों के इस टूनामेंट का औपचारिक शेड्यूल का अभी ऐलान नहीं हुआ है, क्योंकि बीसीसीआइ ने सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया है। वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अभी तक हाइब्रिड मॉडल के तहत इसकी मेजबानी करने पर सहमति नहीं जताई है।

अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में होना है, लेकिन भारत ने इस टूनामेंट के लिए पड़ोसी देश की यात्रा करने से इनकार कर दिया है। आइसीसी पीसीबी के साथ मिलकर इस मुद्दे का समाधान ढूंढने की कोशिश कर रहा है जिसमें हाइब्रिड मॉडल का आधार पर चैंपियंस ट्रॉफी कराना भी शामिल है।

# भारत को लगा एक और बड़ा झटका राहुल के बाद गिल भी हुये चोटिल

**एजेंसी**

**पर्थ।** भारत को शनिवार को बड़ा झटका लगा जब शीर्ष क्रम के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल के बाएं हाथ के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया जिसके कारण वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रहे पहले टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। भारत की पिछली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मिली जीत के युवा नायकों में से एक गिल बल्लेबाजी के मुख्य आधार हैं और अगर कप्तान रोहित शर्मा पहले टेस्ट से बाहर हो जाते हैं तो भारत का शीर्ष क्रम कमजोर दिख सकता है। टीम को दो टुकड़ों में विभाजित करके कराए गए अभ्यास मैच के दूसरे दिन क्षेत्ररक्षण करते समय गिल को चोट लगी। वह चोट के बाद काफी दर्द में दिख रहे थे और स्कैन के लिए तुरंत मैदान से बाहर चले गए। इस मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र के अनुसार गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर है और टेस्ट शुरू होने में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है इसलिए इस



स्टाइलिश दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए शुरूआती मैच के लिए समय पर फिट होना लगभग असंभव होगा।अंगूठे के फ्रैक्चर को ठीक होने में आम तौर पर लगभग 14 दिन लगते हैं जिसके बाद व्यक्ति से अपने नियमित नेट सत्र शुरू करने की उम्मीद की जाती है। पर एडिलेड में दूसरा टेस्ट छह दिसंबर से शुरू हो रहा है तो संभावना है कि वह उस मैच के लिए समय पर फिट हो जाएंगे। गिल की अनुपस्थिति राष्ट्रीय टीम के लिए बहुत मुश्किल भरी हो सकती है क्योंकि वह तीसरे नंबर के लिए अहम बल्लेबाज हैं और रोहित की अनुपस्थिति में उन्हें यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत कराने के लिए विचार किया जा सकता था। वहीं लोकेश राहुल को भी टीम के अभ्यास मैच के शुरूआती दिन प्रसिद्ध कृष्णा की शॉर्ट गेंद से कोहनी में चोट लगी है और उन्हें मैदान छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। राहुल के चोट वाले हिस्से पर आइसिंग की जरूरत पड़ी और वह शनिवार को अभ्यास के दूसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे। हालांकि ऐसा एहतियात के तौर पर किया गया। अगर गिल अनुपस्थित रहते हैं तो अभिमन्यु ईश्वरन को टेस्ट पदार्पण का मौका मिल सकता है क्योंकि भारत के पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं। हालांकि बेटे के पिता बने कप्तान रोहित शर्मा अगर तीन दिन की ट्रेनिंग के लिए टीम में शामिल होने का फैसला करते हैं तो कहानी अलग होगी। मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी में 43.2 से अधिक ओवर गेंदबाजी करते हुए सात विकेट लिए हैं और 37 रन बनाए हैं। इससे निश्चित है कि वह दूसरे टेस्ट से पहले टीम से जुड़ने जा रहे हैं।

# रघुवंशी ने मुंबई को दिलाई जीत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पालम के एयरफोर्स ग्राउंड में रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच में सर्विसेज पर मुंबई की 9 विकेट से शानदार जीत में अंगकृष रघुवंशी, सिद्धेश लाड और आयुष म्हात्रे जैसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों का योगदान रहा जिन्होंने टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया। 24/1 के स्कोर से आगे खेलते हुए मुंबई को 135 रन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए स्थिर हाथों की जरूरत थी, और रघुवंशी ने ऐसा किया। उन्होंने 114 गेंदों पर 55 रनों की ठोस पारी खेली और अनुभवी सिद्धेश लाड के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 128 रनों की निर्णायक साझेदारी की जिन्होंने 93 गेंदों पर नाबाद 73 रन बनाए। दोनों ने मिलकर मुंबई को एक विकेट पर 137 रन तक पहुंचाया और जीत को सुनिश्चित किया। इस जीत ने न केवल मुंबई की लगातार दूसरी जीत दर्ज की बल्कि पांच मैचों में 22 अंकों के साथ ग्रुप स्टैंडिंग में अपना तीसरा स्थान भी मजबूत किया। बड़ौदा 27 अंकों के साथ ग्रुप में सबसे आगे है, जबकि जम्मू और कश्मीर 23 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। रघुवंशी, जो दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर अब्राहम डिविलियर्स के बहुत बड़े प्रशंसक हैं और वर्तमान में शुभमन गिल के नक्शेकदम पर चलते हैं, ने कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ अपने आइपीएल कार्यकाल को याद किया, जिसने उन्हें दबाव की स्थितियों में आत्मविश्वास हासिल करने में मदद की। उन्होंने कहा, आइपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलना एक परिवर्तनकारी अनुभव था। कोच गौतम गंभीर और मेंटर अभिषेक नायर से मुझे जो मार्गदर्शन मिला, वह क्रिकेट कौशल से परे था। उन्होंने बल्लेबाजी, मानसिक तैयारी और यहां तक कि जीवन के बारे में भी अमूल्य सबक साझा किए। उनकी सलाह कुछ ऐसी है जिसे मैं अपने हर मैच में लागू करने की कोशिश करता हूं। रघुवंशी ने टीम के लिए मैच जीतने के बाद कहा, मैं एबी डिविलियर्स और शुभमन गिल की प्रशंसा करता हूं, जो मुझे हर दिन प्रेरित करते हैं। युवा बल्लेबाज ने कोलकाता के उत्साही प्रशंसकों को भी याद किया और कहा, कोलकाता में खेलना खास था। प्रशंसकों की ऊर्जा बेजोड़ है और यह एक ऐसी याद है जिसे मैं अपने साथ रखता हूं। इस उपलब्धि पर विचार करते हुए रघुवंशी ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा, हर जीत खास होती है और यह मुंबई की तीसरी जीत थी, जिसने हमें तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। यह एक शानदार एहसास है और छह अंक अर्जित करना सबसे महत्वपूर्ण परिणाम था। मैं इसके बारे में खुश हूं।


## नेशंस लीग : रोनाल्डो के दो गोल से पुर्तगाल की पोलैंड पर बड़ी जीत



**मैड्रिड।** स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल के दम पर पुर्तगाल ने पोलैंड को 5-1 से हराकर नेशंस लीग फुटबॉल टूनामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। स्कॉटलैंड ने क्रोएशिया को 1-0 से हराकर नौ मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज करके टूनामेंट के शीर्ष स्तर पर बने रहने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं। इस बीच बुखारेस्ट में रोमानिया और कोसोवो के बीच मैच को इंजरी टाइम में रोक दिया गया और बाद में इसे गोल रहित ड्रॉ पर रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाथापाई हुई और कोसोवो के खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए। यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए ने यह नहीं बताया कि खेल को बीच में क्यों रोक दिया गया लेकिन कथित तौर पर कोसोवो के खिलाड़ी सर्बियाई समर्थक नारे सुनकर नाराज थे। इस फुटबॉल संस्था ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, रोमानिया और कोसोवो के बीच यूईएफए नेशंस लीग मैच रद्द कर दिया गया है।

## रोहित ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी बेटे के जन्म की जानकारी लिखा दिल छू लेने वाला मैसेज

**नयी दिल्ली।** टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर पिता बन गए हैं। रोहित की पत्नी रितिका सजदेह ने बेटे को जन्म दिया है। इस खबर की पुष्टि खुद अब रोहित शर्मा ने की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर इस बारे में अपने फैंस को जानकारी दी है। रोहित शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर लिखा, उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें एक खुशहाल परिवार की पेंटिंग है, जहां पति-पत्नी बेटी और एक छोटा बच्चा दिखाई दे रहा है। फोटो पर लिखा हुआ है, एक से हम चार हो गए. फैमिली। आपको बता दें कि रोहित शर्मा और उनकी वाइफ रितिका सजदेह 15 नवंबर को एक बार फिर माता पिता बने हैं। उनके घर इस बार बेबी बॉय का जन्म हुआ है। रोहित और रितिका पहले से ही एक बेटी के माता-पिता है। उनकी बेटी समायरा का जन्म 2018 में हुआ था, जो अब 30 दिसंबर को अपने 6 साल पूरे कर लेंगी।




## यूपी ने 587 रन पर घोषित की पारी

**कानपुर।** आराध्या यादव (320) के तिहरे विस्फोटक शतक की मदद से उत्तर प्रदेश कर्नल सीके नायडू ट्राफी के दूसरे दिन गोवा के खिलाफ अपनी पहली पारी चार विकेट पर 587 रन बना कर घोषित कर दी। ग्रीनपार्क स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय गोवा ने अपनी पहली पारी में एक विकेट खोकर 82 रन बना लिये थे। अजान थोता 39 और कौशल हट्टागंडी 20 रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे।

## ड्रा खेलकर यूपी का रणजी अभियान खत्म

**लखनऊ।** माधव कौशिक (134) और आर्यन जुयाल (106) के शानदार शतक के बावजूद उत्तर प्रदेश रणजी ट्राफी ग्रुप सी के अंतिम लीग मुकाबले में कर्नाटक के खिलाफ सीधी जीत दर्ज करने में विफल रहा और उसका अंक तालिका में नीचे से दूसरी पायदान पर रह कर उसका सफर खत्म हो गया। उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में मात्र 89 रन बनाये थे जिसके जवाब में कर्नाटक की पहली पारी 275 रनो पर खत्म हुयी थी। दूसरी पारी में यूपी में जबरदस्त वापसी करते हुये 446 रन का स्कोर खड़ा किया हालांकि गेंदबाजों के लचर प्रदर्शन से कर्नाटक की दूसरी पारी के पांच विकेट ही 178 रन पर गिर सके और मैच हार जीत के फैसले के बगैर खत्म हो गया।

## बंगाल, बिहार ने अपने शुरूआती मैच जीते

**कल्याणी (पश्चिम बंगाल।** 32 बार के चैंपियन पश्चिम बंगाल ने शनिवार को यहां संतोष ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के 78वें संस्करण में अपना झारखंड को 4-0 से हरा कर शुरू किया। कल्याणी स्टेडियम में ग्रुप सी मैच में मेजबान टीम को संभलने में समय लगा और हाफ टाइम से कुछ मिनट पहले मनोतोस माजी ने बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में 65वें और 66वें मिनट में रोबी हांसदा के लगातार दो गोल ने झारखंड की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

## पोग्बा और जुवेंटस ने आपसी सहमति से अलग होने का किया फैसला

**एजेंसी**

**ट्यूरिन।** पॉल पोग्बा और जुवेंटस ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है क्योंकि फ्रांसीसी मिडफील्डर को फुटबॉल से 18 महीने का प्रतिबंध झेलना पड़ रहा है। सितंबर 2023 में नियमित ड्रग टेस्ट के दौरान 2018 विश्व कप विजेता को डीएचईए के लिए सकारात्मक पाया गया, जो टेस्टोस्टेरोन के स्तर को बढ़ाने वाला पदार्थ है। इतालवी क्लब के साथ पोग्बा का अनुबंध आधिकारिक तौर पर 30 नवंबर, 2024 को समाप्त हो जाएगा, 31 वर्षीय पोग्बा मार्च 2025 में पिच पर वापसी की तैयारी कर रहे हैं। जुवेंटस द्वारा जारी एक बयान में,



क्लब ने ट्यूरिन में अपने समय के दौरान पोग्बा के योगदान को स्वीकार किया और उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना की। बयान में कहा गया, जुवेंटस फुटबॉल क्लब और पॉल पोग्बा ने घोषणा की है कि वे 30 नवंबर 2024 तक अपने अनुबंध को समाप्त करने के लिए आपसी समझौते पर पहुंच गए हैं। क्लब पॉल को उनके पेशेवर भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है।

# ब्रांड एंबेसडर के रूप में एचआइएल टीम गोनासिका में शामिल हुए संजय दत्त

**एजेंसी**

**विशाखापत्तनम।** आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) में विजाग की पुरुष टीम गोनासिका ने पहले सीजन में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त को टीम का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। खेल के दिग्गजों, हेड कोच जगबीर सिंह और मेंटर एम.एम. सोमाया की अगुआइ वाली टीम 28 दिसंबर को राउरकेला के प्रतिष्ठित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में दिल्ली एसजी पाइपर्स के खिलाफ अपने मुकाबले से अपने एचआइएल अभियान की शुरूआत करेगी। बॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित अभिनेताओं में से एक संजय दत्त, जिन्हें मुन्ना भाई एमबीबीएस और वास्तव जैसी फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है, अपनी स्टार पावर और खेल के प्रति जुनून को टीम में लेकर आए हैं। उनकी भागीदारी निस्संदेह लीग की ओर महत्वपूर्ण ध्यान और समर्थन आकर्षित करेगी, जिससे गोनासिका और हॉकी इंडिया लीग की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। हॉकी इंडिया की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में संजय दत्त ने कहा, टीम गोनासिका के ब्रांड एंबेसडर के रूप में आपके सामने खड़े होकर मुझे बेहद गर्व महसूस हो रहा है। हॉकी इंडिया लीग में अपनी यात्रा शुरू करने वाली इस शानदार टीम का समर्थन करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं तारिणी प्रसाद मोहंती और उनके बेटे अब्रिद मोहंती की दिल से प्रशंसा करना चाहता हूँ, जिनके जुनून और दूरदर्शिता ने इस टीम को जीवंत किया है। हॉकी को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को सशक्त बनाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता वास्तव में प्रेरणादायक है। मैं इस परिवार का हिस्सा बनकर भी रोमांचित हूं, जो गोनासिका विजाग को लीग में एक पावरहाउस बनाने के लिए उनकी टीम का समर्थन कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं अपने



भाइयों जैसे दो लोगों, रमेश डीपी दास और स्टीवन शिपिंग के अटूट समर्थन को भी स्वीकार करना चाहूंगा। हमारे पास भारतीय पुरुष हॉकी टीम के दिग्गज पूर्व कप्तान डॉ. दिलीप तिर्की हैं जो हमारा मार्गदर्शन करते हैं, हमें सलाह देते हैं और हमें गौरव के मार्ग पर ले जाते हैं। गोनासिका विजाग परिवार के एक हिस्से के रूप में, मैं 28 दिसंबर को उद्घाटन समारोह में शामिल होने और हमारी टीम का उत्साहवर्धन करने के लिए उत्साहित हूं। आइए हम अपने खिलाड़ियों का समर्थन करें और विजाग को गौरवान्वित करें। आप सभी का धन्यवाद और गोनासिका टीम को शुभकामनाएं। गोनासिका ने पिछले महीने एचआइएल नीलामी में एक शानदार टीम बनाई थी। मनप्रीत और मंदीप इस टीम में सबसे महत्वपूर्ण भारतीय खिलाड़ी हैं, साथ ही भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व खिलाड़ी बीरेंद्र लाकड़ा, एस.वी. सुनील, एस.एल. उथप्पा और निकिन थिमैया भी इस टीम में शामिल हैं। उनके पास अरिजीत सिंह हुंदल और विष्णुकांत सिंह जैसे बेहद सम्मानित युवा भारतीय खिलाड़ी भी हैं। टीम में विदेशी खिलाड़ियों में एफआइएच राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर 2022 टिमोथी क्लेमेंट, आस्ट्रेलियाई टिमोथी हॉवर्ड और ग्रेट ब्रिटेन से ओलिवर पायने, जैक वालर, जैकब ड्रेपर, ली मॉर्टन और स्टुआन वॉकर सहित एक बड़ा दल शामिल है। गोनासिका के मालिक तारिणी प्रसाद मोहंती ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, ह्लसंजय दत्त को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाकर हम रोमांचित हैं। गोनासिका के साथ उनका जुड़ाव हमारी टीम में उत्साह और ऊर्जा की एक अतिरिक्त परत लाता है। संजय का बड़ा व्यक्तित्व और खेलों के प्रति जुनून निस्संदेह हमारे खिलाड़ियों और प्रशंसकों को प्रेरित करेगा। हमारी टीम अनुभवी दिग्गजों और युवा प्रतिभाओं का एक आदर्श मिश्रण है, चाहे वह घरेलू हो या अंतरराष्ट्रीय। हम आने वाले रोमांचक सीजन की प्रतीक्षा कर रहे हैं और अपने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सर्वश्रेष्ठ वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप : भारत ने चीन को हराकर लगाया जीत का चौका




प्लेयर आफ द मैच सलीमा टेटे

**एजेंसी**

**नालंदा।** बिहार के राजगीर में महिला हॉकी एशियन चैंपियनशिप में शनिवार की शाम भारत ने चीन को 3-0 से पराजित किया है। इसके साथ ही भारत ने लगातार चौथी जीत हासिल की है। गुरुवार की शाम भारत ने थाईलैंड को 13-0 से करारी शिकस्त देकर जीत की हैट्रिक लगायी थी। चीन की यह पहली हार है। मैच का पहला गोल कुमारी संगीता, दूसरा गोल कप्तान सलीमा टेटे और तीसरा गोल, दीपिका कुमारी ने किया। प्लेयर आफ द मैच सलीमा टेटे रही। दर्शकों ने भारतीय टीम को खूब उत्साहवर्द्धन किया।

**कैसे तैयार की रणनीतिः**

महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि मैच उनकी टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण था। हमने टीम के रूप में मिलकर कड़ी मेहनत की और एक अच्छा मैच खेला। हमारा आपसी तालमेल और समर्पण शानदार रहा है। हमने चीन को 3-0 से हराया, जिससे हमें बहुत अच्छा लग रहा है। चीन के खिलाफ मैच के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास था, कि हम अपनी रणनीति के अनुसार खेलेंगे और जीत हासिल करेंगे। भारत का अगला मैच जापान से है।

> हम अगले मैच के लिए पूरी तरह तैयार हैं। और बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे। हम हर मैच का वीडियो देखकर विश्लेषण करते हैं ताकि अपनी कमियों को पहचान सकें और अगले मैच में सुधार कर सकें।
> **सलीमा टेटे, कप्तान**

**टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट**

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीम टेटे ने कहा कि टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। टीम के भीतर एक-दूसरे के खेल को समझने और साथ समय बिताने पर जोर दिया गया, जिससे टीम को मोटिवेट करने में मदद मिलती है। चीन के खिलाफ तीन गोल से जीत की संख्या के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि एक गोल से जीत हो या पांच से, जीत ही जीत होती है। उन्होंने गेंद के नियंत्रण में कुछ कमियों को स्वीकार किया और कहा कि इस पर काम किया जाएगा।

## जापान और कोरिया की टीम को मिली पहली जीत

**नालंदा।** बिहार के राजगीर में महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2024 चल रही है। शनिवार को दो मुकाबला हुआ। जापान और कोरिया ने इस चैंपियनशिप में पहली बार जीत का स्वाद चखा। पहले मैच में जापान ने मलेशिया को 2-1 से हराया वहीं दूसरे मैच में कोरिया ने थाईलैंड को एकतरफा मुकाबले में 4-0 से करारी शिकस्त दी. मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। पहले मुकाबले में मलेशिया ने पहले हाफ में जापान पर 1-0 की बढ़त बना ली। मलेशिया की ओर से मोहम्मद नूर ने मैच का पहला गोल दागा था। जापान की ओर से तमुरा अयाना और हंसेगावा मियू ने एक-एक गोल दाग कर मैच अपने नाम कर लिया। जापान 4 मैच खेल हैं। इनमें एक में जीत दर्ज की। एक मैच में हार हुई। चीन ने 14 नवंबर को हराया था। वहीं, दो मैच ड्रा रहा. टूनामेंट का पहला मैच कोरिया के साथ जापान ने दो-दो की बराबरी पर खत्म किया था। दूसरा मैच थाईलैंड के साथ एक-एक पर ड्रा खेला था। जापान 5 पॉइंट के साथ तीसरे नंबर पर है।

**कोरिया ने थाइलैंड को हराया**

दूसरे मैच में कोरिया, थाईलैंड पर शुरू से हावी रहा। मौका मिलते ही कोरिया की खिलाड़ियों ने एक के बाद एक गोल दाग कर 4-0 से थाईलैंड को हराया। इस मैच में जीत के साथ कोरिया ने टूनामेंट का पहला जीत दर्ज किया। कोरियाई टीम ने पेनाल्टी कॉर्नर का बेहतरीन उपयोग करते हुए लगातार गोल दागे। दूसरे क्वार्टर में पार्क सेऊंगे ने टीम को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद पार्क मिहंग ने तीसरे क्वार्टर में टीम की बढ़त को दोगुना किया।





**संवाद का दूसरा दिन : आदिवासी समुदाय के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देख मुग्ध हुए शहरवासी**

यहां गोपाल मैदान में शुरु हुए राष्ट्रीय आदिवासी सम्मेलन संवाद-2024 के दूसरे दिन शाम में देश भर से आये आदिवासी समुदाय ने अपने पारम्परिक नृत्य एवं वादन से हजारों दर्शकों को मुग्ध कर दिया। इस दौरान लोग आदिवासी व्यंजनों एवं हस्त कला एवं हस्तशिल्प की खरीददारी भी कर रहे हैं।

# नवोन्मेषी मॉडलों और उद्योग-अकादमिक दिग्गजों के साथ स्कूली बच्चों ने किया अतुलनीय प्रदर्शन

- एनआइटी जमशेदपुर में उद्योग-अकादमिक कॉन्क्लेव का दूसरा दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एनआईटी जमशेदपुर 15-17 नवंबर 2024 तक दूसरे उद्योग-अकादमिक कॉन्क्लेव की मेजबानी कर रहा है। कल एनआईटी जमशेदपुर में इंडस्ट्री-एकेडेमिया कॉन्क्लेव के पहले दिन सम्मेलन का उद्घाटन झारखंड के माननीय राज्यपाल संतोष गंगवार जी ने किया। कॉन्क्लेव के दूसरे दिन चार राष्ट्रीय और औद्योगिक प्रासंगिकता के ऊपर पैनल चर्चाएं हुईं एवं विभिन्न विषयों पर स्कूली छात्रों ने मॉडल प्रस्तुतिकरण किया। सम्मेलन का उद्देश्य विकसित-भारत & विकसित- झारखंड है।

पैनल चर्चा सामाजिक विकास के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण और विषय पर अकादमिक-कॉर्पोरेट भागीदारी द्वारा उत्तरदायित्व में उद्योग की भागीदारी शामिल थी पैनल चर्चा में शिक्षा जगत के दिग्गज, प्रो धीरज कुमार (उप निदेशक, आईआईटी आईएसएम धनबाद), डॉ दीपक मिश्रा (इसरो), श्री सत्यनारायण नंदा (प्रमुख सीएसआर, टीएस एलपीएल) डॉ आराधना रे (मालिक, लक्ष्मी एसोसिएट्स) श्री रामदास कटरे (वीपी-जिंदल पावर लिमिटेड) और गौरव आनंद (संस्थापक, स्वच्छता पुकारे-फाउंडेशन)ने भाग लिया।



विजेता टीम को पुरस्कृत करते एनआइटी के निदेशक डा गौतम सूत्रधार व अन्य अतिथि।

पैनल के सदस्यों ने रणनीतिक आवश्यकता पर प्रकाश डाला और विकसित भारत, विकसित-झारखंड हासिल करने के लिए शिक्षा जगत-उद्योग-सरकार के बीच तालमेल पर प्रकाश डाला और साथ ही सहयोगात्मक परियोजना-डिजाइनों और उनके लिए सबसे सफल मॉडलों पर ध्यान केंद्रित करायो उन्होंने इसके प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए विभिन्न तरीकों और मेट्रिक्स का भी सुझाव दियो पैनल ने उपलब्धि हासिल करने में सरकारी नीति की भूमिका पर भी प्रकाश डालो उन्होंने पीपीपी मोड पर चर्चा की एवम

विकसित भारत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के लिए परियोजना कार्यान्वयन पर चर्चा की।

अन्य पैनल चर्चा में वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग की खोज विषय पर चर्चा हुई। जिसका विषय उद्योग 4: सतत विनिर्माण के लिए रोबोटिक्स, आईओटी और साइबर-भौतिक-प्रणालियाँ थीं।

पैनल के सदस्यों में प्रो. ए. एलायपेरुमल, (निदेशक-एनआईटी-नागालैंड), डॉ. सलीम जी पुरूषोतमन(ईडी ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड), प्रो. प्रभात कुमार (एनआईटी-पटना), प्रो. राजेश तिवारी (प्रिंसिपल, आरवीएससीईटी-जमशेदपुर), श्री मनोवर इस्माइल (वरिष्ठ महाप्रबंधक-डीवीसी), डॉ. रोहित आनंद (सीईओ रोजा टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड), और श्री कुणाल घोष (संस्थापक, वीएसडी-बैंगलोर) ने भाग लिया। पैनल की चर्चा दीर्घकालिकता के लिए उद्योग 4.0 प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित थी। साथ ही इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी), रोबोटिक्स और साइबर-भौतिक प्रणालियों का उपयोग करके विनिर्माण प्रौद्योगिकी पर भी प्रकाश डाला गया। उद्योग 4.0 पारंपरिक विनिर्माण परिदृश्य में बदलाव का संकेत दे रहा है।

## स्पीड न्यूज

### पूर्व विधायक अरविंद सिंह को मातृशोक, अंत्येष्टि आज



**जमशेदपुर।** ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह उर्फ मलखान सिंह की माता शशि बाला देवी (स्व. प्रो भगवती प्रसाद सिंह) (92) का गत शुक्रवार का सुबह 9.30 बजे टीएमएच में हो गया। वह अस्वस्थ थीं और अस्पताल में लंबे समय से ईलाज चल रहा था। शशिबाला देवी की अंत्येष्टि रविवार को पार्वती घाट, बिष्टुपुर में किया जायेगा। शवयात्रा सुबह 9 बजे से निकाली जायेगी। वह अपने पीछे तीन पुत्र व पुत्र वधू, पौत्र, पौत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार 17 नवंबर को पार्वती घाट पर होगा। 17 नवंबर की सुबह 9 बजे उनके एम-09, आदित्यपुर स्थित आवास से शव यात्रा निकाली जायेगी। जानकारी मिलने पर उनके शुभचिंतकों ने उनके आवास पर पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। उक्त आशय की जानकारी ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह के आप्त सचिव सुनील गुप्ता ने दी है।

### लोक गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग



**गम्हरिया।** गम्हरिया क्षेत्र के सामाजसेवी सह राजद नेता मुकेश झा ने मैथिली और भोजपुरी संगीत को समृद्ध बनाने वाली महान गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग केंद्र सरकार से किया है। उन्होंने कहा है कि शारदा सिन्हा ने अपनी मधुर आवाज और अनमोल योगदान से इन भाषाई परंपराओं को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया। विदित है कि मैथिली और भोजपुरी संगीत की सुर साम्राज्ञी मानी जाने वाली शारदा सिन्हा को उनके प्रशंसक प्यार से मिथिला की लता मंगेशकर भी कहते हैं। उन्होंने विवाह, मुंडन, और आस्था का महापर्व छठ जैसे अवसरों पर ऐसे गीत दिए, जो आज भी हर दिल में बसे हुए हैं। उनके गीत छठ पर्व की पहचान बन चुकी है और बिहार-झारखंड सहित देशभर के प्रवासी भारतीयों के बीच भी लोकप्रिय हैं। झा ने कहा कि शारदा सिन्हा का योगदान केवल गीतों तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने मैथिली और भोजपुरी संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलायी। उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करने का यह सही समय है। शारदा सिन्हा को पहले ही पद्मश्री और पद्मभूषण जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। लेकिन उनके कार्यों की विशालता को देखते हुए उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए।


# 12 घंटे में गोली मार कर दो की हत्या

- चुनाव खत्म होते ही जमशेदपुर में बेखौफ हुए अपराधी
- डिमना रोड में गैंगस्टर टोनी सिंह की हत्या, तो बिरसानगर सीटू तालाब के पास व्यवसायी सुनील की हत्या

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** चुनाव के बाद एक बार फिर अपराधी बेखौफ नजर आ रहे हैं। डिमना रोड में बीती रात 1.00 बजे जहां गैंगस्टर अमरनाथ गिरोह के टोनी सिंह की हत्या कर दी गई तो शनिवार की सुबह 10.30 बजे बिरसानगर सीटू तालाब के पास कारगो ट्रांसपोर्ट के ठेकेदार सुनील सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई।

**टोनी सिंह की हत्या में छह अपराधी शामिल :** मानगो डिमना रोड में बीती रात एक बजे उमा टिफिन के पास दोस्तों के साथ खड़े अमरनाथ गिरोह के टोनी सिंह को गोली मार कर हत्या कर दी गई। टोनी सिंह हयातनगर निवासी था। हत्यारे तीन बाइक पर सवार होकर आये थे जिनकी संख्या छह थी। गोली टोनी सिंह के सिर पर लगी और वहीं उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से परिजन उसे ब्रम्हानंद अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने गोली चलाने वाले की पहचान गैंगस्टर गणेश सिंह के साथ अविनाश के रुप में की है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले ही अविनाश और टोनी में गौड़ बस्ती में विवाद हुआ था।

**सीटू तालाब के पास ठेकेदार** 

**सुनील सिंह की हत्या में तीन अपराधी शामिल :** बिरसानगर के सीटू तालाब के पास आज दोपहर ठेकेदार सुनील सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई। तीन की संख्या में अपराधी बाइक पर सवार होकर आये और सुनील सिंह को गोली मारने के बाद तार कंपनी की ओर निकल गए। अपराधी दूबहले-पतले और लंबे कद-काठी के थे। एक ने हेल्मेट पहन रखा था बाकी खुले चेहरे के साथ थे।

घायल सुनील सिंह को उनके साथ रहे गोलमुरी निवासी मो सलमान और उसके साथी बाइक से लेकर टाटा मोटर्स मेन हॉस्पिटल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत सुनील को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही टेल्को के थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार और डीएसपी सुनील कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। घटना स्थल से कारतूस के चार खोखे बरामद किये गये हैं।

मो सलमान भी कान्वाई इंचार्ज हैं। बिरसानगर संडे मार्केट स्थित आवास से सुनील सिंह अपने साथी मो. सलमान के साथ दिन के 10.30 बजे स्कूटी से निकले थे। वह स्कूटी चला रहा था। दोनों चेसिस यार्ड पहुंचे और वहां से कार्यालय का काम निपटा कर सुनील सिंह बाराद्वारी में फिजियोथिरेपी कराने के लिए जा रहे थे क्योंकि उनके पैर में काफी तकलीफ थी। सीटू तालाब के पास तीन की संख्या में अपराधी बाइक से आये, उन्होंने स्कूटी पर पहले दो गोली चलायी। किसी तरह वह स्कूटी लेकर भागने लगा तो अपराधियों ने फायर खोल दिया, जिससे वह नीचे गिर पड़ा। देखा तो सुनील सिंह को गोली लगी है। तत्काल इसकी जानकारी सुनील सिंह के बेटे और परिजनों को दी गई। वे सभी आये और सुनील सिंह को टाटा मोटर्स अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

47 वर्षीय सुनील सिंह कारगो ट्रांसपोर्ट के ठेकेदार हैं जो टाटा मोटर्स की चेसिसों को सेल्स ऑफिस तक भेजा करता है।

## साईं गुरुकुल ट्रस्ट की ट्रेनर मीता घोष बनीं मिसेज इंडिया 2024

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**आदित्यपुर।** साईं गुरुकुल ट्रस्ट की योगा एंड फिटनेस ट्रेनर मीता घोष मिसेज इंडिया 2024 चुनी गई हैं। यह अवार्ड उन्हें पिछले दिनों नई दिल्ली में जेमस्टोन यूनिवर्स और ब्यूटी एंड द बेस्ट मैगजीन द्वारा आयोजित था जिसके द्वारा ग्लोबल ग्लोरी एंटरप्रेन्योर अवार्ड के तहत मिस, मिसेज और मिस्टर इंडिया का चयन प्रतियोगिता के तहत किया गया। इसमें मिसेज इंडिया 2024 का अवार्ड मीता घोष को मिला है। यह जानकारी प्रेसवार्ता में साईं गुरुकुल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवार्ड के लिए देश के 35 जगहों पर



ऑडीशन हुआ था जिसमें 5-5 प्रतिभागियों को फाइनल टेस्ट के लिए चयन किया गया। फाइनल में मिसेज इंडिया 2024 के लिए मीता घोष ने बाजी मारी। उन्हें बॉलीवुड अभिनेत्री मोनिका चौधरी ने ताज पहनाया और अवार्ड देकर पुरस्कृत किया। प्रेसवार्ता में ट्रस्ट के निदेशक देव कुमार ने बताया कि मीता घोष जमशेदपुर के परसूडीह की रहनेवाली हैं।

## टाटा मोटर्स यूनियन की चुनाव प्रक्रिया शुरू, 26 को है मतदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन की चुनाव प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। चुनाव 26 नवंबर को सुबह 8 बजे से शाम पांच बजे तक डिवीजनवार गुप्त मतदान के जरिए कराया जायेगा। निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए वोटिंग स्थान पर सीसीटीवी लगाया जा रहा है।

चुनाव पदाधिकारी चिदानंद खंडाई के अनुसार चुनाव नियमावली का प्रकाशन, चुनाव क्षेत्रों का प्रकाशन एवं दावे-प्रतिदावे को आमंत्रित करने की तिथि 19



चुनाव पदाधिकारी चिदानंद खंडाई।

नवंबर है जबकि चुनाव क्षेत्र का फाइनल लिस्ट का प्रकाशन एवं वोटर लिस्ट का प्रकाशन 20 नवंबर को किया जायेगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन एवं नामांकन पत्र का वितरण 21 नवंबर को किया जायेगा। नामांकन पत्र 22 नवंबर को जमा किया जायेगा और इसी दिन प्रत्याशियों की सूची प्रकाशित की जायेगी। अगले दिन 23 नवंबर को नामांकन पत्रों की जांच कर प्रत्याशियों की फाइनल लिस्ट जारी की जायेगी। उम्मीदवार चाहें तो 25 नवंबर तक नामांकन वापस ले सकेंगे। इसकी अवधि समाप्त होने पर प्रत्याशियों की फाइनल लिस्ट जारी कर दी जायेगी। 26 नवंबर को गुप्त मतदान के जरिए यूनियन सदस्य अपने पसंद के कमेटी मेंबर का चुनाव करेंगे। 27 को नव निर्वाचित कमेटी

## करतार सिंह सराभा जैसे अमर बलिदानियों के कारण ही देश स्वतंत्र है : अमरप्रीत सिंह काले

- करतार सिंह सराभा बलिदान दिवस पर नमन परिवार द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नमन परिवार ने अपनी परंपरा को जारी रखते हुए साकची स्थित कार्यालय में इस वर्ष भी अमर बलिदानी करतार सिंह सराभा के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का नेतृत्व नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने किया जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों, महिलाओं और



बैठक को संबोधित करते नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले।

युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध मजदूर नेता राकेश्वर पांडेय ने अपने सम्बोधन में कहा, करतार सिंह सराभा का बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का अमूल्य अध्याय है। उनका जीवन हमें कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र सेवा का मार्ग दिखाता है। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज समाज में चारों ओर जो नकारात्मकता फैली है।

## आंध्र भक्त श्री राम मंदिरम् बिष्टुपुर में श्री सत्यनारायण व्रतम् आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आंध्र भक्त श्री राम मंदिरम, बिष्टुपुर, एक भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारी कर रहा है। आगामी 17 नवंबर, रविवार को सुबह 10 बजे से विशेष रूप से श्री सत्यनारायण व्रतम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के महत्व और इसके व्यापक धार्मिक संदर्भ को समझाते हुए, मंदिर के महासचिव दुर्गा प्रसाद शर्मा और डिप्टी प्रेसिडेंट जम्मी भास्कर ने बताया कि इस आयोजन में कुल 200 जोड़े श्री सत्यनारायण व्रतम में बैठेंगे। यह संख्या आयोजन की भव्यता और श्रद्धालुओं की धार्मिक भावना का प्रतीक है। इस व्रतम का आयोजन अति विशेष और पारंपरिक रूप से करने के लिए, आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध अन्नवरम जिले के श्री वीरा वेंकटा श्री सत्यनारायण स्वामी वारी देवस्थानम से पंडित श्री डी. सत्यनारायण जी को आमंत्रित किया गया है। पंडित जी इस व्रतम की विधियों और अनुष्ठानों के आयोजन में अद्वितीय विद्वता प्राप्त माने जाते हैं। पूजा के दौरान प्रयुक्त होने वाली सभी सामग्रियां भी विशेष रूप से अन्नवरम से मंगायी गयी हैं।

# चैंबर की व्यवसाय उद्यम के अलावा सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्र की सक्रियता सराहनीय : इंदर अग्रवाल

- चेंबर का दीपावली मिलन समारोह गुजराती सनातन समाज में हुआ आयोजित
- चेंबर की परंपरा है कि पर्व त्योहारों को अपने सदस्य के परिवार सहित हर्षोल्लास से आनंद उठाता है : विजय आनंद मूनका

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा दीपावली मिलन समारोह शुक्रवार गत 15 नवंबर को संध्या 7 बजे



कार्यक्रम को संबोधित करते अध्यक्ष विजय आनंद मूनका।

से गुजराती सनातन समाज बिष्टुपुर में किया गया। दीवाली मिलन समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में एशिया के अध्यक्ष इंदर अग्रवाल, चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, आर के अग्रवाल,श्री निर्मल काबरा, उमेश कांवटिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने उपस्थित अतिथिगणों, पूर्व अध्यक्षों एवं सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये कार्यक्रम में शामिल होने के लिये उनको सह्रदय धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि चैम्बर अपने सदस्यों और उनके परिवारों के लिये पर्व त्योहारों की खुशियां एक साथ मनाने के लिये प्रत्येक वर्ष इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करती है। दीपावली पर्व दीप रौशन कर उज्जवल भविष्य और उन्नति की कामना करने का दिन होता है। इसी उपलक्ष्य में चैम्बर के द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन गुजराती सनातन समाज में किया गया है। इसमें आपसबों की उपस्थिति हमें इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन हेतु प्रेंरित और उत्साहित करती है।

## एक नजर में

### मैग्नस कार्लसन व एलेक्जेंड्रा गोरयाचकिना बने टाटा स्टील चेस इंडिया रैपिड 2024 के चैंपियन

**कोलकाता।** धोनो धान्यो ऑडिटोरियम, कोलकाता में आयोजित टाटा स्टील चेस इंडिया रैपिड एंड ब्लिट्ज के रैपिड इवेंट का शानदार समापन हुआ। ओपन सेक्शन में मैग्नस कार्लसन और महिला सेक्शन में एलेक्जेंड्रा गोरयाचकिना ने जीत हासिल कर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। ओपन सेक्शन में विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने अंतिम दिन बेहतरीन प्रदर्शन के साथ खिताब पर कब्जा जमाया। लगातार शीर्ष पर बने रहने वाले कार्लसन ने सातवें राउंड में विन्सेंट कीमर को मात दी, जो टूनार्मेंट के दौरान अपना जन्मदिन मना रहे थे। इसके बाद, आठवें राउंड में उन्होंने डेनियल डुबोव पर शानदार जीत दर्ज की और नौवें राउंड में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ ड्रॉ खेला। कुल 9 में से 7.5 अंकों के प्रभावशाली स्कोर के साथ, कार्लसन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से दो अंक की बढ़त लेते हुए खिताब अपने नाम किया। भारत के आर. प्रज्ञानानंदा और वेस्ली सो 5.5 अंकों के साथ समान स्कोर पर रहे, लेकिन बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर के आधार पर प्रज्ञानानंदा ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि वेस्ली सो तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में, एलेक्जेंड्रा गोरयाचकिना ने 7.5 अंकों के साथ शानदार फॉर्म जारी रखते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। सातवें दौर में भारत की कोनेरू हम्पी के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद, उन्होंने दिव्या देशमुख और वैलेंटिना गुनिना पर लगातार जीत दर्ज की, जिससे वह पोडियम के शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। जॉर्जिया की नाना दजाग्निडेज ने 5.5 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि भारत की वंतिका अग्रवाल ने 5 अंकों के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे स्थान पर अपना दावा ठोका। रैपिड इवेंट के शानदार समापन के बाद अब ब्लिट्ज सेक्शन की बारी है, जहां दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ी खिताब के लिए मुकाबला करेंगे।

### आनंदमार्ग के सुनील को ब्लड बैंक ने किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग को प्रत्येक माह जमशेदपुर ब्लड सेंटर में रक्तदान करने के लिए श्रीमती रुचि नरेंद्र के हाथों सुनील आनंद अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किये गये। टीम पीएसएफ यानी प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन का 14 बीं वर्षगांठ भगवान बिरसा मुंडा जी एवं टाटा मेडिकल सेंटर कोलकाता में इलाजरत अर्षनन्दन के नाम समर्पित. तीन शतकवीर, दो 75 बां, एक 50 बां, दो 25 बां, एवं कोलकाता में एसडीपी रक्तदान करने वाले रक्तवीर योद्धाओं को किया गया सम्मानित।

### +2 तक के लिए सिदगोड़ा में तीसरा बाल मेला 20 से

**जमशेदपुर।** स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और नेचर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 20 नवंबर को तृतीय बाल मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले का आयोजन बाल उद्यान, चिल्ड्रन पार्क, सिदगोडा, जमशेदपुर में किया जा रहा है। स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी अशोक गोयल और नेचर फाउंडेशन के ट्रस्टी अंशुल शरण ने यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि झारखंड विधान सभा चुनाव के दौरान लागू आदर्श आचार संहिता के कारण तृतीय बाल मेला-2024 को विश्व बाल दिवस के अवसर पर एक दिन में ही सीमित करने की योजना है। इसमें 10+2 स्तर तक के स्कूली छात्र भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि मेले का आरंभ प्रातः 8 बजे और समापन संध्या 4 बजे होगा। मेले में विविध प्रकार की खेल कूद प्रतियोगिताएं तथा मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम होंगे। गोयल और श्री शरण ने बताया कि प्रथम बाल मेला 2022 में राष्ट्रीय बाल दिवस (14 नवम्बर) के तथा दूसरा बाल मेला 2023 में विश्व बाल दिवस (20 नवम्बर) के अवसर पर हुआ। प्रथम बाल मेला-2022 तीन दिवसीय तथा द्वितीय बाल मेला-2023 पांच दिवसीय था।

### इंडिया गठबंधन की सरकार में पत्रकारों के लिए होगी योजनाओं की शुरुआत : डॉ अजय कुमार



**जमशेदपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जमशेदपुर पूर्वी से प्रत्याशी डॉ अजय कुमार ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर सभी पत्रकार बंधुओं को शुभकामनाएं दी। मौके पर उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है इसलिए मीडिया व प्रेस को अपनी विश्वसनीयता बनाये रखनी होगी। यह स्वस्थ लोकतंत्र के अत्यंत आवश्यक है। जब प्रेस व मीडिया पर सवाल उठने लगे अथवा एक तरफा काम करने लगे तो इसका प्रभाव कहीं ना कहीं लोकतंत्र के सेहत पर भी पड़ता है। मीडिया सत्ता और समाज के बीच एक मजबूत सेतु है। कुछ एक अपवाद को छोड़ दें तो मीडिया लगातार समाज को जागृत करने अपनी महत्ती भूमिका निभा रहा है। डॉ अजय ने कहा कि मीडिया भी बाजारवाद के प्रभाव से अछूता नहीं रहा। बावजूद मीडिया ने अपनी भूमिका अच्छी तरह निभायी। लोकतंत्र को मजबूत करने के साथ ही समाज के विकास में मीडिया अपनी भूमिक निभा रहा है। इसके लिए मीडिया व प्रेस के साथ ही पत्रकार साथी बधाई के पात्र है। डॉ अजय ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं प्रदेश में इंडिया गठबंधन की सरकार में मीडिया एवे पत्रकार साथियों के कल्याणार्थ योजनाओं की शुरुआत की जायेगी।

### माई किड्स में वार्षिक खेल दिवस मनाया गया



**जमशेदपुर।** डॉ मनोहर लाल गोयल श्रीनिवास केडिया ट्रस्ट के तत्वाधान में वार्षिक खेल दिवस मनाया गया क वार्षिक खेल दिवस की शुरूआत मशाल दौड़ से की गयी। खेल दिवस में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने भाग लिया। बच्चों ने योग, ड्रिल और विभिन्न खेल जैसे खरगोश रेस, बॉल बैलेंसिंग, रिले रेस, पिरामिड बनाना खेल का आनंद लिया। प्रिंसिपल द्वारा प्रथम, द्वितीय और तृतीय खेलों के विजेता को पुरस्कार वितरण किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल की प्राचार्य, ईशा गोयल, स्कूल के शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का योगदान था। हेड, माई किड्स एवं अद्वितीय, ईशा गोयल।

# 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



एजेंसी

**कटिहार।** नेहरू युवा केंद्र, कटिहार द्वारा आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत शनिवार को +2 गांधी उच्च विद्यालय, में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और युवाओं को इसके प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार, जिला युवा अधिकारी जनक राज मीना, संगीत शिक्षिका डॉ. कंचन प्रिया और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार ने युवाओं से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील की, जबकि जिला युवा अधिकारी जनक राज मीना ने पौधारोपण अभियान में लगाए गए पौधों की जिम्मेदारी लेने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में पियुष्मिता हाजरा ने प्रथम स्थान, रचना कुमारी ने द्वितीय स्थान, दुर्गा घोष ने तृतीय स्थान और सुभानी कुमारी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मोमेंटो, टी-शर्ट, डायरी और पेन से सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को शर्ट और टोपी दी गई।

## मीडिया समाज का दर्पण और दीपक है : डीएम विशाल

**किशनगंज।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर शनिवार को समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीएम विशाल राज ने कहा कि संविधान के दायरे में रहकर कार्य करने वाले को डरने की जरूरत नहीं है। वर्तमान युग में इंटरनेट मीडिया, वेब पोर्टल, फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप पर कुछ भ्रांतियां पैदा की जाती हैं। उससे हमें बचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में मीडिया का दायित्व बढ़ गया है। उन्होंने विस्तार से मीडिया की भूमिका बताई कि भारतीय मीडिया ने अंग्रेजों के जुल्म और स्वतंत्रता सेनानियों के विचार स्पष्ट रूप से जनता के सामने रखने में अहम भूमिका निभाई थी। डीएम ने मीडिया के बदलते रूप एवं भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। सरकार और जनता के बीच संवाद का माध्यम बनता है। जनता के लिए सरकार की जवाबदेही भी तय करता है। मीडिया समाज का दर्पण और दीपक दोनों है। इसे समतल दर्पण की तरह समाज का आइना बने रहने देने की जरूरत है।

### 60 हजार की सुपारी लेकर राहुल को मारी गयी गोली

# प्रेम प्रसंग में हुई सीएसपी संचालक की हत्या, शूटर गिरफ्तार

**15 हजार नगद से पुरस्कृत होगी पुलिस टीम**

**घटना में प्रयुक्त बाइक, अपराधियो के पहने गये कपड़े बरामद**



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के हरसिद्धि थाना अंतर्गत सीएसपी संचालक हत्याकांड़ का पुलिस ने 72 घंटे में उद्भेदन कर दिया है। मामले में दो अपराधियों के अतिरिक्त एक नाबालिग को भी निरूद्ध किया है। इन बदमाशो में शार्प शूटर भी शामिल है। हत्या प्रेम-प्रसंग में कर दी गई है। इसके लिए शूटर को 60 हजार की सुपारी दी गई थी। जिसके लिए अग्रिम राशि भी दिया गया था। इस बाबत एसपी स्वर्ण प्रभात ने पत्रकारों को बताया कि 13 नवम्बर को सीएसपी संचालक की हत्या गोली मारकर कर दी गई थी। घटना के तुरंत बाद डीएसपी रंजन कुमार अरेराज के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। जिसमें साइबर थाना के परि. पुलिस उपाधीक्षक वसीम फिरोज, परि. पुलिस उपाधीक्षक शिप्रा राजपूत, पुनि. पूर्णकाम अरेराज पुलिस अंचल, पुनि सर्वेन्द्र कुमार सिन्हा थानाध्यक्ष हरसिद्धि, पुअनि सुनील कुमार थानाध्यक्ष तुरकौलिया, पुअनि पंकज कुमार थानाध्यक्ष लखौरा, पुअनि अमित कुमार थानाध्यक्ष जितना, पुअनि महेन्द्र कुमार थानाध्यक्ष चिरैया, जिला आसूचना इकाई सहित संबंधित सभी थानों के सशस्त्र बल को शामिल किया गया था। गिरफ्तार अपराधियों में परमेन्द्र कुमार, जयप्रकाश एवं बंटी शामिल है। तीनो की गिरफ्तारी चिरैया से हुई है। जबकि एक नाबालिग को को निरूद्ध किया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त राईडर बाइक, घटना के दिन पहना गया कपड़ा बरमद किया है।

परमेन्द्र का प्रेम-प्रसंग जिस लड़की से था, उससे राहुल भी प्रेम करने लगा। परमेंदर ने राहुल को कई दफा चेतावनी भी दिया था, परन्तु राहुल उसकी बात मानने को जब तैयार नहीं हुआ तब, हत्या की साजिश रची गई। घटना में चार अन्य की तलाश पुलिस कर रही है। इस घटना का साजिशकर्ता तुरकौलिया थाना क्षेत्र का है। वही मुख्य शूटर 14 वर्षीय है। एसपी ने कहा कि टीम ने सराहनीय कार्य किया है, जिसे 15 हजार रुपए नगद इनाम दिए जाएंगे।

## खबर एक नजर में

### शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति और माटी से भी कसकर जुड़े रहना चाहिए : रामनाथ कोविंद

एजेंसी

**डेहरी आन सोन।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा है कि बदलते भारत की तस्वीर में महिलाओं एवं दबे कुचले समुदाय का शैक्षणिक विकास एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति और माटी से भी कसकर जुड़े रहना चाहिए ताकि कितनी भी विषम स्थितियां क्यों ना हो हम मजबूती से उसका मुकाबला कर सकते हैं। रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्त समारोह में आज मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए कोविन्द ने यहां अधिक संख्या में बेटियों के गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बढ़ते बिहार और विकसित होते भारत की निशानी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने छात्रों का आह्वान किया कि आप केवल नौकरी पाने वाली शिक्षा ग्रहण न करें बल्कि अपने शिक्षा से दूसरों को नौकरी प्रदान करने की क्षमता रखने का संकल्प लें । उन्होंने कहा कि आज लोग कृषि और व्यवसाय को अच्छी दृष्टि से नहीं देखते हैं जो की उचित नहीं है। उन्होंने कई उदाहरण देते हुए कहा कि इंजीनियरिंग करने के बाद नौकरी छोड़कर लोग कृषि से अपनी आय को दुगनी कर रहे हैं और इस परिस्थिति में कई अन्य को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कुलाधीपति गोपाल नारायण सिंह की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश में स्थित यह विश्वविद्यालय बिहार ही नहीं बल्कि राष्ट्र के शैक्षणिक मानचित्र पर स्थापित हो चुका है और निश्चित रूप से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान बनकर उभरा है। कार्यक्रम को कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह, बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, भूमि राजस्व मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर प्रोफेसर धर्मेश श्रीवास्तव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के सचिव गोविंद नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर मंचाशीन सभी अतिथियों के अलावे कुलाध्यक्ष एवं छपरा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉक्टर हरिकेश सिंह एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के डॉक्टर संजय कुमार सिंह को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में प्रबन्ध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने शिक्षा मंत्री एवं भू राजस्व मंत्री को पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह एवम अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी संकाय के अध्यक्ष, वरीय शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राए तथा उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# नवजात की मौत पर निजी क्लीनिक में हंगामा

## चिकित्सक पर नवजात शिशु की हत्या का आरोप,थाना में लिखित शिकायत



एजेंसी

**अररिया।** फारबिसगंज रेफरल रोड स्थित डॉ आशुतोष कुमार के निजी क्लीनिक में नवजात शिशु की मौत पर शनिवार को परिजनों ने जमकर हंगामा मचाया। परिजनों ने चिकित्सक पर नवजात शिशु की गला दबाकर हत्या कर दिए जाने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर फारबिसगंज रंगदाहा वार्ड संख्या तीन निवासी निर्मल पासवान की पत्नी 20 वर्षीया शिवानी कुमारी ने फारबिसगंज थानाध्यक्ष को आवेदन देकर चिकित्सक और उसके कर्मचारी के साथ उपहार मेडिकल हॉल के कर्मचारियों पर जाति सूचक गाली देते हुए मारपीट और गले से सोने का चेन छीन लेने का आरोप लगाया है। फारबिसगंज थानाध्यक्ष को चिकित्सक और उसके कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की लिए दिए आवेदन में आवेदिका शिवानी कुमारी ने बताया कि शनिवार सुबह सवा ग्यारह बजे नवजात शिशु का जन्म फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में हुआ था। जिसके बाद ड्यूटी पर तैनात नरपतगंज रेवाही वार्ड संख्या 5 की रहने वाली आशा दीदी 35 वर्षीय रूपा देवी पति सुवेन ठाकुर ने नवजात शिशु को लेकर डॉ आशुतोष कुमार के निजी क्लीनिक लाया। जहां चिकित्सक डॉ आशुतोष कुमार के कहने पर तत्काल पांच और फिर 15 हजार रुपैया लेकर नवजात शिशु एनआईसीयू एसएनसीयू में भर्ती कर लिया। आवेदन में कहा गया है कि करीबन दो घंटे बाद चिकित्सक के द्वारा और पैसे का इंतजाम करनेके लिए बोला गया। पैसे का इंतजाम नहीं होने पर बच्चे को ले जाने की बात कही। नवजात शिशु को लेने जाने पर चिकित्सक द्वारा मांगे गए रुपए को देने में असमर्थता जताने पर चिकित्सक द्वारा नवजात शिशु को गला दबाकर हत्या कर देने और फिर सड़क पर रख देने का आरोप लगाया गया है। आवेदन में चिकित्सक और उसके कर्मचारीयों के द्वारा जाती सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज करने और मारपीट करने का आरोप लगाया गया। चिकित्सीय पुर्जे को फाड़ देने और आवेदिका शिवानी कुमारी और उसकी मां शांति देवी पति परमेश्वर पासवान, देवर नीतीश कुमार पर चिकित्सक और उसके कर्मचारी के साथ उपहार मेडिकल हॉल के कर्मचारियों के द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाया गया है।उपहार मेडिकल हॉल के कर्मचारी द्वारा एक भरी के सोने की चेन को छीन लेने का भी आरोप लगाये हुए थानाध्यक्ष से आरोपी चिकित्सक और उसके कर्मचारियों के साथ उपहार मेडिकल हॉल के कर्मचारी पर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। मामले में फारबिसगंज थानाध्यक्ष ने आवेदन मिलने की बात स्वीकारते हुए कहा कि हंगामा के दौरान पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया गया था।आवेदन की जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकारिता की बदलती प्रवृति

# चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**अररिया।** जिले के परमान सभागार में जिला प्रशासन एवं डिस्ट्रीक्ट प्रेस एसोसिएशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकारिता की बदलती प्रवृति और चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। डिस्ट्रीक्ट प्रेस एसोसिशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार भगत उर्फ मंटू भगत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी जिलाधिकारी सह वरीय अपर समाहर्ता राजमोहन झा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। मौके पर डिस्ट्रीक्ट प्रेस एसोसिशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से संघ के अधिकारियों को साथ सभी पत्रकारों का पहचान पत्र वितरित किया गया। विषय पर बोलते हुए प्रभारी डीएम सह अपर समाहर्ता राजमोहन झा ने पत्रकार और पत्रकारिता को सशक्त जागरूक प्रहरी करार दिया। उन्होंने कहा कि भारत 90 करोड़ मतदाता वाला देश है और लोकतंत्र की यही खूबी है कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के साथ पत्रकारिता समन्वय और सामंजस्य स्थापित किए हुए है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक निदेशक सुबोध कुमाफाइन लोकतांत्रिक परम्परा में पत्रकारिता का स्थान सर्वोपरि है। निष्पक्ष पत्रकारिता आवश्यक है।

## बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश अच्छे सीमा संबंध बनाने में कर रहा है सकारात्मक प्रयास

**किशनगंज।** बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश अच्छे सीमा संबंध बनाने में सकारात्मक प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को बीएसएफ व बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड के द्वारा भारत-बांग्लादेश सीमा में एक सकारात्मक प्रयास किया गया है। बीएसएफ के द्वारा शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया की 14 नवम्बर को घने कोहरे का फायदा उठाकर सीमा क्षेत्र में रहने वाले भारतीयों के तीन मवेशियों को मवेशी तस्करों द्वारा भारत से बांग्लादेश में तस्करी कर ले जाया गया था। बीएसएफ किशनगंज के सेक्टर कमांडर ने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के सेक्टर कमांडर ठाकुरगांव और 42वीं बटालियन बीजीबी के कमांडिंग ऑफिसर से संपर्क कर इसकी जानकारी दी और उनसे इस घटना में शामिल बांग्लादेशी तस्करों को गिरफ्तार करने और तस्करी किए गए तीनों जानवरों को बीएसएफ को वापस करने का अनुरोध किया गया। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल तस्करी किए गए तीन जानवरों को भी बीएसएफ को वापस कर दिया।

## राज्यस्तरीय विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता नवादा एवं उप विजेता जमुई की टीम हुई सम्मानित

**सहरसा।** स्थानीय स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता( बालक ) अंतर्गत विजेता नवादा एवं उप विजेता जमुई की टीम को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा ट्रॉफी एवं खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने अपने संबोधन में क्रिकेट प्रतियोगिता के सम्मिलित प्रतिभागियों के खेल प्रदर्शन की सराहना की एवं उन्हें निरंतर अच्छे प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी उन खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर अवश्य प्राप्त होगा, जो वर्तमान टूनार्मेंट में किसी कारणवश बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सके है। सही दिशा में लक्ष्य केंद्रित निरंतर कठोर परिश्रम इच्छित सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है।अतः युवाओं को अनवरत कठोर परिश्रम हेतु प्रेरित होना चाहिए। खेल ,पढ़ाई को समान महत्व देना चाहिए,जो सुखद भविष्य के लिए आवश्यक है।

## कांग्रेस से होगें सवर्ण व मुस्लिम दो डिप्टी सीएम : राष्ट्रीय सचिव शहनबाज आलम

**सहरसा।** जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला, प्रखंड के कोंग्रेसी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार झा की अध्यक्षता में बैठक में हुई। इस बैठक में शाहनवाज आलम, राष्ट्रीय सचिव, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी सह बिहार प्रभारी उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी से लोग काफी प्रभावित हैं। जिसके कारण काफी सफलता हासिल हुई है। वही भाजपा सरकार को वैशाखी पर टिकने को मजबूर किया। साथ ही बिहार में आगामी चुनाव स्थानीय मुद्दों को लेकर जोर शोर से लड़ेगी। बिहार में दो इंजन की सरकार अब विफल हो चुकी है। प्रदेश प्रतिदिन गरीब होता जा रहा है क्योंकि प्रदेश से रोजाना हजारों लोग मजदूरी के लिए घर द्वार छोड़कर पलायन कर रहे हैं। बिहार को छोड़ भारत के किसी प्रदेश के लोग मजदूरी करने अपने प्रदेश से बाहर नहीं जाते हैं देश की राजनीति में जाति, धर्म और साम्प्रदायिकता आ गईं है। इस वास्ते कांग्रेस सामाजिक समीकरण बनाएगी और आगामी चुनाव हर हालत में जीतेगी।उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार या महागठबंधन की सरकार में पार्टी दो उप मुख्यमंत्री बनाएगी। जिसमें एक स्वर्ण जाति से और दूसरा मुस्लिम से होगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य और वरीय नेता डॉ तारानंद सादा ने कहा कि वर्ष 25 में बटेंगे -कटेंगे वाली सरकार नहीं राहुल जी की मोहब्बत वाली सरकार बनेगी।

# अभाविप ने किया राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर पोस्टर का विमोचन




एजेंसी

**अररिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की फारबिसगंज इकाई की ओर से फारबिसगंज महाविद्यालय में कॉलेज मंत्री प्रिंस कश्यप के नेतृत्व में शनिवार को गोरखपुर में 22 से 24 नवंबर को आयोजित होने वाले 70वे राष्ट्रीय अधिवेशन का पोस्टर विमोचन किया गया। मौके पर कॉलेज मंत्री प्रिंस कश्यप ने कहा कि एबीवीपी ही एक मात्र ऐसा संगठन है, जो कि हर वर्ष राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन करता है। इसी क्रम में आगामी 22 से 24 नवम्बर को गोरखपुर मैं तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर परिषद के कार्यकताओं में काफी उत्साह है। मौके पर मौजूद अभाविप अररिया, पूर्णिया पूर्व विभाग सहसंयोजक आकाश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय अधिवेशन में प्राध्यापक यशवंत राव केलकर युवा पुरस्कार दिया जाता है।इस वर्ष श्रवण बाधितों के लिए प्रशिक्षण और शैक्षणिक केंद्र के सह संस्थापक दीपेश नायर को श्रवण दिव्यांगजनो में कौशल विकास व शिक्षा के माध्यम से जीवन उद्देश्य और उत्साह उत्पन्न करने में महत्पूर्ण भूमिका निभाने को लेकर यह पुरस्कर दिया जायेगा। अभाविप के पूर्व प्रदेश कार्यकारणी सदस्य शिवम साह ने बताया देश के सभी भागों से अधिवेशन में भाग ले रही युवाशक्ति द्वारा देश की विविधता में एकता का स्वरूप दिखाई देगा। राष्ट्रीय अधिवेशन वर्तमान की शिक्षा क्षेत्र की परिवर्तनकारी स्थितियों सहित समाज, युवाओं व शिक्षा संबंधी विषयों को प्रमुखता से रेखांकित करने वाला होगा।नगर मंत्री कृतिक आर्या ने कहा कि राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर परिषद कार्यकताओं द्वारा प्रचार प्रसार किया जाएगा। इसके लिए दीवार लेखन तथा पोस्टर लगाने का अभियान चलाया जाएगा। मौके पर नगर मंत्री कृतिक आर्या,सह मंत्री आयुष भगत , कॉलेज मंत्री प्रिंस कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पैक्स चुनाव में सदस्य पद के लिए नौ उम्मीदवारों ने भरे पर्ची

**फारबिसगंज/अररिया।** आगामी 29 नवंबर को होने वाले कमलदाहा, कुआड़ी व सिकटिया पैक्स चुनाव का नामांकन के पहले दिन शनिवार को सदस्य पद के लिए नौ अभ्यर्थियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया गया। पर्चा निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ नेहा कुमारी व बीपीआरओ अमित मिश्रा के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया गया। निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि तीन पैक्स में से कहीं से भी अध्यक्ष पद के लिए पर्चा दाखिल नहीं किया है। यही नहीं कमलदाहा व सिकटिया पैक्स में किसी भी पद के लिए पर्चा दाखिल नहीं किया गया है। जबकि कुआड़ी पैक्स के लिए नौ सदस्यों ने पर्चा दाखिल किया है।

## सड़क दुघर्टना में महिला की मौत

**डेहरी आन सोन।** रोहतास जिले के नटवार थाना के दिनारा - बिक्रमगंज पथ पर शनिवार को सड़क दुघर्टना में महिला की मौत हो गई है। मृतिका मिल्की निवासी जितेन्द्र पांडेय की 55 वर्षीय पत्नी कलावती देवी है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मृतिका अपने गांव मिल्की से कहीं जा रही थी इसी बीच तेज गति से आ रहा अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जबकि बाइक सवार बाइक लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों ने इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाने लगे। इसी क्रम में रास्ते में ही महिला की मौत हो गई।

## जमुई में पीएम मोदी ने थामी पूर्णिया के कलाकार पवन इक्का के हाथ से खंजरी

एजेंसी

**पूर्णिया।** बिहार के जमुई में आयोजित जनजाति गौरव दिवस 2024 समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कलाकारों के साथ सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाया। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र पूर्णिया के कला भवन नाट्य विभाग की प्रस्तुति रही, जिसका संयोजन प्रसिद्ध रंगकर्मी विश्वजीत कुमार सिंह ने किया। समारोह की एक रोचक घटना में, प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्णिया के आदिवासी कलाकार पवन इक्का द्वारा लकड़ी से निर्मित घुंघरू वाली खंजरी को स्वयं बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। हुआ क्योंकि पीएम मोदी के स्वागत में अन्य टीमों के साथ पूर्णिया के कलाकारों की टीम मोदी के स्वागत में खड़े होकर आदिवासी वाद्य घुंघरू जड़ित झंझरी बजा रहे थे।

# जमीन संबंधित फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, मास्टरमाइंड निकला नियोजित शिक्षक



एजेंसी

**पश्चिम चंपारण (बगहा)।** बगहा पुलिस जिला अंतर्गत चौतरवा थाना क्षेत्र में एक जमीन संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले एक बड़े सिंडिकेट का खुलासा हुआ है। बगहा एक अंचलाधिकारी नर्मदा श्रीवास्तव की सूचना पर शनिवार की सुबह हुई छापेमारी में गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए मास्टरमाइंड सरकारी शिक्षक किसुनदेव प्रसाद और उसके सहयोगी मुकेश साह को गिरफ्तार किया गया है, यह गिरोह भोले-भाले लोगों से लाखों रुपए ठग कर नकली कागजात बनाता था। सीओ नर्मदा श्रीवास्तव ने बतायी कि यह फजीर्वाड़ा चौतरवा से महज करीब 1 किलो मीटर की दूरी पर चौतरवा धनहा मुख्य मार्ग में भाड़े का मकान लेकर इस काम को बड़ी आसानी से करते आ रहे थे। छापेमारी के दौरान कंप्यूटर, मोबाइल और जमीन से जुड़े कई फर्जी कागजात बरामद किए गए हैं।मास्टरमाइंड किसुनदेव प्रसाद, जो धनहा के डीही रा० म० विद्यालय में नियोजित शिक्षक के पद पर कार्यरत है। इनके साथ ही बैरिया थाना के तधवा नंदपुर गांव निवासी मुकेश प्रसाद को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी के दौरान गिरोह के अड्डा से कंप्यूटर, मोबाइल, और कई नकली जमीन संबंधित दस्तावेज बरामद किये गये हैं। उक्त दोनों साथ मिलकर जमीन के दाखिल-खारिज,रसीद और पट्टा तैयार करने का काम करते थे। इस गिरोह ने कई ग्रामीणों से मोटी रकम लूटी है। इसमें पतिलार हाता टोला निवासी सत्यनारायण कोइरी की पत्नी सहोदरा देवी ने 19,000 हजार रुपए, पतिलार के असर्फी यादव का बेटा कमलेश यादव ने 20,000 रुपया लगुनाहा के किशोर यादव से 20,000 रुपया लिया था। इसके साथ ही बहुत सारे अन्य लोगों से भी पैसे लिया गया है। सीओ ने बतायी कि गिरोह के लोग नकली कागजात तैयार कर ग्रामीणों को जमीन का मालिकाना हक देने का झांसा देते थे। इस प्रक्रिया में लाखों की ठगी की गई। शुरूआती जांच में पता चला है कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय थी। इसके तार अन्य क्षेत्रों तक फैले हो सकते है। सीओ नर्मदा श्रीवास्तव,आरओ विकास कुमार और चौतरवा थाना के एसआई प्रमोद कुमार की टीम मामले की जांच कर रही है। सीओ नर्मदा श्रीवास्तव ने बतायी कि इस गिरोह का भंडाफोड़ नाटकीय ढंग से किया गया है। ताकि किसी को कोई शक न हो। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के जरिए गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान की जा रही है। मौके पर बगहा एक बीडीओ प्रदीप कुमार, मधुबनी सीओ नंदलाल राम,बगहा एक आरओ विकास कुमार, चौतरवा थाना के एसआई प्रमोद कुमार सहित पुलिस कर्मी एवं अंचल गार्ड मौजूद थे।

## अवैध खनन ने ले ली तीन वर्षीय मासूम की जान

**किशनगंज।** जिले के सुखानी थाना क्षेत्र के कोवालडांगी में तालाब जैसे गढ्ढे में डुबने से शनिवार तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोवालडांगी में एक वर्षों से बालू का अवैध खनन किया जा रहा है जिसके कारण तालाब जैसा गढ्ढा बन गया है। लोगों का कहना है कि बच्चा बालू पर खेल रहा था तभी उसका पैर फीसला और पानी से भरे गड्ढे में गिर गया जहां डुबने से तीन वर्षीय पियूजीत पिता गोपाल सिंह की मृत्यु हो गई है। कुछ लोगों ने नाम न बताने के शर्त पर कहा कि किसी इकरामुल नामक व्यक्ति पर एक साल से उक्त स्थल पर अवैध खनन करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद से परिवार सहित गांव में मातम पसरा हुआ है। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो० रसमुद्दीन फैज ने दुःख जताया है और अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की है जिससे की फिर भविष्य में ऐसी घटना न हो। इस पर प्रशासन को संज्ञान लेने की आवश्यकता है। स्थानीय थानाध्यक्ष धर्मपाल कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस को लेकर संगोष्ठी आयोजित

भागलपुर। राष्ट्रीय प्रेस दिवस को लेकर शनिवार को समीक्षा भवन में चेंजिंग नेचर ऑफ प्रेस विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने की। जबकि इस अवसर पर जिले के प्रमुख पदाधिकारी और मीडिया कर्मी उपस्थित रहे। संगोष्ठी में जिलाधिकारी ने प्रेस की महत्ता पर प्रकाश डाला। मीडिया में आई खबरों पर प्रशासनिक सुधार की गुंजाइश और मीडिया में भ्रामक खबरों के प्रकाशन-प्रसारण से होने वाली समस्याओं के बारे में बताया। इस अवसर पर डीडीसी प्रदीप कुमार सिंह, जनसंपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक नागेंद्र कुमार गुप्ता, सामान्य शाखा प्रभारी कुमार मिथिलेश प्रसाद सिंह, विधि शाखा के प्रभारी कृष्ण मोहन, ईस्टर्न बिहार ऑफ प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव सिद्धार्थ, अनुज कुमार शिवलोचन, पत्रकार श्यामानंद सिंह, सुबोध कुमार, आलोक झा, रवि आर्यन, आशीष रंजन, संजय कुमार, मिलिंद गुंजन, हनी झा, सुमित कुमार, विकास कुमार सिंह, कुणाल शेखर, शंभू भगत, राहुल कुमार सिंह, विनोद कुमार, सत्यपाल सिंह, संतोष कुमार, अरशद सहित जिले के कई पत्रकार मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## बिजनौर में सड़क हादसा, दूल्हा-दुल्हन समेत सात की मौत

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में शुक्रवार देर रात करीब 2.30 बजे एक कार ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दूल्हा-दुल्हन सहित सात लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जान गंवाने वाले सभी लोग ऑटो में सवार थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है और जिला प्रशासन को पीड़ितों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं। पुलिस के मुताबिक जिले के थाना धामपुर के हरिद्वार-काशीपुर नेशनल हाई-वे पर स्थित फायर स्टेशन के पास शुक्रवार देर रात करीब 2:30 बजे यह हादसा हुआ। घने कोहरे के कारण कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी।

## फिल्म कुबेर की पहली झलक रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के स्टार धनुष, नागार्जुन अक्किनेनी और रश्मिका मंदाना की फिल्म कुबेर की पहली झलक रिलीज हो गयी है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित फिल्म कुबेर अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। अब तक जारी किए गए पोस्टरों में धनुष को भिखारी की तरह दिखाया गया है, जिसमें लंबे बाल और दाढ़ी है। हालांकि, हाल ही में आए टीजर ने प्रशंसकों और दर्शकों को एक नए रूप को प्रकट करके आश्चर्यचकित कर दिया, जिसमें वह छोटे बालों और साफ-सुथरे चेहरे के साथ दिखाई देते हैं, जो एक अमीर आदमी जैसा दिखता है।

## बांग्लादेश के पूर्व चीफ जस्टिस करीम का निधन

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश मोहम्मद फजलुल करीम (81 वर्ष) का आज तड़के राजधानी ढाका के बांग्लादेश स्पेशलाइज्ड अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने 8 फरवरी, 2010 से 29 सितंबर, 2010 तक बांग्लादेश के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया। वह बांग्लादेश न्यायिक सेवा वेतन आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं। जस्टिस फजलुल करीम का जन्म 30 सितंबर, 1943 को चटगांव के पटिया उपजिला के सुचक्रदांडी गांव में हुआ था।

## गुजरात के कई शहरों में भूकंप के झटके

**अहमदाबाद।** गुजरात के कई शहरों में शुक्रवार की रात भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.2 मापी गई है। हालांकि अभी तक किसी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। भूकंप के कारण मेहसाणा और आसपास के इलाकों में लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक गुजरात के मेहसाणा में रात 10 बजकर 15 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जमीन के अंदर करीब 10 किमी नीचे था।

## चंद्रबाबू के छोटे भाई राममूर्ति का निधन

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू के छोटे भाई राममूर्ति नायडू का शनिवार को हैदराबाद के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी इंदिरा और दो बेटे तेलुगु फिल्म अभिनेता नारा रोहित एवं नारा गिरीश है। राममूर्ति का हैदराबाद में एआईजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। राममूर्ति का शनिवार को 12:45 बजे निधन हो गया। राममूर्ति तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) से 1994 से 1999 तक चंद्रागिरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे।

# देश में दिखने लगा है परिवर्तन : मोदी

## सरकार की अच्छी आर्थिक नीतियों और सुशासन से जनता का आत्म विश्वास बढ़ा : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने अच्छी आर्थिक नीतियों एवं सुशासन के बल पर जनता का आत्म विश्वास बढ़ाया है और गरीबों एवं मध्यम वर्ग के बीच जोखिम लेने की संस्कृति को पुर्नजीवित किया है जो भारत में बड़े बदलाव ला रही है। मोदी ने एक अखबार के 100 वर्ष पूरे होने के मौके पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यह भी कहा कि उनकी सरकार ने निवेश से रोजगार, विकास से गरिमा का जो मंत्र दिया है, उससे लोगों का जीवन आसान हुआ और उनमें सम्मान एवं स्वाभिमान का भाव पैदा हुआ जिसने देश एवं समाज के विकास को भी गति दी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने लंबे समय तक भारत की राजनीति और नीतियों को देखा है। उन्हें पहले एक जुमला अक्सर सुनाई देता था- अच्छी आर्थिकी इज बुरी राजनीति। विशेषज्ञ कहे जाने वाले लोग इसे खूब बढ़ावा देते थे। लेकिन इससे पहले की



सरकारों को हाथ पर हाथ रख कर बैठे रहने का बहाना मिल जाता था। यह एक तरह से कुशासन को, अक्षमता को छिपाने का माध्यम बन गया था। पहले सरकार इसलिए चलाई जाती थी कि बस अगला चुनाव जीत लिया जाए। चुनाव जीतने के लिए एक वोट बैंक बनाया जाता था और फिर उस वोट बैंक को खुश करने के लिए योजनाएं बनती थी। इस प्रकार की राजनीति ने सबसे बड़ा नुकसान यह किया कि देश में असंतुलित असमानता इसका दायरा बहुत बढ़ता गया। कहने को विकास बोर्ड लग जाता था दिखता नहीं था। असंतुलित अवस्था ने, इस मॉडल ने जनता का सरकारों के प्रति विश्वास तोड़ दिया।

उन्होंने कहा कि हम आज इस विश्वास को वापस लाए हैं। हमने सरकार का एक उद्देश्य तय किया है। ये उद्देश्य वोटबैंक वाली जो राजनीति होती है ना उससे हजारों मील दूर है। हमारी सरकार का उद्देश्य एक बड़ा है, विराट है, व्यापक है। हम, जनता का विकास, जनता द्वारा विकास एवं जनता के लिए विकास के मंत्र को लेकर चल रहे हैं। हमारा उद्देश्य नया भारत बनाने का है, भारत को विकसित बनाने का है। और जब हम इस विराट लक्ष्य को लेकर निकल पड़े हैं तो भारत की जनता ने भी हमें अपने विश्वास की पूंजी सौंपी है। आप कल्पना कर सकते हैं सोशल मीडिया के इस जमाने में भ्रामक प्रचार दुष्प्रचार सब कुछ चारों तरफ अपने पैर जमा करके बैठा है। इतने सारे अखबार हैं, इतने सारे चैनल हैं, उस दौर में भारत के नागरिक का विश्वास हम पर है, हमारी सरकार पर है।

उन्होंने कहा कि जब जनता का विश्वास बढ़ता है, आत्मविश्वास बढ़ता है तो देश के विकास पर एक अलग ही प्रभाव दिखता है। पुरानी विकसित सभ्यताओं से लेकर आज के विकसित देशों तक एक चीज हमेशा से आम रही है, ये आम चीज है जोखिम उठाने की संस्कृति। एक समय था जब हमारा देश पूरे विश्व के कारोबार और संस्कृति का हॉटस्पॉट था। हमारे व्यापारी एवं नाविक एक तरफ दक्षिण पूर्वी एशिया के साथ काम कर रहे थे, तो दूसरी ओर अरब, अफ्रीका और रोमन साम्राज्य से भी उनका गहरा नाता जुड़ता था। उस समय के लोगों ने जोखिम लिया और इसलिए भारत के उत्पाद एवं सेवाएं सागर के दूसरे छोर तक पहुंच पाए। आजादी के बाद हमें जोखिम लेने की इस संस्कृति को और आगे बढ़ाना था। लेकिन आजादी के बाद की सरकारों ने तब के नागरिकों को वो हौसला ही नहीं दिया, इसका परिणाम ये हुआ कि कई पीढ़ियां एक कदम आगे बढ़ाने और दो कदम पीछे खींचने में ही गुजर गई। अब बीते 10 सालों में देश में जो परिवर्तन आए हैं उन्होंने भारत के नागरिकों में जोखिम उठाने की संस्कृति को फिर से नई ऊर्जा दी है।

### स्टार्टअप्स की संख्या सवा लाख से ज्यादा

उन्होंने कहा कि आज हमारा युवा हर क्षेत्र में जोखिम उठाने लगा है। कभी एक कंपनी शुरू करना जोखिम माना जाता था, 10 साल पहले तक मुश्किल से किसी स्टार्टअप का नाम सुनते थे...आज देश में रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स की संख्या सवा लाख से ज्यादा हो गई है। एक जमाना था कि खेलों में और खेलों को पेशे के रूप में अपनाने में भी जोखिम था, लेकिन आज हमारे छोटे शहरों के नौजवान भी ये जोखिम उठाकर दुनिया में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। स्वसहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं का भी उदाहरण है। देश में करीब एक करोड़ लखपति दीदी बनी हैं। ये गांव-गांव में उद्यमी बनकर अपना कुछ बिजनेस चला रही हैं। मुझे कुछ समय पहले एक ग्रामीण महिला से संवाद करने का अवसर आया, उस महिला ने मुझे बताया था कि कैसे उसने एक ट्रैक्टर खरीदा और अपनी कमाई से पूरे परिवार की आय बढ़ा दी। एक महिला ने एक जोखिम लिया और अपने पूरे परिवार का जीवन बदल डाला। जब देश के गरीब और मध्य वर्ग के लोग जोखिम लेना शुरू कर दें तब बदलाव सही मायने में दिखने लगता है। यही हम भारत में आज होते देख रहे हैं।

## पंजाब से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का गुर्गा धराया

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने शनिवार को महाराष्ट्र पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में एक आरोपित को पंजाब के फाजिल्का से गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वह लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा हुआ है। गत माह मुंबई में बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी की पहचान फाजिल्का जिले के पक्का चिश्ती के निवासी आकाश गिल के रूप में हुई है। डीजीपी ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करके जानकारी दी कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपित लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का गुर्गा है, जो बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल शूटरों को लॉजिस्टिक सहायता प्रदान कर रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपित को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया है। एडीजीपी ने बताया कि एआईजी एजीटीएफ संदीप गोयल की निगरानी में पुलिस टीमें, बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मुंबई पुलिस के साथ निकट समन्वय से काम कर रही थीं।



### कश्मीर के गुलमर्ग में मौसम की पहली बर्फबारी

**कश्मीर में मशहूर पर्यटक स्थल गुलमर्ग में शनिवार को मौसम की पहली बर्फबारी हुई और मैदानी हिस्सों में बारिश हुई। अधिकारियों ने बताया कि हिमपात सुबह शुरू हुआ और रुक-रुक कर हो रहा है, जिससे वहां एक इंच तक बर्फ की चादर बिछ गयी है। इस बीच, श्रीनगर समेत मैदानी क्षेत्र के कई हिस्सों में बारिश हुई।**

## मणिपुर के जिरीबाम जिले से अपहृत तीन बच्चों और तीन महिलाओं के शव बरामद

**कछार।** मणिपुर के जिरीबाम जिले से अपहृत तीन महिलाओं और तीन बच्चों के शवों को शुक्रवार की देर रात को बरामद किया गया। शनिवार को सभी के शव पोस्टमार्टम के लिए असम के कछार जिला मुख्यालय शहर सिलचर स्थित सिलचर मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में लाया गया।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात को असम राइफल्स ने असम-मणिपुर सीमा के पास बराक नदी के ऊपरी हिस्से से शव बरामद किए। कुकी उग्रवादियों द्वारा इन सभी का अपहरण कर लिया गया था। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार की रात बरामद किए गए शवों में जिरीबाम जिलांतर्गत बडबेकरा थाना क्षेत्र निवासी युरेम्बम रानी देवी (60), तेलिम थोइबी देवी (31), उनकी बेटी तेलेम थाजामानबी देवी (8), लैशराम हेइतोम्बी देवी (35), उनके दो बेटे लैशराम चिंगहिंगानबा सिंह उम्र 2.5 वर्ष और लैशराम लामनगांमा सिंह उम्र 10 महीने शामिल हैं। इधर, जानकारी के अनुसार 11 नवंबर को मणिपुर के जिरीबाम जिले में सीआरपीएफ के साथ मुठभेड़ के दौरान मारे गए 10 संदिग्ध उग्रवादियों के शव शनिवार को मार समुदाय के लोगों और प्रदर्शनकारियों को सौंपे गए। शवों को मासिमपुर सैन्य अड्डे पर ले जाया जाएगा, जिसके बाद मणिपुर के चुराचांदपुर ले जाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सिलचर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के शव गृह के बाहर मार और कुकी समुदाय के लोगों की पुलिस के साथ शवों के पोस्टमार्टम को लेकर झड़प भी हुई।

## एनएचआरसी ने 10 बच्चों की मौत पर यूपी सरकार से मांगी रिपोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उत्तर प्रदेश के झांसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 10 नवजात बच्चों की मौत का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि आयोग ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है कि 15 नवंबर को झांसी जिले में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के नवजात गहन चिकित्सा कक्ष (एनआईसीयू) में आग लगने से कम से कम 10 नवजात शिशुओं की मौत हो गई। इन मौतों के अलावा कुल 16 बच्चे घायल हुए



जबकि 37 को बचा लिया गया। आयोग ने कहा कि कथित तौर पर पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी और घटना के समय मरने वाले बच्चे इनक्यूबेटर में थे। आयोग ने पाया है कि मीडिया रिपोर्ट की सामग्री वास्तव में परेशान करने वाली है और लापरवाही का संकेत देती है जिसके परिणामस्वरूप पीड़ित शिशुओं के मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन हुआ क्योंकि वे एक सरकारी संस्थान की देखभाल में थे।

## सुखबीर बादल नेअकाली दल अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़ ।** सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार को शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के प्रवक्ता दलजीत सिंह चीमा ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने नए अध्यक्ष के चुनाव का मार्ग प्रशस्त करने के लिए आज पार्टी की कार्यसमिति को अपना इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने अपने नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करने तथा पूरे कार्यकाल के दौरान पूरे दिल से समर्थन और सहयोग देने के लिए सभी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।



चीमा ने कहा कि अकाली दल कार्यसमिति के अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड़ ने 18 नवंबर को चंडीगढ़ में पार्टी कार्यसमिति की आपात बैठक बुलाई है। यह समिति सुखबीर बादल के इस्तीफे पर विचार करेगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## राहुल गांधी ने नहीं पढ़ा है संविधान सिर्फ हाथ में लेकर चिल्लाते हैं : नड्डा

एजेंसी

**मुंबई।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को ठाणे जिले में कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संविधान नहीं पढ़ा है, वे सिर्फ संविधान हाथ में लेकर चिल्लाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी संविधान पढ़े रहते तो उन्हें पता रहता कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी को बताना चाहिए जब कांग्रेस की सरकार थी, तब कितने ओबीसी मंत्री उनके सरकार में थे। साथ ही राहुल

**जब मुंबई में 26/11 का आतंकी हमला हुआ था, उस समय पाकिस्तान में डोजियर लेकर घूम रही थी यूपीए सरकार**

गांधी को यह भी बताना चाहिए कि राजीव गांधी फाउंडेशन में कांग्रेस कमेटी में कितने ओबीसी हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में पहली बार मुख्यमंत्री ने संविधान के तहत शपथ ली और अब कांग्रेस दोबारा अनुच्छेद 370 लागू करने की बात कर रही है। नड्डा ने कहा कि जब मुंबई में 26/11 का आतंकवादी हमला हुआ था, उस समय कांग्रेस की यूपीए सरकार पाकिस्तान में डोजियर लेकर घूम रही थी। उस



समय आतंकी कसाब को बिरयानी खिलाई गई, जबकि हमारी सरकार ने आतंकियों के खात्मे के लिए हवाई हमला किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता विरोधी राजनीति को खत्म कर सत्ता समर्थक राजनीति की शुरूआत की है। साथ ही देश की राजनीति की दिशा बदल दी है।

## महाकुंभ में अखाड़ों के लिए भूमि आवंटन शुरू

एजेंसी

**प्रयागराज।** प्रयागराज मेला प्राधिकरण, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद और सभी अखाड़ों के प्रतिनिधि पूज्य संतो से मिल कर परंपरा के अनुसार भूमि आवंटन का कार्य कर रहा है। प्राधिकरण की ओर से आश्वासन दिया गया है कि किसी भी सूरत में अखाड़ों को पिछले कुंभ से कम भूमि आवंटित नहीं की जाएगी। वहीं अखाड़ों को भूमि आवंटन पूरा होने के बाद अन्य संस्थानों को भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी। महाकुंभ 2025 के दिव्य भव्य

**▶▶ संगम नोज, गंगा घाटों के साथ, पाटूंन पुलों, चेकर्ड प्लेट रोड का निर्माण कार्य शुरू**

आयोजन को लेकर प्रयागराज मेला प्राधिकरण पूरे जोर शोर से तैयारियों में जुटा है। प्रयागराज शहर के सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण के साथ महाकुंभ नगरी ने भी आकार लेना शुरू कर दिया है। संगम नोज, गंगा घाटों के साथ, पाटूंन पुलों, चेकर्ड प्लेट रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। इस दिशा में महाकुंभ की पहचान साधु-संत, अखाड़ों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

## जनकपुरधाम में राम-सीता विवाह महोत्सव शुरू

### 500 लोग तिलक लेकर अयोध्या हुए रवाना, छह दिसंबर को होगी शादी

एजेंसी

**काठमांडू।** हर वर्ष पारंपरिक रूप से मनाए जाने वाले भगवान राम और सीता के विवाह महोत्सव का शुभारंभ हो चुका है। विवाह से पूर्व तिलक चढ़ाने की परंपरा के मुताबिक जनकपुरधाम से तिलक लेकर सीता माता के मायके की तरफ से करीब 500 लोग शनिवार को अयोध्या के लिए रवाना हुए। जनकपुरधाम के जानकी मंदिर परिसर में सुबह आयोजित समारोह के दौरान पूरे क्षेत्र से एकत्रित किए गए तिलक के सामान को पूरे विधि-विधान से पूजा के बाद अयोध्या के लिए रवाना किया गया। पिछले एक हफ्ते से जनकपुर और आसपास के क्षेत्र के सर्वसाधारण जनता की तरफ से सीता माता के ससुराल भेजने के लिए लोगों ने अपने-अपने घरों से उपहार भेजा है। इन उपहारों को बांस के बने दौरे में रखकर भेजा जाता है। उपहारों में मिठाई, कपड़ा, गहने इत्यादि शामिल हैं। जानकी मंदिर परिसर में



आयोजित समारोह में मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री सतीश कुमार सिंह, जानकी मंदिर के उत्तराधिकारी महंथ रामरोशन दास तथा जनकपुरधाम के मेयर मनोज साह के नेतृत्व में करीब 500 लोगों का समूह सौ वाहनों से अयोध्या के लिए रवाना हुआ। यह तिलक जनकपुर से बीरगंज होते हुए बिहार के रक्सौल में प्रवेश करेगी और वहां से बेतिया, बाल्मीकिनगर से गोरखपुर होते हुए रविवार को अयोध्या पहुंचेगी। इस समारोह का समन्वय कर रहे विश्व हिंदू परिषद नेपाल के महासचिव जितेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार को अयोध्या के कारसेवकपुरम में तिलकोत्सव का आयोजन किया गया है। जानकी मंदिर और जनकपुरधाम से गए तिलक के भार को उसी दिन श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज को सौंपा जाएगा। उसी समारोह में भगवान राम के परिवार को 6 दिसंबर को होने वाले विवाह महोत्सव में बारात लेकर आने के लिए निमंत्रण भी सौंपा जाएगा।

